www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 26 मई , 2024

वर्ष – 17 | अंक –50 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
अतिथि तुम कब जाओगे? पृष्ठ 06

बक्सर में होगा बहुकोणीय मुकाबला पृष्ठ 10

अनंतनाग-राजौरी में बही लोकतंत्र की बयार पृष्ठ 02

■ तानाशाही, बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ किया...
■ वोटिंग को लेकर मुस्लिम मतदाताओं में दिखा... 03

■ एससीओ देश चाबहार पोर्ट व आईएनएस ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का कर...
■ इजरायल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश का पालन करे : क्रिस बोवेन 07

लोक पर्व





■ नई दिल्ली, 25 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को मतदान किया। राहुल गांधी ने देशवासियों से नफरत तथा झूठ की राजनीति खत्म करने के लिए इंडिया समूह को वोट देने की अपील की। श्री गांधी ने वोट डालने के बाद मतदान करने का निशान दिखाते हुए अपनी मां के साथ सेल्फी ली और देशवासियों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा, 'मां और मैंने लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना योगदान दिया । आप सब भी बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलिए अपने अधिकार और परिवार के भविष्य के लिए वोट कीजिए।'

# छठे चरण में 59 प्रतिशत से अधिक मतदान

## पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक व उत्तर प्रदेश में सबसे कम वोट पड़े

### आठ राज्यों की 58 सीटों पर हुआ मतदान

### अनंतनाग-राजौरी सीट पर रिकॉर्ड मत पड़े

**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केन्द्रों पर मतदाताओं के बीच छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर 59.01 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 78.19 प्रतिशत वोट डाले गए, जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भारी सुरक्षा के बीच 52.28 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला, जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। आयोग के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 53.30, हरियाणा में 58.27, झारखंड में 62.74, दिल्ली में 54.48 और ओडिशा में 60.07 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

विभिन्न जगहों पर कई मतदान केन्द्रों में सुबह मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पश्चिम बंगाल के कुछ मतदान केन्द्रों और जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में एकआध स्थान पर कुछ गुटों के बीच हल्की झड़प की घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण रहा। पश्चिम बंगाल में आदिवासी बहुल झारग्राम इलाके में मतदाताओं के दो गुटों में झड़प हुई।



**मेनका, धर्मेंद्र प्रधान व महबूबा की किस्मत ईवीएम में कैद**

प्रमुख प्रत्याशियों में धर्मेन्द्र प्रधान, मेनका गांधी, महबूबा मुफ्ती और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया ।

### आयोग ने पांच चरणों के आंकड़े जारी किए

**आंकड़ों पर संदेह को फिर खारिज किया**

चुनाव आयोग ने मतदान के आंकड़ों को लेकर फैलाये जा रहे अविश्वास को खारिज करते हुए शनिवार को पिछले पांच चरणों में संपन्न पूरे मतदान के आंकड़े जारी किए हैं। आयोग ने आकड़ों पर संदेह को फिर से खारिज किया है। कहा कि वोटिंग के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं हो सकती है।

**पांचों चरण के आंकड़े**

| | | |
|---|---|---|
| फेज 1 | 66.14 | फीसदी |
| फेज 2 | 66.71 | फीसदी |
| फेज 3 | 65.68 | फीसदी |
| फेज 4 | 69.16 | फीसदी |
| फेज 5 | 62.20 | फीसदी |


## सार संक्षेप

### बिभव कुमार ने जमानत के लिए लगाई याचिका



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। कुमार पर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने का आरोप है। कोर्ट ने उनकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। कोर्ट ने शुक्रवार को कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### भाजपा ने कम मतदान वाले राज्यों के विधायको से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में हुए कम मतदान फीसदी से भाजपा की चिंता बढ गई हैं। पार्टी ने इसको लेकर कम मतदान वाले राज्यों के अपने विधायको 'से मतदान रिपोर्ट कार्ड तलब किया है। इसमें विधायकों को उनके क्षेत्र में हुए कम मतदान फीसदी के बारे जानकारी मांगी गई है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट कार्ड का मंथन करने के बाद पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी।

### जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसा, पंजाब के 4 पर्यटकों की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि मोगा (पंजाब) से पर्यटकों को लेकर एक वाहन श्रीनगर जा रहा था, तभी कुलगाम के मीर बाजार इलाके के पास वह चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया और सड़क से फिसल गया।

# राजकोट के शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग, 24 की मौत

**राजकोट**, 25 मई (एजेंसिया)। गुजरात के राजकोट में शनिवार को एक गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से 12 बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। शॉपिंग मॉल में गेमिंग जोन के अंदर उस समय आग लग गई, जब मॉल बच्चों से भरा हुआ था। आग पर काबू पाने के लिए पुलिस टीमें और दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए 4 लाख रुपये और प्रत्येक घायल व्यक्ति के लिए 50,000 रुपए के मुआवजे पैकेज की घोषणा की है। दुखद घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा राजकोट में आग दुर्घटना से बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, राजकोट में आग की त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। थोड़ी देर पहले उनके साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल जी ने मुझे प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, राजकोट (गुजरात) के गेम जोन में हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैंने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल जी से बात की है और इस दुर्घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की है।

प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और घायलों को इलाज मुहैया करा रहा है। मैं इस दुखद दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



■ मरने वालों में 12 बच्चे शामिल
■ मॉल के गेमिंग जोन में लगी आग

**गेमिंग जोन का मालिक गिरफ्तार**

गेमिंग जोन के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। सप्ताहांत के कारण शॉपिंग मॉल में भीड़ उमड़ पड़ी। आग की तीव्रता इतनी भीषण थी कि काफी दूर से शॉपिंग मॉल से धुआं निकलता देखा गया।

बिहार में आयोजित रैली में बिगड़े मोदी के बोल

# वोट के लिए 'मुजरा' कर रहा इंडिया गठबंधन

**पाटलिपुत्र,** 25 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इंडिया गठबंधन द्वारा दलितों और पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लूटने की कथित कोशिशों को विफल करने की कसम खाई। मोदी ने विपक्ष पर उन्होंने मुस्लिम वोट बैंक के लिए 'गुलामी' और 'मुजरा' करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी ने पटना से लगभग 40 किलोमीटर दूर पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में एक रैली में विपक्ष पर तीखा हमला किया, जहां उन्होंने अल्पसंख्यक संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी को 'कोटा से वंचित' करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसी पार्टियों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो 'वोट जिहाद' में शामिल हैं।



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इसकी धरती पर घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकारों से वंचित करने और उन्हें मुसलमानों की ओर मोड़ने की इंडिया ब्लॉक की योजनाओं को नाकाम कर दूंगा।

**मोदी के बयान पर भड़का विपक्ष**

### थक चुके हैं, बीमार हैं, इलाज की जरूरत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार में दिए मुजरे वाले बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज उन्होंने प्रधानमंत्री के मुंह से मुजरा शब्द सुना। मोदी जी ये अपना क्या हाल बना रखे हैं,कुछ लेते क्यों नहीं? अमित शाह और जेपी नड्डा को चाहिए कि तुरंत उनका इलाज करवाएं।

पुणे दुर्घटना मामला

# कोर्ट ने नाबालिग के दादा को 28 तक हिरासत में भेजा

**पुणे,** 25 मई (एजेंसियां)। पुणे की एक अदालत ने पोर्श दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दरअसल पुणे पुलिस ने दावा किया कि पोर्श दुर्घटना मामले में आरोपी किशोर के पिता और दादा सुरेंद्र अग्रवाल ने परिवार के ड्राइवर को हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले पैसे और उपहारों का लालच दिया और फिर धमकी दी।



■ ड्राइवर को धमकाने का है आरोप

इसी कड़ी को जोड़ने के लिए पुलिस ने आज नाबालिग के दादा को अदालत में पेश किया। इसमें पुलिस ने कोर्ट से नाबालिग के दादा को सात दिन की हिरासत देने का अनुरोध किया। इस पर कोर्ट ने उन्हें 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। बता दें कि इस हादसे में अनीश अवधिया और उसके साथी अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई थी। पुणे क्राइम ब्रांच की ओर से दर्ज एक नए मामले में सुरेंद्र अग्रवाल को शनिवार सुबह 3 बजे उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। पोर्शे क्रैश मामले में यह तीसरी एफआईआर है। आरोप है कि दादा ने ड्राइवर को यह दावा करने के लिए मजबूर किया कि वह 19 मई को हुई दुर्घटना के समय कार चला रहा था। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दुर्घटना के बाद वाहन चालक ने थाने में बयान दिया कि वह हादसे के समय कार चला रहा था। लेकिन पता चला है कि किशोर कार चला रहा था। कुमार ने कहा कि ड्राइवर के यरवडा थाने से जाने के बाद रास्ते में दोनों आरोपी उसे अपने बंगले पर ले गए और उसका मोबाइल फोन लेकर वहीं कैद कर दिया। अधिकारी ने कहा कि ड्राइवर पर उनके निर्देशों के अनुसार पुलिस को बयान देने का दबाव डाला गया। पहले उसे जिम्मेदारी लेने के लिए पैसे और उपहार का लालच दिया गया और फिर धमकी दी गई।

# तानाशाह की तरह काम करते हैं मोदी: खड़गे

**शिमला,** 25 मई (देशबन्धु) ।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह तानाशाह की तरह काम करते हैं और देश की जनता को उनकी तानाशाही से बचना है तो इंडिया गठबंधन को जिताकर उन्हें सत्ता से दूर रखना है। श्री खड़गे ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा इंडिया गठबंधन जनता की अधिकारों की सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। श्री मोदी तानाशाही तरीके से शासन कर रहे हैं और उनको सबक सिखाना जरूरी है। श्री मोदी को इस चुनाव में सत्ता से दूर नहीं किया गया तो देश में तानाशाही आ जाएगी। उन्होंने कहा इस चुनाव में इंडिया गठबंधन जीतने वाला है और विपक्षी दलों के गठबंधन की जीत में किसी तरह का कोई भी शक नहीं है। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह चीन से डरते हैं और कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा हिंदुस्तान में जवाहरलाल नेहरू जी और इंदिरा गांधी जी जैसे प्रधानमंत्री हुए हैं। जहां एक तरफ इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे वहीं चीन के भारत की जमीन पर कब्जा करने के बाद भी श्री नरेंद्र मोदी चुप हैं।




कांग्रेस अध्यक्ष ने शिमला में की चुनावी जनसभा

# कोलकाता बंदरगाह चक्रवात 'रेमल' के लिए तैयार

**कोलकाता,** 25 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के अध्यक्ष रथेंद्र रमन ने शनिवार को चक्रवात 'रेमल' के लिए बंदरगाह की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चक्रवात रेमल के रविवार की रात बहुत तीव्र गति की हवाओं के साथ पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों से टकराने का अनुमान है।

**बंदरगाह की तैयारियों की समीक्षा की गई**

गोदी श्रमिकों की सुरक्षा, सक्रिय उपायों और अंतर-विभागीय सहयोग पर बल देते हुए, अध्यक्ष ने सभी हितधारकों से तेजी से कार्य करने का आग्रह किया। आयातकों और निर्यातकों को सलाह दी गई है कि वे अपने कार्गो को तिरपाल से ढक दें और इसे सैंडबैग से सुरक्षित कर लें।

चिंता | *मेडिकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा*

# दुनिया में संक्रमण से हर साल हो रहीं 77 लाख मौतें

**नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)। हर साल दुनिया में संक्रमण से करीब 77 लाख मौतें हो रही हैं, जिनमें 50 लाख मौतें ऐसे जीवाणुओं के कारण हो रही हैं जो एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो गए हैं। संक्रमण की रोकथाम पर जोर दिया जाए तो हर साल करीब 7.50 लाख जिंदगियों को बचाया जा सकता है। द लैंसेट मेडिकल जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में इसका खुलासा हुआ है।**

अध्ययन के मुताबिक, निम्न और मध्यम आय वर्ग वाले देशों में सालाना रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) की वजह से 7.50 लाख लोगों की मौत हो रही है। यह तब होता है जब कोई बैक्टीरिया या वायरस रोगाणु रोधी दवाओं के लिए प्रतिरोधी हो जाते हैं। अगर इस स्थिति से बचना है तो लोगों को संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता लाने पर जोर देना चाहिए। केवल हाथों की साफ-सफाई से तीन लाख से ज्यादा लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इसके अलावा सुरक्षित पीने के पानी तक सबकी पहुंच बनाने और बच्चों के लिए नए टीके में इजाफा करने से भी कई मौतों को टाला जा सकता है।



■ साफ-सफाई से बचाई जा सकती है लाखों जान

**हाथों की साफ सफाई है बेहद जरूरी**

शोधकर्ताओं ने जब हाथ स्वच्छता के साथ-साथ उपकरणों की नियमित सफाई और रोगाणुनाशन सहित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर काम शुरू किया तो कुछ ही समय में पाया कि इनके जरिए कम से कम शुरुआती दौर में प्रति वर्ष 3.37 लाख मौतों को बचाया जा सकता है। उन्होंने पाया कि सुरक्षित पेयजल और प्रभावी स्वच्छता तक लोगों की पहुंच बनाने से प्रति वर्ष लगभग 2.5 लाख मौतों को टाला जा सकता है। इसके अलावा बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष टीकों को बढ़ावा दिया जाए तो प्रति वर्ष 1.82 लाख जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। इसके अलावा कोरोना महामारी में एंटीबायोटिक दवाओं का जबरन उपयोग हुआ, जिसने नया जोखिम पैदा किया है।

# देश

**उवाच**



"केंद्र में भाजपा सरकार आसानी से वापस नहीं लौट पाएगी। देश की जनता समझ चुकी है। मुफ्त राशन भाजपा और आरएसएस के लोग अपने घर से नहीं देते हैं। यह जनता के टैक्स से दिया जाता है।"

-मायावती, बसपा प्रमुख

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 42.0 | 31.0 |
| मुंबई | 34.0 | 30.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 30.0 |

■ आरोप-प्रत्यारोप, हिंसा, गिरफ्तारियों व धरने के बीच मतदान का पुराना रिकॉर्ड टूटा ■ एलओसी से सटे अंतिम मतदान केंद्र करमाड़ा-सियाल में दिखा जबरदस्त उत्साह



# अनंतनाग-राजौरी में बही लोकतंत्र की बयार

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 25 मई (देशबन्धु)। आरोप-प्रत्यारोप, हिंसा, गिरफ्तारियों और धरने की घटनाओं के बीच नवगठित अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र ने मतदान के अपने पिछले रिकार्ड को इस बार तोड़ दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर पांच बजे तक 51.35 प्रतिशत मतदान हुआ है। अनंतनाग-राजौरी सीट में पांच जिलों के 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। तीन बजे तक इस संसदीय क्षेत्र में 45 प्रतिशत मतदान हो चुका था। शनिवार को जिला पुंछ में पोलिंग स्टेशन शाहपुर में मतदान के दौरान दो समूहों के बीच झड़पें होने से चार लोगों को चोटें भी आईं। जबकि अनंतनाग-राजौरी सीट पर दोपहर तीन बजे तक 45 प्रतिशत मतदान हुआ। अनंतनाग-राजौरी सीट में पांच जिलों के 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 12.35 बजे दो समूह पोलिंग स्टेशन शाहपुर में अज्ञात कारणों से एक-दूसरे के बीच भिड़ गए। झड़पों के दौरान चार लोगों को चोटें लगीं और जहां उपचार के लिए जिला अस्पताल पुंछ में स्थानांतरित किया गया। उनकी पहचान जहूर दीन, शजाद अहमद, मिस सलीमा बी और मोहम्मद असलमके रूप में की गई है। इस बीच, पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है और जांच आरंभ की गई है। मतदान केंद्रों और अन्य स्थानों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बल की एक सौ पचास से अधिक कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर सशस्त्र पुलिस (जेकेएपी) और भारतीय रिजर्व पुलिस (आईआरपी) के जवानों को तैनात किया गया है। सभी मतदान केंद्रों को दो श्रेणियों में बांटा गया है पहली श्रेणी में सामान्य क्षेत्रों में पड़ने वाले मतदान केंद्र शामिल हैं जबकि दूसरी श्रेणी में संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। साल 2019 में जहां इस सीट पर 9.7 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं इस पर महज चार घंटों में ही साल 2019 के मतदान का रिकार्ड टूट गया है। 11 बजे तक इस सीट पर 23.11 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि तीन बजे तक यह 45 प्रतिशत को पार कर गया था। 18.36 लाख मतदाता 20 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला कर रहे हैं। महबूबा मुफ्ती और उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने भी अनंतनाग में मतदान किया।

## तीन घंटे के धरना-प्रदर्शन के बाद महबूबा ने डाला वोट



अनंतनाग में वोटिंग के बीच पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। महबूबा ने वोट करने के बाद स्याही दिखाते हुए कहा कि मेरे कई समर्थकों और पोलिंग एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मेरे मोबाइल फोन की आउटगोईंग काल्स भी बंद कर दी गई है। महबूबा ने कहा कि वह सुबह से कोई कॉल नहीं कर पा रही थी। अनंतनाग-राजोरी लोकसभा क्षेत्र में मतदान के दिन अचानक सेवाओं को निलंबित करने का कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया। इस बीच महबूबा मुफ्ती ने धांधलियों का आरोप लगाते हुए तीन घंटों तक सड़क पर धरना देने के उपरांत अपना वोट डाला था।

**रविंद्र रैना ने नैशहरा सेक्टर के मतदान केंद्र में डाला वोट**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने नियंत्रण रेखा के पास नैशहरा सेक्टर के मतदान केंद्र में अपना मतदान किया। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा ने इस सीट से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। हालांकि अनाधिकारिक तौर पर 'अपनी पार्टी' को समर्थन दिया गया है। रविंद्र रैना ने कहा कि अनंतनाग-राजौरी सीट पर बंपर वोटिंग हो रही है। यह देश के लोकतंत्र की जीत है। 1990 के बाद से मतदान का प्रतिशत कश्मीर के अन्य क्षेत्रों की तुलना में हमेशा कम रहा है। इस बार उम्मीद 55 से 60 प्रतिशत तक मतदान की है। अगर बात पिछले आंकड़ों की करें तो वर्ष 2019 अंनतनाग संसदीय क्षेत्र मात्र 9.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2017 में तत्कालीन सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए उपचुनाव रद करना पड़ा था। एलओसी से सटे अंतिम मतदान केंद्र पर मतदाताओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखा गया।

इस केंद्र पर 854 वोटर हैं। मतदाता ने कहा कि पहली बार बिना किसी डर के मतदान हो रहा है। मतदान के चलते सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एलओसी पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही सुरक्षा बलों की तरफ से अग्रिम इलाके पर गश्त भी की जा रही है, ताकि मतदान में किसी भी तरह की खलल न डाली जा सके। जिन गिरफ्तारियों पर हो हल्ला मचा उनके प्रति पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग ओवरग्राउंड वर्कर हैं और यह कार्रवाई चुनाव के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने कुछ ओजीडब्ल्यू, संदिग्ध पृष्ठभूमि से जुड़े संदिग्ध कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे अंतिम मतदान केंद्र पर मतदाताओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखा गया।

# लोस चुनाव के छठे चरण में उप्र में 54 फीसदी मतदान



■ प्रदेश में 15 जिलों की 14 लोकसभा सीटों में डाले गए वोट
■ सबसे अधिक अम्बेडकरनगर 61.54 व सबसे कम फूलपुर में 48.94 प्रतिशत मतदान हुआ

**लखनऊ,** 25 मई (देशबन्धु)। गर्मी के तल्ख तेवरों के बीच शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश में 15 जिलों की 14 लोकसभा सीटों में औसतन 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव के इस चरण में भाजपा सांसद मेनका गांधी, दिनेश लाल निरहुआ और सपा के धर्मेंद्र यादव के अलावा कृपा शंकर सिंह, उज्जवल रमण सिंह, लालजी वर्मा समेत 162 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मतदान वाले जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शाम छह बजे तक सुल्तानपुर में 55.50, प्रतापगढ़ में 51.60, फूलपुर में 48.94, इलाहाबाद में 51.75, अम्बेडकरनगर में 61.54, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, सन्तकबीरनगर में 52.63, लालगंज (सु) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (सु) में 54.43 और भदोही में 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रूखाबाद लोकसभा क्षेत्र में एटा जिले के एक पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुर्नमतदान 73.99 प्रतिशत हुआ। सुबह सात बजे शुरु हुए मतदान के पहले चार घंटों में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसके चलते सुबह 11 बजे तक औसत मतदान प्रतिशत 27 फीसदी से ज्यादा रहा मगर तेज धूप और गर्मी ने मतदान की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिए और लू के थपेड़ों के बीच कई मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसर गया।

**सार संक्षेप**

## कर्नाटक की यात्रा पर जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को कर्नाटक की यात्रा पर रहेंगे और बेलगावी में आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ 27 मई को कर्नाटक के बेलगावी और बेंगलुरु का दौरा करेंगे। अपनी एक दिवसीय यात्रा में पहले उपराष्ट्रपति बेलगावी पहुंचेंगे और वहां आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेडिशनल मेडिसिन के स्थापना दिवस और केएलई विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद, धनखड़ सीएसआईआर-एनएएल बेलूर परिसर का दौरा करेंगे और एलसीए और सारस हेलिकाप्टर की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। वह एनएएल में कुछ परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। उप राष्ट्रपति का बेंगलुरु के राजभवन का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

## महिला तस्कर पर नार्को एक्ट के तहत मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल कुख्यात महिला तस्कर के खिलाफ नार्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि महिला तस्कर की पहचान दीवानबाग बारामूला निवासी मुस्कान बेगम के रूप में की गई है। उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ अधिनियम में अवैध तस्करी की रोकथाम के तहत मामला दर्ज किया गया है। हिरासत में लेने के बाद उसे सेंट्रल जेल श्रीनगर में रखा गया। महिला तस्कर बारामूला शहर और जिले के अन्य इलाकों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल थी। महिला के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी उसने अपनी गतिविधियों में सुधार नहीं किया और स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके फिर से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के व्यापार को बढ़ावा देने में शामिल हो गई।




उल्टा पुल्टा

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा...

# तानाशाही, बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ किया मतदान : केजरीवाल

**नई दिल्ली**, 25 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने परिवार के साथ मतदान करने के बाद कहा कि उन्होंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला। श्री केजरीवाल ने मतदान के बाद परिवार के साथ एक्स पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा मैंने अपने पिता, पत्नी और बच्चों के साथ आज वोट डाला। मेरी माता जी की तबियत बहुत ख़राब है। वह नहीं जा पाईं। मैंने तानाशाही, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ वोट डाला। आप भी वोट डालने जरूर जाएं।

आप नेता गोपाल राय ने मतदान करने के बाद लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा संविधान को मजबूत करने के लिए, लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एंव देश को मजबूत करने के लिए, घर से निकलकर मतदान जरूर करें।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने मतदान के बाद कहा कि चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन कुछ भी गलत न हो। अगर किसी जगह पर धीमी वोटिंग होगी तो हम पुलिस और अधिकारियों से इसे ठीक करने का अनुरोध करेंगे। धीमी वोटिंग से लोगों को गर्मी में परेशानी होती है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा



मैंने तानाशाही, बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ वोट डाला। आप भी वोट डालने जरूर जाएं : **अरविंद केजरीवाल**

लोकतंत्र है। भारत के लोगों से हाथ जोड़कर अपील करूंगा कि वह संविधान को मजबूत करने, लोकतंत्र की रक्षा के लिए और तानाशाही का अंत करने के लिए वोट करें। हम सभी जानते हैं कि जब राजनीतिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था होती है तो सब कुछ संसद और विधानसभाओं के माध्यम से संचालित होता है। अच्छे प्रतिनिधि वहां जाएंगे तो स्कूलों, अस्पतालों, बिजली और पानी के लिए काम करेंगे।

उन्होंने इंडिया समूह के 300 से अधिक सीटें जीतने का दावा करते हुए कहा कि पूरे देश में भाजपा और एनडीए की हवा निकल चुकी है और उसका प्रमुख कारण है महंगाई व बेरोजगारी।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डाला वोट

### सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान किया। धनखड़ अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू में सीपीडब्ल्यूडी सेवा केंद्र स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। वह और उनकी पत्नी कतार में खड़े रहे और मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार किया। धनखड़ ने मतदान के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान कर गर्व महसूस कर रहा हूं।



# वोटिंग को लेकर मुस्लिम मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

### मतदान केंद्रों पर लगी लंबी-लंबी कतारें

**नई दिल्ली**, 25 मई (देशबन्धु)। चिलचिलाती गर्मी के बावजूद राजधानी दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जोरशोर से वोटिंग हुई। इस दौरान मुस्लिम मतदाताओं में वोटिंग को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह साढ़े छह बजे से ही मतदाता केंद्रों के बाहर भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। इस दौरान मतदान के लिए पर्ची और अपना वोट किस बूथ पर है इसकी जानकारी लेने वालों की भारी भीड़ देखी गई। दिल्ली की नॉर्थ ईस्ट लोकसभा सीट की बात करें तो यहां पर दिल्ली की सभी सीटों से ज्यादा वोटिंग हुई। इस सीट पर भाजपा के सीटिंग सांसद मनोज तिवारी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के बीच मुकाबला है। इस सीट के अंतर्गत आने वाली कई विधानसभा में मुस्लिम मतदाताओं ने अपने मत का जमकर प्रयोग किया। उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत घोंडा और बाबरपुर विधानसभा में मुस्लिम मतदाताओं में वोटिंग को लेकर उत्साह देखने को मिला। बुजुर्ग से लेकर महिलाएं, युवा और हर वर्ग के मुस्लिम मतदाता मतदान करने के लिए पहुंचे। पोलिंग बूथ पर मतदान करने आए एक मुस्लिम मतदाता ने बताया कि देश में अमन चैन, इंसानियत और भाईचारे के लिए वोट करने आए हैं। मुस्लिम महिलाएं भी अपने मत का प्रयोग करने के लिए पहुंच रही हैं। बाबरपुर विधानसभा के अंतर्गत लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल, 100 फुटा रोड पर बनाए गए पिंक बूथ पर काफी संख्या में मुस्लिम महिला मतदाताएं वोटिंग करने पहुंचीं। उधर, चांदनी चौक, पूर्वी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी समेत नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मुस्लिम बहुल इलाकों में कुछ ऐसे ही नजारा देखने को मिला।

### ओखला विधानसभा में हुआ जमकर मतदान

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली ओखला विधानसभा में मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर भीड़ बढ़ते गई।

### लोक पर्व



### सार संक्षेप

#### आम आदमी पार्टी का चरित्र भ्रम फैलाना : भाजपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में देश के छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान जारी है। इस छठे चरण में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर भी वोट डाले जा रहे हैं। अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में पीएम मोदी के काम, जिस तरह से देश को एक नई ऊंचाई मिली है। जन-जन के मन में पीएम मोदी के प्रति विश्वास है। दिल्ली की जनता के बीच भी वही विश्वास दिखाई दे रहा है। वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता खुले मन से पीएम मोदी को आशीर्वाद दे रही है। जो संकेत अभी तक मिल रहे हैं, बूथों पर लोगों से हमारी बात हो रही है, उससे यह साफ है कि पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। दिल्ली की सभी सात सीटों पर हम चुनाव जीत रहे हैं।

#### भाजपा के 400 पार वाले नारे पर कपिल सिब्बल का तंज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव का छठा चरण आज शनिवार के मतदान के साथ पूरा हो गया। मतदान के बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने भाजपा पर बडा हमला करते हुए कहा कि इन्होंने 400 पार वाले नारे को मजाक बना दिया है। जो कि जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में दलित भाजपा के साथ थे, लेकिन 2024 में हालात बदल गए हैं। इस बार वे कांग्रेस को वोट दे रहे है या समाजवादी पार्टी के साथ हैं। सिब्बल ने कहाकि पाचवें और छठे चरण में काफी बदलाव हुआ है। यही बदलाव आखिरी चरण में भी दिखाई पडेगा। उन्होंने कहाकि इस चुनाव में राममंदिर कोई मुद्दा नहीं रहा। लोग पहले चरण से ही राममंदिर नहीं बल्कि महंगाई,बेरोजगारी और स्थानीय स्तर पर असर डालने वाले अन्य मुद्दों पर बात कर रहे हैं। नतीजे आने पर पता चल जाएगा कि इन चरणों में भाजपा को कितना नुकसान हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहाकि जब अरविंद केजरीवाल को राहत दी गई तो,तब प्रधानमंत्री ने कहा कि सुंप्रीम कोर्ट केजरीवाल को स्पेशल ट्रींटमेंट कैसे दे सकता है?

#### केजरीवाल पाकिस्तान के पोस्टर ब्वॉय : भाजपा

**नई दिल्ली।** शाजिया इल्मी ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतिशी और आप के सभी नेता जानते हैं कि चुनाव में इनकी बुरी तरह से शिकस्त होने वाली है। उन्होंने कहा कि ये पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए है। सब लोग दिल और दिमाग के साथ मोदी जी को जिता रहे हैं। देश में एक बार फिर से मोदी सरकार बनने जा रही है। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी की ओर से धीमी वोटिंग के आरोपों पर शाजिया इल्मी ने निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास अब अद्भुत शक्ति आ गई है। उनको पहले ही पता चल जाता है कि क्या होने वाला है और क्या नहीं होने वाला है। आरोप लगाने में उनको महरत हासिल है। जब भी उनसे कहो कि सबूत दे दो या किस आधार पर कोई बात कह रही हैं तो हक्का-बक्का हो जाती हैं।

## फवाद हुसैन को केजरीवाल का करारा जवाब, कहा

# हमारे अंदरूनी मामलों में दखल न दें

**नई दिल्ली**, 25 मई (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पाकिस्तान की इमरान खान सरकार में मंत्री रहे फवाद हुसैन को आज करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

फवाद हुसैन लगातार भारतीय चुनाव में भाजपा विरोधी पक्ष को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं। फवाद राहुल गांधी की भी प्रशंसा कर चुके हैं और आज उन्होंने अरविंद केजरीवाल की भी प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल



■ फवाद हुसैन लगातार भाजपा विरोधी पक्ष को समर्थन देते हुए सोशल मीडिया पर कर रहे पोस्ट

ने आज मतदान के बाद सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस सोशल मीडिया पोस्ट पर फवाद हुसैन ने री ट्वीट करते हुए कहा कि भारत में चरमपंथ और नफरत फैलाने वालों को शांति और सौहार्द हरा पाए, इसकी वह कामना करते हैं।

इसके जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं और हमारे देशवासी अपने मसलों को संभालने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। आपके समर्थन की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान के हालात बहुत खराब हैं। आप अपना देश संभालिए, चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके बाद चौधरी फवाद हुसैन का भी पोस्ट आया। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में हो रहे चुनाव वहां के लोगों का मसला है।

## भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डाला वोट



# इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों सीटों पर दर्ज करेगा जीत : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली**, 25 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली की जनता का धन्यवाद किया कि भीषण गर्मी के होते हुए सभी सातों सीटों पर मतदान करने के लिए लोग घरों से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता बदलाव चाहती है क्योंकि 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने दिल्ली की जनता के लिए कुछ नही किया। भाजपा सरकार विरोधी लहर के चलते भी मतदान हुआ है जिसका सीधा फायदा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को होगा। 4 जून को दिल्ली में भाजपा सातों सीटें गंवा देगी।

देवेन्द्र यादव ने चुनाव प्रक्रिया और देखरेख के लिए पूरे दिन कई संसदीय क्षेत्रों को दौरा किया। उन्होंने परिवार सहित उत्तर पश्चिमी दिल्ली की बादली विधानसभा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय, समयपुर में अपना मतदान भी किया। चुनावी दौरे के दौरान और कार्यकर्ताओं से मिली रिपोर्ट के अनुसार कुछ जगह गड़बड़ी का मामला भी पाया और कई जगह पुलिस द्वारा मतदाताओं को मतदान केन्द्र में अंदर जाने से रोकने पर परेशानी भी हुई। मतदान केन्द्रों पर मिली गड़बड़ी और परेशानियों की शिकायत चुनाव अयोग को भी की जाएगी।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा मिली रिपोर्ट और सामने



आ रहे ट्रेंड के मुताबिक चॉदनी चौक, नार्थ ईस्ट, नार्थ वेस्ट जिन पर कांग्रेस उम्मीदवार लड़ रहे है उनके साथ इंडिया गठबंधन की बाकी चारों सीटों पर भी हम भाजपा को हराने जा रहे है। उन्होंने कहा कि इतना अधिक प्रतिशत मतदान पड़ने के बाद सीधे संकेत मिल रहे हैं कि मोदी विरोधी लहर के कारण भाजपा कहीं दिखाई नही दे रही है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज दिल्ली में लोकसभा चुनाव के समापन के बाद मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने पिछले लम्बे समय से कमर कसी हुई थी और दिल्ली के 13630 बूथों पर जिस तरह जिम्मेदारी निभाते हुए काम किया है उसके कारण ही दिल्ली के मतदाता ने घरों से निकलकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट किया है।

### प्रतिबंधित व आतंकी संगठनों से पैसा लेते हैं केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन के दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जिताने की अपील करने के बाद भाजपा ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल प्रतिबंधित और आतंकवादी संगठनों से पैसा लेते हैं और वह पाकिस्तान और देश के दुश्मन देशों से मिले हुए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आखिर पाकिस्तान का एक बड़ा नेता अरविंद केजरीवाल को क्यों जिताना चाहता है? उन्होंने कहा कि हाल ही में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने केजरीवाल और पाकिस्तान को लेकर बिल्कुल सही कहा था। केजरीवाल के भारत से ज्यादा समर्थक पाकिस्तान में हैं। केजरीवाल के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं, उन्हें दूसरे देशों से बड़े पैमाने पर फंडिंग आती है और केजरीवाल देश के साथ नहीं, देश को तोड़ने वालों के साथ हैं और देशद्रोही हैं।

# आतिशी व सौरभ भारद्वाज ने डाला वोट

**नई दिल्ली**, 25 मई (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में शनिवार को दिल्ली की सभी सातों सीटों पर मतदान चला। सुबह से ही लोग अपने मत का प्रयोग किया हैं। इसके साथ ही हर पार्टी के नेता भी अपने मतदान स्थल पर पहुंच कर अपने मत का प्रयोग कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने भी अपना वोट डाला। अपने मत का प्रयोग करने के बाद आप नेता आतिशी ने लोगों से अपील कि आज आप सभी अपना वोट महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ, तानाशाही के खिलाफ डालें। जिस तरह से विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, उसके खिलाफ वोट डालें।

आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए शुक्रवार को दिल्ली के एलजी पर पुलिस के जरिए धीमी वोटिंग करवाने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर



लिखा की ऐसी जानकारी मिली है कि एलजी ने दिल्ली पुलिस को आदेश दिए हैं कि जहां इंडिया गठबंधन के वोटर भारी संख्या में हैं, वहां पर वोटिंग धीरे करवानी है ताकि लोगों को वोट डालने में दिक्कत हो।

प्रशासन द्वारा भाजपा को जिताने का ऐसा कोई भी प्रयास गैर-कानूनी, गैर-लोकतांत्रिक और गैर-संवैधानिक है और मैं उम्मीद करती हूं कि चुनाव आयोग इसका संज्ञान लेगा, और ऐसे किसी भी प्रयास पर रोक लगाएगा।

आतिशी के इस स्टेटमेंट के बाद एलजी ने भी पलटवार किया। देर रात इसके जवाब में सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने भी एक पोस्ट डाला। उन्होंने लिखा कि आदत ही बना ली है आप ने तो ऐ केजरीवाल साहब, जिस हाल मे रहना, बस रोते हुए रहना! मैंने आपके एक मंत्री द्वारा एक संवैधानिक अधिकारी के खिलाफ चुनाव की पूर्व संध्या पर दिए गए इस अनुचित और झूठे बयान पर कड़ा रुख अपनाया है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने भी वोट डाला और कहा कि चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन कुछ भी गलत न हो। अगर किसी जगह पर धीमी वोटिंग होगी तो हम पुलिस और अधिकारियों से इसे ठीक करने का अनुरोध करेंगे। धीमी वोटिंग से गर्मी में लोगों को कितनी परेशानी हो रही है। नतीजा 4 जून को सबके सामने आ जाएगा।

# मतदान के बाद स्वाति मालीवाल ने महिलाओं से की वोट करने की अपील

**नई दिल्ली**, 25 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के पांच चरण के मतदान संपन्न हो चुके हैं। शनिवार को छठे चरण का मतदान हो रहा है। लोग अपने घरों से निकलकर वोट करने मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इस बीच, दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल भी मतदान करने पहुंचीं। मतदान के बाद उन्होंने महिलाओं पर बड़ा बयान दिया।

स्वाति ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मैं सभी लोगों से खासकर महिलाओं से अपील करती हूं



मैं सभी लोगों से खासकर महिलाओं से अपील करती हूं कि वो अपने घरों से निकलकर वोट करने पहुंचें। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका अहम है : **स्वाति मालीवाल**

कि वो अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर वोट करने पहुंचें। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका अहम है। बता दें कि सुबह सात बजे से ही दिल्ली की सभी सातों सीटों पर मतदान जारी है। मतदान केंद्रों पर लगी लंबी कतारें यह बयां करने के लिए पर्याप्त हैं कि सभी मतदाता अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों को लेकर जागरूक हैं। दिल्ली के 1.52 करोड़ मतदाता सातों उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करने जा रहे हैं। दिल्ली में 'आप' और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही है। वहीं इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने जहां चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर सात सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक व्यक्ति काली फिल्म लगी थार को बेतरकीब तरीके से चलाते हुए निजी विश्वविद्यालय के सामने दिख रहा है। थार चालक इस दौरान स्टंट कर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को डराने की कोशिश करता है। साथ ही इस दौरान तेज आवाज में अपशब्द भी बोले जा रहे हैं।

**प्रवीण कुमार सिंह, एसीपी**

## नगर आयुक्त ने किया आईसीसीसी का निरीक्षण



- कैमरा इंटीग्रेशन, वीटीएमएस व गाजियाबाद 311 ऐप, की जांची रिपोर्ट
- निगम की स्मार्ट वर्किंग से स्मार्ट बनेगा शहर : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का जायजा लिया। जिसके क्रम में उपस्थित टीम को वर्क एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए मोटिवेट भी किया। इस मौके पर आईटी टीम, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम की टीम, गाजियाबाद 311 की टीम, तथा कैमरा इंटीग्रेशन की टीम के साथ वार्ता की।

गाजियाबाद 311 ऐप के बारे में नगर आयुक्त ने विस्तार से जानकारी ली। जिसमें रिपोर्ट के अनुसार लगभग 70 प्रतिशत से अधिक तीन माह में प्राप्त समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। मार्च माह से अब तक 11590 समस्याएं प्राप्त हुई जिसमें 8756 समस्याओं पर कार्यवाही हो चुकी है। नगर आयुक्त ने गाजियाबाद 311 को लेकर टीम को वर्क एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए कहा।

वहीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम पर चल रहे कार्य को लेकर नगर आयुक्त ने टीम से वार्ता की तथा किस प्रकार जोन वार कार्य चल रहा है जानकारी ली गई, चल रहे वाहनों में जीपीएस प्रॉपर कार्य करें इस पर विशेष बल देते हुए टीम को पूरी निगरानी बनाए रखने के लिए भी कहा गया। नगर आयुक्त ने कैमरा इंटीग्रेशन पर भी उपस्थित टीम से जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि 700 कैमरा इंटीग्रेटेड हो चुके हैं। संख्या लगातार बढ़ती जा रही है शहर में सुरक्षा की दृष्टि से कैमरा इंटीग्रेशन का कार्य सफलता से हो जिसके लिए जन सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है।

## गुंजा सिंह ने प्रवर्तन जोन पांच का निरीक्षण कर कई अवैध निर्माण रुकवाए

**गाजियाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। जीडीए की प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 की प्रभारी गुंजा सिंह ने शनिवार को ग्राम-बम्हैटा व ग्राम-महरौली के कई स्थानों पर किये गए अवैध निर्माण को रुकवाया।

गुंजा सिंह दलबल के साथ बम्हैटा व ग्राम-महरौली पहुंची तथा निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि 13 मई को सील किए गए अवैध निर्माणों को सुखवीर सिंह ने वेव सिटी की डीपीआर से अलग व सड़क की सीमा से बाहर सील तोड़कर चोरी छिपे अवैध निर्माण किया गया। इसी तरह मनोज राठी द्वारा अनाधिकृत रूप से व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के निर्माण, गौरव यादव ने पारित सील आदेश के क्रम में अवैध निर्माण को विधिवत् सीलिंग के बावजूद निर्माणकर्ता द्वारा हठधर्मिता से चोरी-छिपे अवैध निर्माण किया। स्थल पर संचालित अवैध निर्माण को सख्त चेतावनी देते हुए तत्काल रूकवाया गया।

निर्देशित किया गया कि स्थल पर कोई अवैध निर्माण न होने पाये। इसके अतिरिक्त शौर्यपुरम ई-ब्लाक ग्राम-बम्हैटा के पास अवैध रूप से लगभग 02 बीघा में बिल्डर फ्लैट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। स्थल पर निर्माणकर्ता/विकासकर्ता द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखाया गया, को भी सख्त चेतावनी देते हुए रूकवा दिया गया। प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत विधिवत् स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही निर्माण अनुमन्य होगा। साथ ही जन-मानस को सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों/दुकानों का क्रय-विक्रय न करें।



## प्राग में रहने वाले व्यक्ति के फ्लैट से सामान चोरी कर ले गए किराएदार

- पुलिस ने चार नामजद समेत पांच के खिलाफ दर्ज किया मामला
- वीडियो कॉल कर फ्लैट का निरीक्षण करने पर हुई घटना की जानकारी

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। प्राग में रह रहे व्यक्ति के सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी स्थित फ्लैट से इलेक्ट्रॉनिक सामान, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर किरायेदार फरार हो गए। वीडियो कॉल कर जब पीड़ित ने फ्लैट का अवलोकन किया जब उसे चोरी की जानकारी हुई। इस मामले में पीड़ित के मुवक्किल ने चार लोगों को नामजद करते हुए कुल पांच आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। आरोपियों में सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी का सिक्योरिटी गार्ड भी शामिल है।

शिकायत में हाइड पार्क सोसाइटी निवासी पुनीत अरोरा ने बताया कि उनके क्लाइंट अमित ग्रोवर प्राग में रहते हैं। उनकी एक प्रॉपर्टी सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में है। अमित के फ्लैट को ब्रोकर सोनू और अंकित ने दो मई को किरायेदार सईद जबी और उनके भाई सुल्तान को किराये पर दिलाया था। फ्लैट में सईद जबी और सुल्तान अपने परिजन के साथ रह रहे थे। अमित के बार-बार कहने पर भी दोनों ब्रोकर ने न तो किरायेदार का सत्यापन कराया और न ही सिक्योरिटी चार्ज जमा किया। सईद जबी द्वारा अमित को एक माह का किराया दिया गया था। आरोप है कि 20 मई को पड़ोसियों ने अमित को बताया कि सईद जबी अपने परिवार को लेकर फ्लैट से कहीं अलग शिफ्ट हो गए हैं। अमित ने पड़ोसी को वीडियो कॉल कर जब अपने फ्लैट का निरीक्षण किया तो पाया कि घर से एसी,टीवी, बर्तन, मिक्सर ग्राइंडर, माइक्रोवेब, बैंक दस्तावेज, लॉकर के दस्तावेज, शेयर दस्तावेज और चाबियां समेत अन्य सामान गायब है। शिकायतकर्ता ने चोरी का आरोप सईद पर लगाया है।

उसने आशंका व्यक्ति की है चोरी की वारदात में सुपरटेक केपटाउन सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड और दोनों ब्रोकर की भी संलिप्तता है। इस मामले में पुलिस ने सईद जबी, सुल्तान, सोनू ठाकुर, अंकित कुमार और अज्ञात सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## सार संक्षेप

### नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की हालत गंभीर

**नोएडा।** सेक्टर-122 स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। सेक्टर-113 थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर 122 स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती 22 वर्षीय विजय को गंभीर हालत में शनिवार सुबह नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए वहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। मरीज दिल्ली का रहने वाला है। इस मामले में किसी ने पुलिस से शिकायत नहीं की है।

### किसानों की मांग को लेकर लखनऊ में हुई बैठक

**नोएडा।** नोएडा में किसानों की मांगों को लेकर लखनऊ में आईडीसी व चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बैठक की। इस बैठक में प्राधिकरण सीईओ ने चेयरमैन के समक्ष किसानों की मांगों को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि यदि किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड की बजाए धनराशि दी जाए तो कितना एमाउंट खर्च करना होगा। इसी तरह बढ़ी तर से मुआवजा व अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन ने संबंधित जानकारी के अलावा भी कई निर्देश दिए। जिसकी तैयारी करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। इसके बाद नोएडा में आईडीसी तीनों प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद हाईपावर कमेटी की एक बैठक होगी। जाहिर है हाई पावर कमेटी की बैठक के पहले की जा रही ये बैठक किसान की मांग के अनुरूप दस्तावेज एकत्रित करने के लिए हो रही है। ताकि किसानों की समस्या का जल्द निपटारा किया जा सके।

### जीजा के साथ रह रही महिला की संदिग्ध मौत



**गाजियाबाद।** मोदीनगर स्थित जगतपुरी कालोनी में शनिवार को जीजा के पास रह रही युवती की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। युवती के परिजनों ने जीजा पर जलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में जीजा पर महिला की दो शादी तुड़वाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस ने जीजा और उसकी पत्नी को हिरासत मे ले लिया गया था। कस्बा पतला निवासी कृष्णपाल की बेटी पुत्री राखी की पहली शादी मुरादनगर के गांव हुसैनपुर और दूसरी शादी गाजियाबाद निवासी युवक से हुई थी। काफी समय से महिला अपने जीजा विश्वास उर्फ गुड्डू के साथ मोदीनगर की जगतपुरी कालोनी में रहती थी। राखी गाजियाबाद की एक निजी कपनी में नौकरी करती थी। शनिवार को जीजा ने परिजनों को सूचना दी गई की राखी की मौत हो गई है। सूचना पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो राखी का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। उसका हाथ जला हुआ था और शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों का आरोप है कि जीजा ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर राखी की हत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का कारण का पता चलेगा।

## गंगनहर घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले महंत मुकेश की तलाश में छापेमारी




**गाजियाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। मुरादनगर में छोटा हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध गंगनहर के घाट पर महिलाओं के चेंजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले महंत मुकेश गिरि की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है, लेकिन महंत अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। दूसरी ओर सिंचाई विभाग ने विभाग की जमीन से अवैध रूप से बनाई गई दुकानों व चेंजिंग रूम को ध्वस्त कर दिया। गाजियाबाद के मुरादनगर में गंग गहर के घाट पर महिलाओं का चेंजिंग रूम बना था। जहां महिलाएं गंग नहर में नहाकर अपने कपड़े बदलती थीं। शुक्रवार को एक महिला ने अचानक चेजिंग रूम के सीसीटीवी कैमरा देखा। महिला ने इसकी शिकायत महंत से की, लेकिन महंत ने उसे तवज्जो नहीं दी, उल्टे उसे धमकाया।

तब महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। इसके बाद जांच शुरू हुई तो महंत मुकेश गिरी वहां से भाग निकला। आरोप है कि इस सीसीटीवी कैमरे का एक्सेस महंत के मोबाइल फोन में मिला है।। साथ ही दो दिन में लगभग 75 महिलाओं का डाटा रिकार्ड मिला है। डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि पुलिस महंत की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसका सुराग नहीं लगा सकी है।

## 2400 मेगावाट तक पहुंच रही नोएडा की पावर सप्लाई डिमांड

- 25 हजार इंडस्ट्री, 5 हजार कामर्शियल संस्थान की हो रही खपत
- 50 प्रतिशत कटौती की वजह सिर्फ ब्रेकडाउन

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। 'नो पावर कट जोन' गौतमबुद्ध नगर में इन दिनों बिजली कटौती से लोग परेशान है। गौतमबुद्ध नगर में बिजली की डिमांड 2400 मेगावाट के आसपास आ रही है। ये डिमांड प्रदेश में सबसे ज्यादा है। शहरी सेक्टरों में 50 प्रतिशत ब्रेकडाउन एलटी एबीसी केबल जलने से हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली लाइनों पर क्षमता से अधिक लोड और ट्रांसफार्मर पर असंतुलित लोड की वजह से सप्लाई बाधित हो रही है। यहां के सब स्टेशन ओवर लोड है। जर्जर ट्रांसमिशन के कारण ऐसा हो रहा है। सोसाइटी में मांग के अनुसार लोड कम है। इससे फाल्ट हो रहा है।

नोएडा की बात करे तो यहां प्रॉपर्टी को 7 श्रेणी में बांटा गया है। इंस्टीट्यूशनल, इंडस्ट्री, रेजिडेंसिएशल, ग्रुप हाउसिंग, हाउसिंग, कामर्शियल और विलेज। 2019 के अपडेट के बाद इनकी संख्या कुल 87 हजार प्रॉपर्टी है। ये प्राधिकरण में रजिस्टर्ड है। इसके अलावा गांवों व अवैध रूम से बनी इमारत अलग है। इन सभी बिजली की सप्लाई यूपीपीसीएल कर रहा है। ग्रेनो वेस्ट में करीब 400 सोसाइटी है। जिसमें 1.5 लाख से ज्यादा फ्लैट है। जिसमें लोग रह रहे है। यहां एनपीसीएल सप्लाई कर रहा है। दोनों मिलाकर डिमांड 2400 मेगावाट के आसपास है।

### क्यों बढ़ रही इतनी डिमांड इसे समझे

- गौतमबुद्ध नगर का अधिकतम तापमान इन दिनों 45 से 46 डिग्री के आसपास है।
- गर्मी से बचने के लिए यहां एयर कंडीशनर का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।
- नोएडा और ग्रेटरनोएडा में करीब 25 हजार औद्योगिक इकाईयां।
- 5 हजार के आसपास कामर्शियल संस्थान (मॉल, मल्टीप्लेक्स, शो रूम और दुकान)।
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के अलावा इवी गाड़ियां भी इसके दायरे में है।

### शहर में 50 प्रतिशत और गांव में 30 प्रतिशत तार टूटने और जलने से ब्रेकडाउन

उपभोक्ता परिषद ने बिजली कटौती के कारणों को लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर यूपीपीसीएल के चेयरमैन को दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहर में 33 केबी अंडरग्राउंड केबल फॉल्ट के कारण सबसे ज्यादा 15 अप्रैल से 15 मई के बीच ब्रेकडाउन हुए। ये ब्रेकडाउन एलटी एबीसी केबल के जलने के कारण हुए हैं। इस रिपोर्ट में शहर के ऐसे इलाकों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त एबीसी सर्किट डालने का सुझाव दिया गया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 30 प्रतिशत ब्रेकडाउन तार टूटने के कारण हो रहे हैं।

### 28 सौ मेगावाट तक की संभावना

जिले में इस बार बिजली की मांग अधिकतम 28 सौ मेगावाट तक पहुंचने की संभावना है। प्रदेश में यह आंकड़ा 31 हजार के पार रहेगा। ऐसे में विद्युत निगम की तरफ से लगातार ओवर लोड वाले उपकेंद्रों से लोड वितरण को लेकर काम किया जा रहा है। साथ ही अगले कुछ दिनों तक ट्रिपिंग और कटौती की भी समस्या बनी रहेगी। मौसम में बदलाव से ही लोड पर असर पड़ेगा। पारा बहुत ज्यादा होने से भी सब स्टेशन पर फाल्ट हो रहे हैं।

**प्रदेश में सर्वाधिक लोड वाले जिले**

| जिला | लोड (मेगावाट) |
|---|---|
| गौतमबुद्ध नगर | 2313 |
| लखनऊ | 1822 |
| गाजियाबाद | 1527 |
| आगरा | 1317 |
| कानपुर | 1105 |
| मेरठ | 1068 |
| प्रयागराज | 957 |

## चाइल्ड पीजीआई के फ्लैट में लगी आग

- एसी में हुआ था शॉट सर्किट

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में बने आवासीय परिसर के एक फ्लैट में आग लग गई। आग एसी में शॉट सर्किट की वजह से लगी। गनीमत रही कि आग फैली नहीं। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगते ही इसकी जानकारी परिसर में तैनात गार्ड को मिली। दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई। इससे पहले ही गार्ड ने फायर एक्सटिंग्यूशर की मदद से आग पर काबू पा लिया। चाइल्ड पीजीआई में अस्पताल के पीछे आवासीय परिसर बने हुए है। यहां डॉक्टर पैरामेडिकल स्टॉफ रहता है। इसी के टावर-4 के आठवे फ्लोर के बालकनी में रखे ऐसी के एग्जास्ट में आग लग गई। आग वायर में लगी। इससे धुंआ निकलने लगा। घरा मौजूद लोगों ने इसे देख लिया। तत्काल इसकी जानकारी गार्ड और दमकल विभाग को दी गई। गार्ड ने अग्निशमन उपकरण की मदद से आग को 20 मिनट में बुझा दिया। इसके बाद पहुंची दमकल विभाग ने मौका मुआयना किया। बताया गया कि ऐसी की वजह से लगी आग में बालकनी रखा सामान जल गया। गनीमत रही आग ऊपर के तल तक नहीं पहुंची। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-51 मेघदूतम पार्क में रखे उद्यानिक वेस्ट में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

## नोएडा में छुरा लहराकर दुकानदार को दी हत्या की धमकी

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। मोरना गांव में एक युवक खुले आम छूरा लहराता हुआ दिख रहा है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। दरअसल मोरना में स्टेशनरी की दुकान चलाने वाले दुकानदार पर एक युवक ने छुरे से हमला करने का प्रयास किया। बेखौफ युवक ने सरेराह छुरा लहराते हुए दुकानदार की हत्या करने की धमकी दी। सेक्टर-24 पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केस दुकानदार नरेंद्र गौतम की ओर से दर्ज कराया गया है।

नरेंद्र गौतम मोरना गांव में रहते हैं और घर के नीचे ही स्टेशनरी की दुकान करते हैं। शिवा नाम का युवक उसी मकान में चौथी मंजिल पर रहता है। शनिवार सुबह नौ बजे के करीब शिवा स्टेशनरी की दुकान पर आया और अपने साथी अरुण उर्फ डॉगी को भी वहीं बुला लिया। कई अन्य युवक भी मौके पर जमा हो गए। दुकान पर भीड़ जमा होता देख नरेंद्र ने शिवा और अरुण से कहा कि वह दुकान के सामने भीड़ न लगाएं क्योंकि इससे ग्राहकों को परेशानी होगी। इतनी सी बात पर अरुण उर्फ डॉगी आगबबूला हो गया और दुकानदार नरेंद्र गौतम को गाली देते हुए वहां से चला गया। कुछ ही देर बाद अरुण छुरा लेकर आया और नरेंद्र के ऊपर वार करने का प्रयास किया।

## थार से स्टंट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज की थी एफआईआर
- स्टंट के दौरान युवती को डराने की कोशिश की

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एक विश्वविद्यालय के सामने सड़क पर थार से स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। यातायात पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए थार का 35 हजार रुपए का ई-चालान किया। इस मामले में ओखला बैराज चौकी प्रभारी ने थार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया था। जिसके बाद आरोपी थार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उसकी थार को सीज कर दिया गया है।

एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक बजे के करीब सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर सात सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक व्यक्ति काली फिल्म लगी थार को बेतरकीब तरीके से चलाते हुए निजी विश्वविद्यालय के सामने दिख रहा है। थार चालक इस दौरान स्टंट कर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को डराने की कोशिश करता है। साथ ही इस दौरान तेज आवाज में अपशब्द भी बोले जा रहे हैं।

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि थार के सामने से आ रही युवती अगर सही समय पर आगे से नहीं हटती तो उसके साथ हादसा भी हो सकता था। पुलिस ने आरोपी थार चालक प्रिन्स मावी पुत्र पीतम्बर निवासी हरी नगर एक्सटेंशन पार्ट-2 जैतपुर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा थार कार को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज, चालान किया गया।

### पहले भी आए हैं ऐसे मामले

- ››12 फरवरी 2024 को 13 सेकेंड के वायरल वीडियो में ब्लैक रंग की गाड़ी से चालक निजी विश्वविद्यालय के पास स्टंट कर रहा है।
- ››13 अप्रैल 2024 को विश्वविद्यालय के पास के वायरल वीडियो में तीन छात्र कार में बैठे एक छात्र को खींचकर नीचे गिराकर पीटते हैं।
- ››31 मार्च 2024 को वीडियो वायरल होने के बाद छात्राओं के सामने कार से स्टंट करने वाले चालक का कटा 15 हजार रुपए का चालान।

## खोड़ा में सड़क पर अतिक्रमण यातायात को कर रहा प्राभावित

### अवैध रूप से लग रहा बाजार, शिकायत के बाद नहीं हो रहा समाधान

**खोड़ा,** 25 मई (देशबन्धु)। सड़कों पर अतिक्रमण से आवागमन में परेशानी होती है। चौराहों पर सुबह शाम लगने वाले जाम से लोग परेशान है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शिकायत करने पर समाधान की बजाय आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाता है। सड़क चौराहे सर्विस रोड सभी प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण देखा जा सकता है। लोगो का आरोप है कि नगर पालिका परिषद को अस्तित्व में आए छह वर्ष बीत जाने के बाद नगर को व्यवस्थित बनने की बजाय दिनों दिन स्वरूप बिगड़ रहा है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैफिक कंट्रोल करने का कोई इंतजाम नहीं है। किसी भी चौराहे या सड़क पर ट्रैफिक पुलिस की बात छोड़िए पुलिस तक की व्यवस्था नहीं है। दुकानदारों द्वारा दुकानों के सामने दोनो तरफ से तीन चार फिट रैंप बनाकर दुकानें सजा ली गई है। रही सही कसर स्ट्रीट वेंडरो ने दुकानों के सामने ठेलिया लगाकर पूरी कर ली। अधिकतर दुकानदार ठेली वालो से दो हजार से तीन हजार रुपए प्रति माह लेकर दुकानों के आगे ठेलिया लगवाते है।



### क्या वजह है अतिक्रमण की

निकाय क्षेत्र में स्ट्रीट वेंडरों के लिए कोई जगह सुनिश्चित नहीं है। सभी रेहड़ी पटरी वाले अपनी सुविधानुसार पूरे निकाय क्षेत्र के चौराहों सड़को प्रमुख बाजारों में रेहड़ी पटरी लगाते है। साप्ताहिक पैठ बाजारों की वजह से जाम लगता है। निकाय क्षेत्र में प्रतिदिन सोम बाजार मंगल बाजार बुध बाजार बृहस्पति बाजार शुक्र बाजार शनि बाजार आदि नामो से सड़को पर पैठ बजारे लगती है। लेकिन इनके लिए कोई जगह नही है। भूमाफियाओं ने नगर पालिका के अस्तित्व में आने से पहले ही स्कूल अस्पताल पार्क शमशान घाट तालाब आदि की जमीन बेच डाली। कई गलियों के रास्ते को भी बेच डाला।

### सर्विस रोड पर भी अतिक्रमण

वैसे तो निकाय क्षेत्र में कही सर्विस रोड ही नहीं है। दीपक विहार राजीव विहार प्रकाश नगर के सामने सर्विस रोड पर दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। नगर पालिका परिषद की ओर से पिछले वर्ष जून माह में प्रमुख बाजारों से अतिक्रमण हटवाया गया था। एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद अतिक्रमण पर ध्यान नहीं दिया गया। लोगो का आरोप है कि नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अवैध बेसमेंट बनवाने अवैध चौथी मंजिल का निर्माण करवाकर वसूली करने के अलावा ध्यान नहीं देते। कई नकाबपोश समाजसेवी या छोटे मोटे नेता का चोला ओढ़कर सरकारी तंत्र से गठजोड करके सरकारी जमीनों को बेच रहे है। सरकारी जमीनों को बचाने में जिला प्रशासन की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई पड़ती। नतीजन आमजन सुबह शाम लगने वाले जाम सड़को पर उड़ने वाली धूल मिट्टी के गुब्बार सड़को पर रखे जाने वाले बिल्डिंग मैटेरियल छोटे छोटे बच्चो के खेलने पार्क आदि के अभाव में परेशान है। बिजनेस और किरायेदारी की प्रथा से लोगो की समस्याएं दिन प्रतिदिन भयावह होती जा रही है।

## नोएडा में तीन दिन तक हीट वेव का रेड अलर्ट

- 43 डिग्री तक जाएगा अधिकतम तापमान
- बहुत जरुरी काम पर ही घर से निकले बाहर

**नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। नोएडा में गर्मी बढ़ने और लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहेगा। मौसम साफ रहेगा वहीं हवा की रफ्तार सात से 8 किमी प्रतिघंटा रहेगी। जिला प्रशासन की ओर से एडवाइजरी की गई है। लोग बहुत जरुरी काम हो तभी बाहर निकले। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक सीधी धूप न निकले। ऐसे में हीट स्ट्रोक होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक 26 से 28 मई तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। तीनों दिन भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसे में लोग सावधानी बरते। रिपोर्ट के मुताबिक तीनों दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक रहेगा। धूप के साथ लू चलेगी। इससे लोगों को तेज गर्मी का अहसास होगा। इसके बाद तापमान में अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जाएगी। हालांकि बादल और बारिश के आसार नहीं है। आईएमडी के मुताबिक रविवार को सुबह नौ से 10 के बीच तापमान 34 डिग्री तक रहेगा। इसके बाद तेजी से बढ़ेगा। दोपहर दो से ढाई के बीच तापमान 43 डिग्री तक जाएगा। वहीं शाम चार बजे से तापमान कम होना शुरू होगा। वहीं भीषण गर्मी के चलते नोएडा में बिजली की डिमांड भी बढ़ गई है। यहां रोजाना करीब 2400 मेगावाट की डिमांड है। इतनी ही सप्लाई की जा रही है। वहीं फाल्ट होने से कटौती भी की जा रही है।

उवाच

किसानों की समस्या के समाधान के लिए ही राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश शासन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया था और उस कमेटी के समक्ष मेरे द्वारा किसान भाइयों की समस्याओं को रख दिया गया है। भविष्य में समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाएगा।

धीरेन्द्र सिंह, जेवर विधायक

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो में 44 गांव के किसानों ने पंचायत कर जेवर विधायक के समक्ष रखी अपनी समस्याएं





**किसानों ने गांव डाढ़ा में पंचायत कर अपनी विभिन्न समस्याओं को उठाया**

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के 44 गांवों के किसानों ने शनिवार पंचायत कर अपनी समस्याओं को जेवर विधायक के समक्ष रखी। इस मौके पर किसानों ने जेवर विधायक से कहा कि हाई लेवल कमेटी गठित हो जाने के पश्चात भी अनावश्यक विलंब किसानों की समस्याओं को निस्तारित किए जाने में किया जा रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि आज ग्रेटर नोएडा की पहचान दुनिया के अच्छे शहरों में होती है और यह उन्हीं किसानों की वजह से संभव हो पाया है, जिनकी जमीनों को अधिग्रहित किया गया था। आज किसान अपना अधिकार मांग रहे हैं, तो उन्हें क्यों वंचित किया जा रहा है?

इस संबंध में किसानों ने एक ज्ञापन भी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह को सौंपा और शीघ्र अपनी समस्याओं का समाधान कराए जाने की अपेक्षा की। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा फर्ज है कि 'मैं अपने किसान भाइयों की समस्याओं को संबंधित प्राधिकरणों और सरकार तक पहुंचाऊं तथा विधानसभा के पटल पर भी रखूं। मेरा पूरा प्रयास होगा कि किसान खुशहाल रहे और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी यही चाहते हैं और उनका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण शीघ्रता से कराया जाए।'

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए ही राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश शासन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया था और उस कमेटी के समक्ष मेरे द्वारा किसान भाइयों की समस्याओं को रख दिया गया है। भविष्य में समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाएगा।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ नेता रकम सिंह भाटी के आवास पर आयोजित हुई किसानों की बैठक में ग्राम मुराशदपुर, डाढा, घंघौला, खेरपुर, कासना, सिरसा, खानपुर, डाबरा, मायंचा, रामपुर आदि ग्रामों के भागीरथ बाबू, मनोज भाटी, बुद्ध दारोगा, हरेंद्र खारी, इंदरजीत प्रधान, मनोज भाटी, ड्रा0 चंदर, जिले सिंह भाटी, ब्रजेश भाटी, राजू भाटी, लखमी ठेकेदार, पप्पू प्रधान, अजय प्रधान आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## चिलचिलाती धूप में श्री राधा स्काई गार्डन के निवासियों ने किया प्रदर्शन





**मूलभूत सुविधाओं को पूरा न करने पर बिल्डर के खिलाफ मोर्चा खोला**

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार तीसरे सप्ताह भी चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर की नाजायज लूट, मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने एवं बिल्डर के द्वारा किए गए करोड़ो के घोटाले के खिलाफ मोर्चा खोला। इस अवसर पर निवासियों ने बताया कि श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है, जिसकी मांग एवं शिकायत निवासी पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं लेकिन श्री ग्रुप बिल्डर ने आज तक ना तो मूलभूत सुविधाओं एवं जानमाल से संबंधित पेंडिंग प्रोजेक्ट के काम को पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया और ना ही कोई इरादा दिखाया। निवासियों ने बताया कि आज करीब 8-10 सालों से सोसाइटी चल रही है बावजूद इसके ना तो सोसायटी में फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स है, पूरे बेसमेंट में सीपेज एवं लीकेज है जिससे सोसायटी के टावर कमजोर होते जा रहे है ना ही स्विमिंग पूल चालू है और ना ही क्लब हाउस पूरा बनाया है, सिक्योरिटी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ भी आधा कर दिया है इसके साथ ही बिल्डर ने निवासियों से बिजली कनेक्शन एवं नया डीजल जनरेटर पावर बैकअप खरीदने के नाम पर करोड़ो रुपए का घोटाला करके आधे से भी कम क्षमता का पावर कनेक्शन एवं किराए का डीजल जनरेटर लगवा दिया, जो कि निवासियों को बिजली एवं पावर बैकअप देने के लिए बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। जिस बजह से एनपीसीएल की बिजली ट्रिप होती रहती है और एनपीसीएल की बिजली जाने की स्थिति में जेनरेटर बिल्कुल भी नहीं चल पाता है तथा पूरी सोसाइटी अन्धकारमय हो जाती है जिस बजह से ना तो घरो में बिजली जलती है, ना ही लिफ्ट चल पाती है और सोसाइटी के करीब 1300 परिवार, बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चों के साथ हाउस अरेस्ट हो जाते हैं एवं किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं लेकिन फिर भी बिल्डर की लूट चालू है और भी बहुत सारी समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। निवासियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की डूबे हुए प्रोजेक्ट को रिवाइव करने की नयी पॉलिसी के अनुसार श्री राधा स्काई गार्डन सोसायटी को हवेलिया ग्रुप को को-डेवलपर के रूप में आवंटन कर दी गई है, जिसके बाद अब सोसायटी के हालात पहले से भी ज्यादा खराब हो गए हैं, क्योंकि अब बिल्डर एवं सोसायटी के असली मालिक का ही पता नहीं चल पा रहा है और बिल्डर की गुंडागर्दी एवं तानाशाही पूरे चरम पर है। निवासियों ने बताया कि आज श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार तीसरे सप्ताह भी चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर की नाजायज लूट, मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने एवं बिल्डर के द्वारा किए गए करोड़ो के घोटाले के खिलाफमोर्चा खोला जिसमें रेजिडेंट बिल्डर के हाई ग्रीन्स कंपनी वाले मेंटेनेंस ऑफिस, सेल्स ऑफिस, सीआरएम ऑफिस एवं प्रोजैक्ट ऑफिस पहुंचकर अपनी समस्या बताना चाही जहां पर सभी जिम्मेदार अधिकारी नदारद थे, जब भी निवासीगण बिल्डर के किसी जिम्मेदार व्यक्ति, अधिकारी या फिर डायरेक्टर्स से मिलने की कोशिश करते है तो निवासियों को या तो निराशा हाथ लगती है क्योंकि हमारे इस फ्रॉड बिल्डर का ध्यान निवासियों के हित में ही नहीं, क्योंकि उनका ध्यान सिर्फ और सिर्फ नाजायज तरीके से निवासियों को लूटने का है।



## ललिता धवन स्कॉलरशिप अवॉर्ड से बच्चे हुए सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में सत्र 2023-24 में सी. बी. एस. ई की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को ललिता धवन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कक्षा दसवीं व बारहवीं के तीनों स्ट्रीम में सर्वाधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को दिया गया। इस अवसर पर समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टेन प्रवीन रॉय ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप धनराशि और सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे। इस समारोह में कक्षा दसवीं और ग्यारहवीं में अपना अथक परिश्रम और योगदान देने वाली अध्यापिका और अध्यापकों को सम्मानित किया गया। समसारा विद्यालय की प्रबंधकीय समिति ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों और अध्यापक-अध्यापिकाओं को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्या कैप्टेन प्रवीन रॉय ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को इस महत्वपूर्ण अवसर पर बधाई दी और सभी अध्यापिकाओं को इसी प्रकार कड़ी मेहनत कर देश के भविष्य को संवारने की बात कही।

## बिजली कटौती से औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन प्रभावित

- आईईए ने निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई करने की रखी मांग
- निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई की जाए



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। साइट-5, कासना स्थित औद्योगिक क्षेत्र में अभूतपूर्व बिजली संकट का सामना कर रहा है, लगातार बिजली कटौती से उत्पादन बाधित हो रहा है और फैक्ट्री मालिकों को काफी नुकसान हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से, साइट-5 में प्रतिदिन 4-5 बार की बिजली कटौती हो रही है, उद्योगों के संचालन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। अविश्वसनीय बिजली आपूर्ति के परिणामस्वरूप उत्पादन में देरी हुई, मशीनरी क्षतिग्रस्त हो रही है और कच्चा माल बर्बाद हुआ। इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन किस साइड 5 के सेक्टर सेक्रेटरी प्रमोद झा ने बताया फैक्ट्री मालिक समय सीमा पर ऑर्डर पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, स्थिति न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है बल्कि राष्ट्रीय औद्योगिक उत्पादन पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हम बहुमूल्य उत्पादन समय खो रहे हैं और इन बिजली कटौती के कारण नुकसान उठा रहे हैं। अगर स्थिति जारी रही, तो हम लोगो को कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और अपना परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

अमित उपाध्याय, अध्यक्ष, इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन ने बताया कि इन दोनों बिजली की संकट से उद्यमी जूझ रहे हैं, अघोषित बिजली से कंपनियों में उत्पादन प्रभावित हो रहा है, 1 दिन में कई बार बिजली काटने से कंपनियों में उत्पादन कार्य प्रभावित हो रहा है, जिसकी वजह से उद्यमी परेशान है। बिजली कंपनी व सरकार से हमारी मांग है कि निर्बाध रूप से बिजली की सप्लाई की जाए, ताकि उत्पादन कार्यक्रम प्रभावित हो।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पर महिलाकर्मी द्वारा छेड़छाड़ का मामला दर्ज

- घटना के करीब 3 महीने बाद हुआ मामला दर्ज

**दनकौर,** 25 मई (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दनकौर पर तैनात लैब सुपरवाइजर महिला ने प्रभारी डॉक्टर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि करीब 3 महीने पहले उसने मामले की शिकायत की थी। लेकिन उस दौरान पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब अधिकारियों के आदेश के बाद प्रभारी डॉक्टर पर शनिवार को कोतवाली में केस दर्ज हुआ है। पुलिस का कहना है कि जांच कर मामले में कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा निवासी एक महिला दनकौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लैब सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 16 मार्च को उसे एक कागज पर प्रभारी के साइन लेने थे। कई बार प्रभारी के कक्ष में गई। लेकिन हर बार बाद में साइन करने की बात कहकर टरका दिया। शाम को प्रभारी केंद्र परिसर में टहलते दिखे तो साइन के लिए कहा। प्रभारी उसे अपने साथ साइन करने के बहाने अपने रात्रि कक्ष में ले गए और कागज पर साइन कर दिए। जब वह कक्ष से बाहर जाने लगे तो प्रभारी ने पीछे से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगे। किसी तरह वह कक्ष से बाहर निकल आई और एक अन्य महिला कर्मी को घटना के बारे में बताया। साथ ही सीएमओ को भी घटना से अवगत कराया था। साथ ही कोतवाली पहुंचकर भी शिकायती पत्र दिया था। लेकिन कहीं पर भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने महिला आयोग समेत पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों से मामले की शिकायत की। इसके बाद शनिवार को इस मामले में प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार के खिलाफकोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि महिला की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सबसे प्रभावशाली युवा लीडर का कार्तिकेय अग्रवाल को मिला पुरस्कार



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस संस्थान के सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल को एशिया और अमेरिका के अग्रणी प्रकाशन हॉउस में से एक 'एशिया वन' ने सबसे प्रभावशाली युवा लीडर 2023-24 के रूप में मान्यता दी और मोस्ट इन्फ्लुएंशियल लीडर अवार्ड देकर सम्मानित किया। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में अवार्ड को लेते हुए कार्तिकेय अग्रवाल ने कहा कि संस्थान अपने अनुभवी फैकल्टी के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर लगातार ध्यान देती आई है। और हम रिसर्च और इंनोवेशन पर निवेश कर रहे हैं। वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को दर्शाता है। उनके अथक और सफल प्रयासों के लिए बधाई देता हूं। जीएल बजाज प्रदेश में शिक्षा, अनुसंधान और नई खोज के प्रति समर्पित है। साथ ही साथ देश के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले लीडरों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल की इस उपलब्धि पर कॉलेज के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य की पहचान हैं।


नाम परिवर्तन

मैं संजय चौधरी पुत्र देवराज सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा ने अपना नाम संजय चौधरी से बदलकर संजय सिंह कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए संजय सिंह के नाम से जाना जाएगा।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009



देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655



Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## चोरों ने निर्माणाधीन साइड से कीमती सामान किया साफ

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक बिल्डर की निर्माणाधीन साइट से कीमती सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। बिल्डर प्रबंधन की तरफ से मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बिल्डर प्रबंधन की तरफसे भूपेंद्र कुमार ने शिकायत की है। भूपेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी साइट से वायर और पाइप समेत कीमती सामान चोरी किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले दो-तीन दिन में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। आशंका है कि चोरों ने धीरे-धीरे सामान साफ किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है की घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है। सीसीटीवी के माध्यम से चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## किसानों को नोटिस देकर किया जा रहा परेशानः राकियू

**रबूपुरा,** 25 मई (देशबन्धु)। यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 का पालन नहीं किया जा रहा है। कहने को तो जिले भर में तीन-तीन प्राधिकरण कार्यरत है। लेकिन समस्या समाधान के नाम पर मात्र औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में आबादियों को बगैर चिन्हित किए किसानों को असवैधानिक रूप से नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। उक्त बातें राष्ट्रीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी इकपाल सिंह ने शनिवार को तिरथली गांव में आयोजित बैठक के दौरान कहीं। साथ ही आरोप लगाया है कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी जेवर तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। प्राधिकरण में सम्मिलित गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है तथा सरकार की योजना मात्र कागजों में सिमट कर रह जा रही हैं। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज आदि की समस्याएं बड़ी हुई है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया तो तहसील का घेराव कर आंदोलन किया जाए। बैठक की अध्यक्षता इम्तियाज अली व संचालन वीरेंद्र छोंकर ने किया तथा शाहिद, कुलदीप छोंकर, राजेश सिंह, फहीमुद्दीन खान, सोनू सिंह, विजेंद्र सिंह, इरफान आदि मौजूद रहे।

## 130 मी. रोड से कल्दा गांव तक सड़क बनाने की मांग के लिए ओएसडी से की मुलाकात

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। करप्शन फ्री इंडिया सामाजिक संगठन ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा से मुलाकात कर यह मांग की है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित 130 मीटर रोड सैनी सुनपरा से वाया बादलपुर ईस्टर्न पेरिफेरल हाइवे ग्राम कल्दा तक सड़क संपर्क मार्ग निर्माण जो सन 2008 से भूमि अधिग्रहण पूरा हो जाने के बावजूद भी 16 वर्षों से अधूरा ही छूटा हुआ है, इसका निर्माण कार्य जन सुविधा और दादरी व इसके आसपास के सभी गावों के विकास हेतु जल्द ही पूरा करने के लिए सीईओ के नाम ओएसडी हिमांशु वर्मा को पत्र दिया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक सदस्य आलोक नागर ने बताया कि इस मार्ग का निर्माण दादरी और इसके आसपास के अनेकों गावों के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। इस सड़क मार्ग के पूर्ण ना हो पाने के कारण क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए दिन प्रतिदिन इसके आसपास के महानगरों नोएडा और गाज़ियाबाद तक पहुंच बहुत ही कठिन और दयनीय स्थिति में है। आलोक नागर ने कहा कि जब तक ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन को जीटी रोड साइड के गांव से जोड़ने के लिए सही यातायात मार्ग नहीं होगा तब तक नए ग्रेटर नोएडा के विकास कि कल्पना संभव नहीं है यही मांग है कि ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन 130 मीटर रोड सैनी सुनपरा से - वाया बादलपुर- ईस्टर्न पेरिफेरल हाइवे ग्राम कल्दा तक सड़क संपर्क मार्ग निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है ताकि सादुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग पर भी रोजमर्रा लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके और दादरी व इसके आसपास के सभी गांवों कातेजी से विकास संभव हो सकें। इस दौरान-संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय, मास्टर दिनेश नागर, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान, राकेश नागर, श्रीराम नागर, टीटू भाटी, गौरव भाटी, मास्टर विकल भाटी, राकेश नागर, नीरज भाटी, कुलबीर भाटी आदि लोग मौजूद रहे।



## थायरॉइड से भारत में 4.2 करोड़ लोग प्रभावित, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जताई चिंता



**विश्व थायरॉइड दिवस पर विशेष**

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। विश्व थायरॉइड दिवस के अवसर पर जारी आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 20 करोड़ लोग थायरॉइड की बीमारी से पीड़ित हैं, जिनमें से अकेले भारत में 4.2 करोड़ लोग शामिल हैं। यह स्थिति अक्सर बिना लक्षणों के विकसित होती है और महत्वपूर्ण अंगों के कार्य, विकास और मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाली गर्दन में तितली के आकार की ग्रंथि को प्रभावित करती है। फोर्टिस अस्पताल, ग्रेटर नोएडा के इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट के एडिशनल डायरेक्टर, डॉ. दिनेश कुमार त्यागी ने थायरॉइड की बीमारी के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि थायरॉइड में असंतुलन बच्चों में मानसिक विकास को प्रभावित करने वाले क्रेटिनिज्म से लेकर मोटापा, सूखी त्वचा, कर्कश आवाज, शरीर की धीमी प्रतिक्रिया, कमजोर हड्डियां, बांझपन और यदि घातक ट्यूमर विकसित हो जाए तो कैंसर जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। थायरॉइड की अति सक्रियता (हाइपरथायरायडिज्म) वजन घटाने, घबराहट, सांस फूलना, कार्डिएक एरिथ्मिया (दिल की अनियमित धड़कन), हृदय गति का रुकना, सूजन और आंखों का बाहर निकलना (एक्सोफ्थाल्मोस) जैसे लक्षण पैदा करती है। गोइटर, एक सामान्य थायरॉइड की बीमारी है, जो गर्दन में एक गांठ के रूप में प्रकट होता है, जिससे सांस लेने और खांसने में कठिनाई होती है। हार्मोनल उतार-चढ़ाव, ऑटोइम्यून बीमारियां, गर्भावस्था, थायरॉइड कैंसर और आयोडीन के सेवन के कारण महिलाएं थायरॉइड की बीमारी के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होती हैं। डॉ. त्यागी ने इन जोखिम के कारणों को देखते हुए महिलाओं के बीच अपने थायरॉइड स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। हालांकि कुछ थायरॉइड विकारों में वंशानुगत कारण हो सकते हैं, लेकिन सभी मामले आनुवंशिक रूप से जुड़े नहीं होते हैं। हाइपोथायरायडिज्म (कम सक्रिय थायरॉइड) और हाइपरथायरायडिज्म (अति सक्रिय थायरॉइड) दोनों महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करते हैं, जिसके लिए शीघ्र पता लगाने और इलाज की आवश्यकता होती है।

थायरॉइड स्वास्थ्य की रक्षा के लिए निवारक उपाय अपनाए जा सकते हैं। इसके लिए डॉ. त्यागी संतुलित आहार बनाए रखने, तनाव के स्तर को प्रबंधित करने, पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों के संपर्क को कम करने, आयोडीन के सेवन की निगरानी करने, नियमित थायरॉइड जांच कराने, धूम्रपान से परहेज करने और नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। जैसे-जैसे थायरॉइड विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, लोगों से नियमित जांच के माध्यम से अपने थायरॉइड स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को अपनाने की सलाह दी जाती है। सक्रिय उपायों के माध्यम से, हम इस साइलेंट बीमारी से लड़ सकते हैं और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

## कार्यशाला में पूर्व छात्र ने रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन पर दिया व्याख्यान



**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबंधु)। एक्यूरेट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के एमबीए डिपार्टमेंट में 2011-13 बैच के पूर्व छात्र अभिषेक कुमार ने रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन मानव संसाधनों के प्रबंधन की एक प्रक्रिया है जो कर्मचारियों को किसी संगठन के मुख्य उद्देश्यों, रणनीतियों और लक्ष्य से जोड़ती है यह मानव संसाधन संचालन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित होती है जैसे संगठन को प्रतिस्पर्धात्मक बनाने संस्कृतिक अनुकूलता प्रदान करने और बेहतर व्यवसायिक प्रदर्शन सुनिश्चित करने में सहायक होती है। उन्होंने प्रथम वर्ष के छात्रों को उद्योग जगत की विभिन्न प्रकार की नवीन जानकारियों से परिचित कराया, छात्रों ने भी बहुत रुचि पूर्वक सुना और अंत में संस्थान के निदेशक डॉ श्याम कुमार द्वारा उनको आने के लिए धन्यवाद दिया गया और उनको सम्मानित किया गया।

उपन्यास

# चुप क्यों हो बसंती

## स्त्री जीवन के आत्म संघर्षों का ताना बाना और समाज की रूढ़ियों से जूझने की अविरल कथा

■ रमेश शर्मा

'चुप क्यों हो बसंती' जयंती रंगनाथन का सद्य- प्रकाशित उपन्यास है। कथा कहानी के क्षेत्र में जयंती रंगनाथन एक जाना पहचाना नाम है । वे वरिष्ठ कथा लेखिका हैं और उनकी कहानियां पाठकों के बीच शिद्दत से पढ़ी जाती रही हैं। जयंती रंगनाथन ने अपनी भूमिका में स्वयं स्वीकारा है कि यह उपन्यास 1975 के आसपास की घटनाओं पर केंद्रित है जो बहुत पहले उन्होंने लिखा था। एक लंबा समय बीत जाने के इतने वर्षों बाद प्रकाशित इस उपन्यास को जब मैंने पढ़ा तो मुझे ऐसा कुछ भी नहीं लगा कि तीन बहनों और विधवा माँ वाले पितृविहीन निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन संघर्षों में आज भी कोई बहुत परिवर्तन हुए हैं। एक विधवा माँ और उसकी तीन बेटियों कीर्ति, बसंती और प्रीति की शिक्षा दीक्षा को लेकर, उनकी परवरिश को लेकर, उनके शादी ब्याह और पारिवारिक जीवन संघर्षों को लेकर उपन्यास की घटनाएं बहुत उतार चढ़ाव से भरी हुई हैं।

उतार चढ़ाव से भरी इन घटनाओं में निम्न मध्यवर्गीय जीवन के सजीव चित्रण हैं।एक स्त्री के जीवन में प्रेम एक गुदगुदाता हुआ कोमल और मुलायम बिषय है पर इस उपन्यास के स्त्री पात्रों के जीवन में आया हुआ प्रेम इतना सहज और सरल प्रसंग नहीं है। उस प्रेम के साथ एक तरफ सामयिक संघर्षों से भरी परिस्थिति जन्य कई कई रुकावटें हैं तो दूसरी तरफ एक ऑर्थोडॉक्स समाज की रूढ़िगत परंपराएं मुंह बाएं खड़ी मिलती हैं। 'चुप क्यों हो बसंती' दरअसल उन्हीं रुकावटों , उन्हीं परंपराओं के विरूद्ध एक स्त्री के शालीनता से भरे हुए संघर्ष और उसके मुखरित होने की कथा है।

पिता की मृत्यु फिर बड़ी बहन कीर्ति के विवाह के उपरांत परिवार की जिम्मेदारी बसंती के कांधे पर आती है। आर्थिक , सामाजिक तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी यह कांधा कहीं से भी कमजोर नज़र नहीं आता। परिवार की आजीविका चलाने के लिए बसंती छोटे से कपड़े की दुकान भी चलाती है। बसंती , प्रीति और उनकी विधवा माँ की मुम्बई यात्रा, मुम्बई में दुर्घटना उपरांत कीर्ति के पति की मृत्यु , विधवा हुई कीर्ति की मनोदशा, एक कमरे के फ्लेट में रहता उनका तंगहाल संयुक्त परिवार के जीवन संघर्ष के दृश्य बहुत मर्माहत करते हैं। इन सबके बावजूद एक चीज जो सबसे ज्यादा अप्रिशिएट करती है , वह है बसंती की हिम्मत और उसका संघर्ष।

निम्न मध्यवर्गीय स्त्रियों के जीवन में प्रेम प्रसंग की घटनाएं उन्हें बहुत थका देती हैं , उन्हें बहुत रुला देती हैं। कई बार उनकी हिम्मत, उनका संघर्ष टूटने भी लगता है। बसंती के जीवन में शेखर जैसे युवा का आना, जिसकी शादी एक अन्य लड़की मौलश्री से होने को रहती है,उसे जद्दोजहद से भर देता है। इस प्रेम की राह पर अनेक उतार चढ़ाव आते हैं। प्रेम में घर परिवार बस ही जाए , यह जरूरी नहीं होता ।परिवार बसते बसते भी कई बार बसने से रह जाता है। विधवा हो चुकी कीर्ति का स्थायी ठिकाना भी अब ससुराल नहीं बल्कि माँ का घर ही है । मां की नापसंदगी के बावजूद यहां उसकी मुलाकातें पूर्व प्रेमी कमल से होने लगती हैं। कमल उसे शादी के सपने भी दिखाता है। दोनों घर छोड़कर चले भी आते हैं पर कमल का रूढ़िवादी ठाकुर परिवार किसी भी हद में जाकर इस शादी को रोक देता है। मझधार में कमल जैसे पुरुष के पीछे हट जाने की वृत्ति का सदमा कीर्ति बर्दास्त नहीं कर पाती और अंततः अपने को जलाकर आत्महत्या कर लेती है।



उतार चढ़ाव से भरी इन घटनाओं में निम्न मध्यवर्गीय जीवन के सजीव चित्रण हैं।एक स्त्री के जीवन में प्रेम एक गुदगुदाता हुआ कोमल और मुलायम बिषय है पर इस उपन्यास के स्त्री पात्रों के जीवन में आया हुआ प्रेम इतना सहज और सरल प्रसंग नहीं है। उस प्रेम के साथ एक तरफ सामयिक संघर्षों से भरी परिस्थिति जन्य कई कई रुकावटें हैं तो दूसरी तरफ एक ऑर्थोडॉक्स समाज की रूढ़िगत परंपराएं मुंह बाएं खड़ी मिलती हैं। 'चुप क्यों हो बसंती' दरअसल उन्हीं रुकावटों , उन्हीं परंपराओं के विरूद्ध एक स्त्री के शालीनता से भरे हुए संघर्ष और उसके मुखरित होने की कथा है।

बसंती जिसके जीवन में अपने खुद के संघर्ष और दुःख हैं। प्रेम का संघर्ष अलग है। बैंक की नौकरी का संघर्ष अलग है। इन संघर्षों के समानांतर उसका पारिवारिक संघर्ष और भी बड़ा है। दुःखी विधवा माँ को संभालने और छोटी बहन प्रीति को पढ़ा लिखा कर अपने पैरों पर खड़ा करने की एक बड़ी जिम्मेदारी उसके ऊपर आती है।

बसंती इन सारी बाधाओं को अपने जीवन संघर्षों के माध्यम से पार भी करती जाती है । छोटी बहन प्रीति पढ़ लिखकर आई ए एस बनकर अपने पैरों पर खड़ी हो जाती है। अनेक रूकावटों के बाद बसंती की शादी शेखर से होती है और वह एक बच्चे की मां भी बन जाती है।

इस उपन्यास में शेखर की भाभी इंदु एक ऐसी पात्र है जो दया ,करुणा, प्रेम इत्यादि जीवन मूल्यों के लिए पाठकों का ध्यान खींचती है। मुंबई यात्रा के दौरान इस इंदु नामक पात्र से बसंती के परिवार की मुलाकात कब एक स्थायी रिश्ते का रूप लेती है पता ही नहीं चलता। यह रिश्ता अंत तक बहुत आश्वस्त करता है।

> उपन्यास - चुप क्यों हो बसंती
> लेखिका - जयंती रंगनाथन
> प्रकाशक - शिवना प्रकाशन
> मूल्य - पेपर बेक संस्करण 200 रूपये

यह पूरा उपन्यास बसंती के जीवन के इर्द-गिर्द ही बुना गया है। एक स्त्री के जीवन में जो द्वंद होते हैं , उसकी जो हिम्मत होती है , निडर होकर समाज की रूढ़ियों से टकराने की उसकी जो मुखर प्रतिबद्धता होती है , यही इस उपन्यास की कथावस्तु है। 70 के दशक की परिस्थितियों को लेकर कथा लेखिका ने जब इसे लिखा होगा तब यह नहीं सोचा होगा कि 40 साल बाद भी परिस्थितियों में बहुत बदलाव हो पाना संभव नहीं होगा । इस उपन्यास के माध्यम से स्त्री जीवन की भीतरी तहों को झांकने और एक बड़े समय अंतराल में स्त्री जीवन के सामाजिक संघर्षों का आकलन करने का एक अवसर हम जैसे पाठकों को मिलता है।

इस उपन्यास को पढ़कर और भी बहुत से अनुभवों से पाठक गुजर सकते हैं।

(कहानी)

# धर्म लोगे, धर्म ?

■ रामधारी सिंह 'दिनकर'

**"धर्म लोगे, धर्म ?"**

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पुरोहित जा रहा था। धर्म इसकी खेती है और पर्व-त्योहार फसल काटने के अच्छे मुहूर्त। मैंने कहा, "पुरोहित, मेरे घर तेरी फसल नहीं उपजी है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

**"धर्म लोगे, धर्म ?"**

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से पंडा जा रहा था। धर्म इसकी ठेकेदारी और देवता इसका इंजीनियर है और जैसे इंजीनियर की



कृपा से ठेकेदार मालामाल हो जाता है, उसी तरह, देवता के मेल से पंडे को मालपूए खूब मिलते हैं। मैंने कहा, "पंडा, मुझे पुल बनवाना नहीं है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

**"धर्म लोगे, धर्म ?"**

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से उपदेशक जा रहा था। धर्म इसकी मशाल है, जिसे वह सिर्फ दूसरों के लिए जलाता है और यह वह नाई है, जो मशाल अपनी रोजी के लिए जलाता है, जिससे बरात के लोग अपना रास्ता पा सकें। मैंने कहा, "नाऊ, मुझे आज कहीं नहीं जाना है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

**'धर्म लोगे, धर्म ?"**

मैंने किवाड़ खोलकर देखा, बगल की राह से एक अमीर जा रहा था। धर्म इसका छाता है, जिसे इसने मार्क्सवादी ओलों की बौछार से बचने को तान रक्खा है। मैंने कहा, "अमीर, मेरे पास बचाने की कोई चीज नहीं है।" और किवाड़ मैंने बन्द कर लिया।

और शाम को जब मैं घर से निकला, तब देखा कि गाँव का आठ वर्ष का छोटा बच्चा रामू खेत की मेड़ पर बैठा किसी विचार में लीन है। मैंने पूछा, "अरे रामू, यहां बैठा-बैठा क्या सोच रहा है?"

रामू बोला, "सोच रहा हूँ कि ईश्वर एक ही है, यह आदमी के लिए काफी कठिनाई की बात है। अब तुम्हीं सोचो दादा, कि दो ईश्वर होते, तो आदमी को थोड़ी सहूलियत जरूर हो जाती।

मसलन, अगर यह ईश्वर रूठ गया, तो उस ईश्वर के यहाँ चले गये और वह ईश्वर रूठ गया, तो इस ईश्वर के यहाँ चले आये। मगर, ईश्वर एक ही है, इसलिए, हमें बहुत सँभल-सँभलकर चलना होगा।"

मैंने बच्चे को गोद में उठा लिया और कहा कि "प्यारे काश, अपनी शंका और बेचैनी तू मेरे दिल में उँड़ेल पाता।"

व्यंग्य

# अतिथि तुम कब जाओगे?

■ शरद जोशी


तुम्हारे आने के चौथे दिन, बार-बार यह प्रश्न मेरे मन में उमड़ रहा है, तुम कब जाओगे अतिथि! तुम कब घर से निकलोगे मेरे मेहमान!

तुम जिस सोफ़े पर टांगें पसारे बैठे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर लगा है, जिसकी फड़फड़ाती तारीखें मैं तुम्हें रोज़ दिखा कर बदल रहा हूं. यह मेहमान नवाज़ी का चौथा दिन है, मगर तुम्हारे जाने की कोई संभावना नज़र नहीं आती. लाखों मील लंबी यात्रा कर एस्ट्रोनॉट भी चांद पर इतने नहीं रुके जितने तुम रुके. उन्होने भी चांद की इतनी मिट्टी नहीं खोदी जितनी तुम मेरी खोद चुके हो. क्या तुम्हें अपना घर याद नहीं आता? क्या तुम्हें तुम्हारी मिट्टी नहीं पुकारती?

जिस दिन तुम आए थे, कहीं अंदर ही अंदर मेरा बटुआ कांप उठा था. फिर भी मैं मुस्कराता हुआ उठा और तुम्हारे गले मिला. मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते किया. तुम्हारी शान में ओ मेहमान, हमने दोपहर के भोजन को लंच में बदला और रात के खाने को डिनर में. हमने तुम्हारे लिए सलाद कटवाया, रायता बनवाया और मिठाइयां मंगवाईं. इस उम्मीद में कि दूसरे दिन शानदार मेहमान नवाज़ी की छाप लिए तुम रेल के डिब्बे में बैठ जाओगे. मगर, आज चौथा दिन है और तुम यहीं हो. कल रात हमने खिचड़ी बनाई, फिर भी तुम यहीं हो. आज हम उपवास करेंगे और तुम यहीं हो. तुम्हारी उपस्थिति यूं रबर की तरह खिंचेगी, हमने कभी सोचा न था.

सुबह तुम आए और बोले,"लॉन्ड्री को कपड़े देने हैं." मतलब? मतलब यह कि जब तक कपड़े धुल कर नहीं आएंगे, तुम नहीं जाओगे? यह चोट मार्मिक थी, यह आघात अप्रत्याशित था. मैंने पहली बार जाना कि अतिथि केवल देवता नहीं होता. वह मनुष्य और कई बार राक्षस भी हो सकता है. यह देख मेरी पत्नी की आंखें बड़ी-बड़ी हो गईं. तुम शायद नहीं जानते कि पत्नी की आंखें जब बड़ी-बड़ी होती हैं, मेरा दिल छोटा-छोटा होने लगता है.

कपड़े धुल कर आ गए और तुम यहीं हो. पलंग की चादर दो बार बदली जा चुकी और तुम यहीं हो. अब इस कमरे के आकाश में ठहाकों के रंगीन गुब्बारे नहीं उड़ते. शब्दों का लेन-देन मिट गया. अब



करने को चर्चा नहीं रही. परिवार, बच्चे, नौकरी, राजनीति, रिश्तेदारी, पुराने दोस्त, फ़िल्म, साहित्य. यहां तक कि आंख मार-मार कर हमने पुरानी प्रेमिकाओं का भी ज़िक्र कर लिया. सारे विषय ख़त्म. तुम्हारे प्रति मेरी प्रेमभावना गाली में बदल रही है. मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि तुम कौन-सा फ़ेविकोल लगा कर मेरे घर में आए हो?

पत्नी पूछती है,"कब तक रहेंगे ये?" जवाब में मैं कंधे उचका देता हूं. जब वह प्रश्न पूछती है, मैं उत्तर नहीं दे पाता. जब मैं पूछता हूं, वो चुप रह जाती है. तुम्हारा बिस्तर कब गोल होगा अतिथि?

मैं जानता हूं कि तुम्हें मेरे घर में अच्छा लग रहा है. सबको दूसरों के घर में अच्छा लगता है. यदि लोगों का बस चलता तो वे किसी और के घर में रहते. किसी दूसरे की पत्नी से विवाह करते. मगर घर को सुंदर और होम को स्वीट होम इसीलिए कहा गया है कि मेहमान अपने घर वापिस लौट जाएं.

मेरी रातों को अपने खर्राटों से गुंजाने के बाद अब चले जाओ मेरे दोस्त! देखो, शराफ़त की भी एक सीमा होती है और गेट आउट भी एक वाक्य है जो बोला जा सकता है.

कल का सूरज तुम्हारे आगमन का चौथा सूरज होगा. और वह मेरी सहनशीलता की अंतिम सुबह होगी. उसके बाद मैं लड़खड़ा जाऊंगा. यह सच है कि अतिथि होने के नाते तुम देवता हो, मगर मैं भी आखिर मनुष्य हूं. एक मनुष्य ज़्यादा दिनों देवता के साथ नहीं रह सकता. देवता का काम है कि वह दर्शन दे और लौट जाए. तुम लौट जाओ अतिथि. इसके पूर्व कि मैं अपनी वाली पर उतरूं, तुम लौट जाओ.

उफ़! तुम कब जाओगे, अतिथि!

कविता

■ भवानीप्रसाद मिश्र

क़लम तेरे हाथ में है, जो चाहे सो लिख
कुछ न सूझे तो अपना नाम लिख
क्या ज़रूरी है कि जो कुछ लिखा, वह छपे सभी
न छपे सही अँगीठी के काम आएगा कभी

दम होगा तो धधक जाएगा
बोदा होगा तो बुझ जाएगा

लिखने की बेला बड़ी पावन होती है
सूखे मन के लिए सावन होती है
रोशनाई और क़लम का संयोग होता है
मन को सँजोने का प्राणान्तक योग होता है
क़लम तेरे हाथ में है, ललकार कर लिख
काग़ज़ हज़ार काले हों, मग़र कालिख़ न लिख ।

ग़ज़ल

# थी नींद मेरी मगर उस में ख़्वाब उस का था

■ वज़ीर आग़ा

थी नींद मेरी मगर उस में ख़्वाब उस का था
बदन मिरा था बदन में अज़ाब उस का था

सफ़ीने चंद ख़ुशी के ज़रूर अपने थे
मगर वो सैल-ए-ग़म-ए-बे-हिसाब उस का था

दिए बुझे तो हवा को किया गया बदनाम
क़ुसूर हम ने किया एहतिसाब उस का था

ये किस हिसाब से की तू ने रौशनी तक़्सीम
सितारे मुझ को मिले माहताब उस का था

फ़लक पे किर्चियाँ आँखों में मोतिया आँसू
जो रेज़ा रेज़ा हुआ आफ़्ताब उस का था

मिरी ज़रा सी चमक को कड़क ने टोक दिया
सवाल तुझ से किया था जवाब उस का था

खुली किताब थी फूलों-भरी ज़मीं मेरी
किताब मेरी थी रंग-ए-किताब उस का था

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## आईडीएफ ने गाजा में हमास के डिप्टी कमांडर को किया ढेर

**तेल अवीव,** 25 मई (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मध्य गाजा पट्टी में हवाई हमले में हमास के एक डिप्टी कमांडर को मार गिराया है। आईडीएफ ने मारे गए हमास कमांडर की पहचान जियाद अल-दीन अल-शरफा के रूप में की है। इजरायली सेना ने कहा कि वरिष्ठ हमास नेता की हत्या शिन बेट और सैन्य खुफिया के बीच एक ज्वाइंट ऑपरेशन के माध्यम से की गई। आईडीएफ के 99 इन्फैंट्री डिवीजन ने ऑपरेशन का नेतृत्व किया और अल-शरफा पर हमले का समन्वय किया।

# एससीओ देश चाबहार पोर्ट व आईएनएस ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का कर सकते हैं उपयोग : भारत

**अस्ताना/नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत ने नजदीकी सम्पर्क के निर्माण पर जोर देते हुए कहा है कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) देश क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि लाने के लिए ईरान के चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के साथ साथ भारत-मध्य पूर्व-यूरोप के आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) अधिकतम उपयोग की दिशा में काम कर सकते हैं।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने कजाकिस्तान के अस्ताना में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में अपने संबोधन में कहा कि किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए मजबूत कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। यह सदस्यों के बीच बेहतर व्यापार और विश्वास का निर्माण करता है। उन्होंने परोक्ष संदर्भ से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (जो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है) का जिक्र करते हुए कहा कि सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना आवश्यक है।

रवि ने आतंकवाद को दुनिया की वैश्विक चुनौतियों में से एक बताया और यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। उन्होंने आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया।उन्होंने



**किसी भी क्षेत्र की प्रगति के लिए मजबूत कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है। यह सदस्यों के बीच बेहतर व्यापार और विश्वास का निर्माण करता है : दम्मू रवि**

कहा कि इसके स्वरूप और अभिव्यक्तियों के बावजूद, हमें सीमा पार आतंकवाद और आतंक के वित्तपोषण सहित आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। ऐसे गंभीर मामलों पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ-आरएटीएस तंत्र इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। भारत कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए 2018 में एससीओ राष्ट्राध्यक्षों द्वारा युवाओं को दिए गए संबोधन से निकले एक्शन प्रोग्राम को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कनाडा के 2018 दुर्घटना मामले में भारतीय चालक के निर्वासन का आदेश

**ओटावा।** जूनियर आइस हॉकी टीम को ले जा रही बस के साथ 2018 में हुई भीषण दुर्घटना में 16 लोगों की जान जाने के लिए जिम्मेदार एक भारतीय लॉरी चालक को कनाडा से निर्वासन के आदेश जारी किया गया है।



मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आ रही है। गौरतलब है कि भारतीय मूल जसकीरत सिंह सिद्धू को खतरनाक तरह से वाहन चलाने और दुर्घटना को अंजाम देने के लिए उसे आठ साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पिछले साल वह पूर्ण पैरोल पर रिहा किया गया था। वर्ष 2018 में सस्केचेवान में वाहन चलाते समय सिद्धू की लॉरी हॉकी टीम की बस से टकरा गई थी, जिसके कारण 16 लोगों की मौत हो गई थी और अन्य 13 घायल हो गए थे।

सिद्धू के वकील ने बीबीसी को बताया कि वह निर्वासन आदेश के खिलाफ चुनौती देने की योजना बना रहे हैं।

## इजरायल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश का पालन करे : क्रिस बोवेन

**कैनबरा,** 25 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने इजरायल से दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य हमले को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के आदेश का पालन करने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत आईसीजे ने शुक्रवार को इजरायल को दक्षिणी गाजा शहर राफा पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने और मिस्र और गाजा के बीच राफा क्रॉसिंग को खोलने का आदेश दिया ताकि क्षेत्र में सहायता पहुंचाई जा सके। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के मंत्रिमंडल के सदस्य क्रिस बोवेन ने कहा कि संघीय सरकार इस फैसले का समर्थन करती है। उन्होंने राफा की स्थिति को एक मानवीय आपदा बताया जिसके और भी बदतर होने की आशंका है।

बोवेन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस



**राफा पर हमला नहीं होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन किया जाना चाहिए। अब इजरायल को राफा पर हमले रोक देने चाहिए : क्रिस बोवेन**

में कहा कि हम इस बात पर बहुत दृढ़ हैं कि राफा पर हमला नहीं होना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन किया जाना चाहिए। अब इजरायल को राफा पर हमले रोक देने चाहिए। आईसीजे के आदेश को 15 अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशों के एक पैनल ने 13-2 वोट से स्वीकार किया, जबकि इजरायल और युगांडा के न्यायाधीशों ने इसका विरोध किया।

## सुडोकू 6566

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 26 मई, 2024 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। अत: क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन - आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या - आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा- पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सगे-संबंधियों तथा परिजनों के साथ संभलकर बोलें, क्योंकि आपकी वाणी से किसी को चोट पहुंच सकती है।

कुंभ - आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन - नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग लगने से सैकड़ों झुग्गियां जलकर खाक

**ढाका,** 25 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी कॉक्स बाजार जिले में रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर में भीषण आग लगने से सैकड़ों झुग्गियां जलकर खार हो गईं और हजारों लोग बेघर हो गए।

स्थानीय उखिया फायर सर्विस एवं सिविल डिफेंस के स्टेशन अधिकारी शफीकुल इस्लाम ने संवाददाताओं को बताया कि आग शरणार्थी शिविर संख्या 13 में लगी और जल्दी ही आसपास के इलाकों में फैल गई। आग से करीब 230 झुग्गियां और 100 अन्य सुविधाएं जलकर खाक हो गईं, जबकि 200 से ज्यादा अस्थायी आश्रयों को नुकसान पहुंचा। आग में करीब 10 लोगों के घायल होने की खबर है। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



गौरतलब है कि म्यांमार से विस्थापित 10 लाख से अधिक रोहिंग्या बांग्लादेश की राजधानी ढाका से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित कॉक्स बाजार में रह रहे हैं।

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 300 पहुंची

**सिडनी,** 25 मई (एजेंसियां)। बीते दिन उत्तरी पापुआ न्यू गिनी में आए खौफनाक भारी भूस्खलन में अब मरने वालों की संख्या 300 के पार पहुंच गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंगा प्रांत के एक संसद सदस्य ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में मैप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस खौफनाक भारी भूस्खलन में 1,182 घर मलवे में दब गए हैं। शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 3.00 बजे एक बड़े भूस्खलन ने पीएनजी की



राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से 600 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित एंगा प्रांत के काओकलाम गांव में तबाही मचा दी। जिसमें लगभग 100 लोगों के मारे जाने की खबर आ रही थी, लेकिन अब ये आंकड़ा बढ़कर 300 हो गया है।

## अफगानिस्तान में ताजा तूफान और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हुई

**काबुल।** अफगानिस्तान के फरयाब और पड़ोसी सारी पुल प्रांत में पिछले दो दिनों में हुई बारिश और बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता एस्मातुल्ला मुरादी ने कहा कि फरयाब प्रांत के लॉलाश जिले में शुक्रवार से भारी बारिश और बाढ़ के कारण 12 लोगों की जान चली गई और 11 अन्य घायल हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता हबीबुल्लाह मसरोर ने पुष्टि की है कि पिछले दो दिनों में सारी पुल प्रांत में प्राकृतिक आपदा से चार महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई है। युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में पिछले महीने भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से सैकड़ों लोग मारे गए, हजारों घर नष्ट हो गए और हजारों लोग बेघर हो गए।

# इतावली किशोर को मरणोपरांत दी जाएगी संत की उपाधि

**वेटिकन सिटी,** 25 मई (एजेंसियां)। इटली के एक किशोर एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ कार्लो एक्यूटिस को मरणोपरांत संत की उपाधि दी जाएगी। वेटिकन के अनुसार कैथोलिक चर्च के पहले सहस्राब्दी संत बनने के लिए तैयार हैं।

सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने गेमर एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर कार्लो एक्यूटिस को दूसरा चमत्कार माना है, जिनकी 2006 में 15 साल की उम्र में ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। एक्यूटिस ने अपने जीवन के दौरान कैथोलिक आस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तकनीकी कौशल का उपयोग किया, जिसमें चमत्कारों का दस्तावेजीकरण करने वाली एक वेबसाइट स्थापित करना भी शामिल था।

वर्ष 1991 में लंदन में जन्मे एक्यूटिस बाद में अपने परिवार के साथ मिलान इटली चले गए। एक्यूटिस के माता-पिता हालांकि धार्मिक नहीं थे, एक्यूटिस के विश्वास का पोषण उसकी पोलैंड निवासी नानी ने किया था। दोस्तों और परिवार द्वारा हेलो, सुपर मारियो और पोकेमॉन जैसे वीडियो गेम खेलने का आनंद लेने के रूप में उसे याद किया जाता है। मृत्यु के बाद उनके



शरीर को इटली के शहर असीसी में ले जाया गया, जहां अब इसे उनसे जुड़े अन्य अवशेषों के साथ एक मंदिर में प्रदर्शित किया गया है।


सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि संत की उपाधि के लिए संभावित उम्मीदवारों को आम तौर पर संत घोषित करने से पहले दो चमत्कारों की आवश्यकता होती है।एक्यूटिस को दिया गया नवीनतम चमत्कार कोस्टा रिका की एक लड़की के कथित उपचार से संबंधित है, जिसे फ्लोरेंस इटली में अपनी साइकिल से गिरने के बाद सिर में चोट लगी थी, जहां वह पढ़ रही थी। उसकी मां ने कहा कि उसने असीसी में एक्यूटिस की कब्र पर अपनी बेटी के ठीक होने के लिए प्रार्थना की।

## लंदन के पैलेट ऑफ इंडिया में 24 भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां बनेंगी मुख्य आकर्षण

लंदन। लंदन में आने वाले कुछ दिनों में आयोजित एक प्रदर्शनी में 24 भारतीय कलाकारों की कलाकृतियां आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेंगी। इन कलाकारों को लेकर कलर्स एंड कैनवस एक कला प्रदर्शनी 'पैलेट ऑफ इंडिया' आयोजित कर रहा है। पिकन भट्टाचार्जी द्वारा क्यूरेट की जा रही यह प्रदर्शनी हाई कमिशन ऑफ इंडिया के सहयोग से लंदन के नेहरू सेंटर में 27 से 31 मई को आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 27 मई को शाम 6.30 बजे किया जाएगा।

'पैलेट ऑफ इंडिया' में 51 कलाकृतियों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा, जो समकालीन भारतीय कला में मौजूद विविधता को दर्शाती हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कलाकार अपने अनूठे दृष्टिकोण और कलात्मक शैलियों का प्रदर्शन इस प्रदर्शनी के माध्यम से करेंगे। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुक पेंटिंग और डिजिटल कैनवस सहित कई माध्यमों से एक अच्छे अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं।दूरदर्शी क्यूरेटर पिकॉन भट्टाचार्जी ने कहा, ''पैलेट ऑफ इंडिया' लंदन में प्रवासी भारतीयों की अपार प्रतिभा और कलात्मक विविधता का उत्सव है।

## वर्ग पहेली 6566



**बायें से दायें:-**

१. जीवन का अनलंब या सहारा, पति, प्रियजन
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुगईम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९ माथा, मस्तर
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन, (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

### वर्ग पहेली-6565

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | धु | २ सू | द | ३ न | ■ | ४ अ | नि | ५ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ६ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ७ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ द |
| द | ■ | न | ■ | १० तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | ११ नि | या | १२ म | क | ■ | ■ | १३ हा | शि | या |
| ■ | फ | ■ | नो | ■ | १४ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १५ म | व | १६ य | ज | ■ | णा | ■ | १७ त | १८ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १९ क | ल | २० प | ■ | क्त | ■ |
| २१ दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २२ द | ल | प | २३ ति |
| व | ■ | २४ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1739 - मुगल सम्राट मोहम्मद शाह और ईरान के नादिर शाह बीच समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद अफगानिस्तान भारतीय साम्राज्य का हिस्सा नहीं रहा।
1822 - नार्वे में चर्च में आग लगने से 122 लोगों की मौत।
1912 - प्रसिद्ध क्रांतिकारी छगनराज चौपासनी वाला का जन्म।
1926 - लेबनान ने संविधान अपनाया।
1937 - दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर हास्य अभिनेत्री मनोरमा का जन्म।
1946 - सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ अरुणा रॉय का जन्म।
1950 - ब्रिटेन में पेट्रोल खरीदने पर लगी सीमा को समाप्त किया गया।
1969 - अपोलो 10 के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर लौटे।
1983 - बीजिंग ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार का जन्म।
1986 - हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनेता श्रीकांत वर्मा का निधन।
1999 - इसरो ने भारत, जर्मनी और दक्षिण कोरिया के तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया।
2002 - चीन का विमान समुद्र में गिरने से 225 लोगों की मौत।
2007 - भारत और जर्मनी की बीच रक्षा समझौता संपन्न हुआ।
2008 - उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज और खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी की।
2014 - भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेन्द्र मोदी ने भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
2017 - पंजाब के बहुचर्चित पूर्व पुलिस महानिदेशक के. पी. एस. गिल का निधन।
2018 - दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून-जाए-इन ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ दोनों देशों के बीच सैन्य रहित क्षेत्र के सम्बंध में मुलाकात की।

**चिंताजनक** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने स्थिति पर गंभीर चिंता जताई

# पाकिस्तान में मुस्लिम भीड़ ने ईसाई व्यक्ति पर किया हमला

**सरगोधा, 25 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सरगोधा में ईशनिंदा की एक कथित घटना पर गुस्साई भीड़ ने एक ईसाई व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसके घर में आग लगा दी। स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया कि स्थिति तब हिंसक हो गई, जब एक गुस्साई भीड़ सरगोधा के मुजाहिद कॉलोनी में घुस गई, जहां कई ईसाई परिवार रहते हैं। भीड़ ने एक ईसाई व्यक्ति के घर में तोड़-फोड़ की, उसे बुरी तरह पीटा और उसके सामान को आग लगा दी। भीड़ ने पूरी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अलावा परिसर के भीतर चल रही एक जूता फैक्ट्री को भी आग लगा दी।**

**■ पुलिस के अनुसार घटना में शामिल कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया**

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, में एक बुरी तरह से घायल व्यक्ति को जमीन पर पड़ा हुआ दिखाया गया और कई लोग उस पर हमला करते देखे गए। कई लोगों ने तो पत्थरों का भी इस्तेमाल किया।

हालांकि, स्थानीय पुलिस ने कहा कि गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने और घायलों को पास के अस्पताल में ले जाने के बाद हालात पर काबू पाया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा कि उन्होंने भीड़ को तितर-बितर कर दिया और कम से कम दो और परिवारों को मुस्लिम भीड़ के हमले से बचाया।

क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी



**गिलवाला में ईसाई समुदाय गुस्साई भीड़ के कारण अपने जीवन पर गंभीर खतरा महसूस कर रहा है : एचआरसीपी**

(आरपीओ) शारिक कमाल ने कहा कि हमने घायलों को अस्पताल पहुंचाया है और घटना में शामिल कई संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है। सरगोधा जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) असद इजाज मल्ही ने पुष्टि की, यह घटना कथित ईश निंदा के विरोध में हुई। एजाज ने कहा कि जब पुलिस की टुकड़ी मौके पर पहुंची, तो हमने कुछ घरों के बाहर भारी भीड़ देखी। हमने परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। जबकि पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि कोई भी घायल नहीं हुआ। घटना पर सोशल मीडिया पोस्ट में हिंसक भीड़ द्वारा यातना और बर्बरता की पुष्टि की गई। डीपीओ ने कहा, हमने स्थिति का मूल्यांकन करने और मामले पर एक बयान जारी करने के लिए एक जिला शांति समिति को बुलाया है। जिला समिति में जिला प्रशासन, मुस्लिम और अल्पसंख्यक समुदायों के धार्मिक विद्वान शामिल हैं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने सरगोधा में सामने आ रही स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है, गिलवाला में ईसाई समुदाय गुस्साई भीड़ के कारण अपने जीवन पर गंभीर खतरा महसूस कर रहा है।

## दुनिया को जानें

# नेपाली महिला ने रचा इतिहास, दो सप्ताह में तीन बार की माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई

**काठमांडू,** 25 मई (एजेंसियां)। नेपाली पर्वतारोही पूर्णिमा श्रेष्ठ दो सप्ताह में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बन गई हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

पूर्णिमा फोटो पत्रकार भी हैं, उन्होंने पहली बार 12 मई को, 19 मई को और बाद में 25 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। द हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सपीडिशन के अभियान निदेशक लकपा शेरपा ने कहा कि पूर्णिमा की पिछले कुछ वर्षों में 8×8000 मीटर शिखर की प्रभावशाली सूची पर्वतारोहण में उनके जुनून और विशेषज्ञता को दर्शाती है।

लकपा शेरपा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्णिमा ने इस साल 8 हजार मीटर के अभियानों के साथ एक ही सीजन में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया। गोरखा जिले की मूल निवासी पूर्णिमा इससे पहले माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, ल्होत्से, धौलागिरि, माउंट के2, अन्नपूर्णा और मनास्लु पर चढ़ाई कर चुकी हैं।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस ने किया संविधान का अपमान : लाल सिंह आर्य

**शिमला,** 25 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा लाल सिंह आर्य ने शिमला में प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान को खतरे में बता रही हैं जो कि सरासर झूठ है। कांग्रेस धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहती है जो कि एससी, एसटी का आरक्षण खतरे में है। जो कि उन्हांने कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के घोषणापत्र में कहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश में एमरजेन्सी जनता पर थोप दी। लोगों को बंधक बनाया और उनकी स्वंतंत्रता को छीना एंव विपक्षी नेताओं को जेल तक में डाला। यह संविधान की हत्या थी। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कभी भी संविधान दिवस तक नहीं मनाया जबकि नरेन्द्र मोदी ने सरकारी स्तर पर मनाना शुरू किया और संसद में चर्चा तक करवाने का कार्य किया। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अंबेडकर के खिलाफ है संविधान सभा के सदस्य के खिलाफ है और सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के खिलाफ रही हैं।

# 400 पार के नारे की हवा निकल गई : मुकेश अग्निहोत्री



**शिमला,** 25 मई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के हिमाचल दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि में हर प्रचारक का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लेकिन देवभूमि की मर्यादाओं को भाजपा के नेतृत्व को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि देवभूमि में देश का बड़ा नेतृत्व जो सरकार में रहा है और इस चुनाव के बाद जिसकी विदाई होने वाली है जिसके 400 पार के नारे की हवा निकल गई है, जिनको खुद सरकार में आने के लाले पड़ गए हैं, वह नेतृत्व अगर हिमाचल में आकर सरकार तोड़ने की बात करें तो यह हिमाचल वासी सहन नहीं करेंगे, जनमत का अपमान नहीं होने देंगे, अहंकार को चकनाचूर हिमाचल की जनता करेगी, बेइमानो व धोखेबाजों व गद्दारों को सजा देगी।

मुकेश ने कहा कि हिमाचल की सरकार को सपने में भी भाजपा के नेता तोड़ नहीं सकते, हकीकत में तो सरकार को उंगली लगाना भी दूर है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि जिस प्रकार से हिमाचल के भाजपा के नेताओं का मैथमेटिक्स कमजोर है, उसी प्रकार राष्ट्रीय नेताओं का भी मैथमेटिक्स कमजोर हो गया है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव की 6 सीट कांग्रेस अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यदि मान ले 6 सीट बीजेपी जीत जाए तब भी अंकगणित कांग्रेस के पक्ष में है, तब भी सरकार नहीं जाती। उन्होंने कहा कि यह सरकार तो 4 जून के बाद फेविकोल के जोड़ की तरह मजबूत हो जाएगी, लेकिन भाजपा के नेताओं की नींद उड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को नींद नहीं आएगी, उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता नींद उड़ा रही है उपचुनाव तो भाजपा हार रही हैं, लोकसभा चुनाव में भी जनता ने भाजपा को अलविदा करने का मूड बना लिया है। उन्होंने कहा कि हम सम्मान करते हैं इसलिए चुप रहते हैं हमारा काम विकास करना है, हमारा काम इमानदारी से काम करना है लेकिन इस चुपी को कमजोरी भाजपा के नेतृत्व को नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं ओपन चैलेंज देता हूं कि केंद्र की सरकार हिमाचल में आपदा में खर्च की गई राशि पीड़ितों को दिए गए मुआवजे की जांच करें, तय समय में जांच करें ,बड़ी से बड़ी एजेंसी से जांच करवाई नंबर 1 का गबन या हेरा फेरी नहीं मिलेगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा के नेता गारंटीयों पर बोलकर गए हैं। उन्होंने कहा कि नौकरियां देना शुरू कर दिया गया है, इंग्लिश मीडियम स्कूल बनने शुरू हो गए हैं, स्टार्टअप योजना को शुरू कर दिया गया है, कर्मचारियों को पेंशन दे दी गई है।

### काले धन,15 लाख, 2 करोड़ नौकरी, मंहगाई पर जवाब दे भाजपा

मुकेश ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व तो यह बताएं कि 15 लाख क्यों नहीं आए? काले धन का क्या हुआ? 2 करोड़ रोजगार का क्या हुआ? पेट्रोल पिछले 4 सालों से 100 के आसपास क्यों है डीजल 80 के आसपास क्यों है? उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता तो यह बताएं की रसोई गैस का सिलेंडर सस्ता क्यों नहीं हुआ ? उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता यह बताएं की इलेक्शन बांड में किस-किस से पैसे लिए?

### राहुल-प्रियंका फोबिया से ग्रस्त भाजपा नेतृत्व

अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा के नेता कांग्रेस के नेतृत्व में राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के धुआंधार प्रचार से परेशान हो गए हैं, सवालों के जवाब दे नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा की हालत तो यह है कि प्रधानमंत्री अपने ही मित्रों के पैसों को चोरी का पैसा बताने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी व प्रियंका गांधी कांग्रेस के नेता योद्धा की तरह मैदान में है, जो हर संघर्ष कर रहे हैं, जनता के लिए देश के संविधान को बचाने के लिए देश के कानून को बचाने के लिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कांग्रेस को सफलता मिलेगी।

### राम मंदिर का जश्न हमने मनाया, छुट्टी भी पूरे दिन की

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राम मंदिर की बात भाजपा के नेता करके गए हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पूरे दिन की छुट्टी हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में की। मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास को सजाया, हमने अपने आवास को सजाया, धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया, कांग्रेस के हर नेता ने कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद केवल राजनीति के लिए वोट के लिए कांग्रेस को राम मंदिर विरोधी कह रहे हैं भाजपा के नेता. उन्होंने कहा कि हमारे तो मंडी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह प्राण प्रतिष्ठा की कार्यक्रम में उपस्थित हुए, सभी लोग राम मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता जाति, धर्म, आरक्षण के नाम पर झूठ बोल रहे हैं, उससे साफ है कि उनकी जमीन हिल गई है।

## आपदा के समय मोदी ने प्रदेश को कितनी आर्थिक मदद दी : विक्रमादित्य



**शिमला।** मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आंकड़ों के साथ यह बताना चाहिए कि आपदा के समय उन्होंने प्रदेश को कितनी आर्थिक मदद दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नेब आपदा राहत के नाम पर मण्डी में अपने भाषण में प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है,जिसमे उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश को करोड़ो रूपये दिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपदा से 12 हजार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ जबकि केंद्र सरकार ने इस दौरान प्रदेश को केवल 300 करोड़,एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जारी किए । उन्होंने कहा यह पैसा हर साल केंद्र की ओर से सभी राज्यों को ऐसी प्रारकृतिक आपदाओं से निपटने के लिये मिलता है,यह सभी राज्यों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव के दौरान तो प्रदेश के दौरे पर आए पर आपदा के समय न तो वह प्रदेश का दुख-दर्द देखने आये और न ही कोई हमदर्दी जताई। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ का एक आपदा राहत कोष स्थापित कर प्रभावित लोगों की पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपदा में न तो प्रदेश के लोगों की कोई मदद की और न ही सरकार को कोई सहयोग दिया। आज जोगिंदर नगर विधानसभा क्षेत्र के मच्छयान , चोंतड़ा व लडभड़ोल में अपनी चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह मण्डी में बड़े विकास के विजन को लेकर लोगों से वोट मांग रहें है,जबकि भाजपा की प्रत्याशी इधर उधर की बाते कर लोगों का मनोरंजन कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति कोई पार्ट टाइम जॉब नही होती इसके लिये दिन रात लोगों के बीच रहकर उनकी सेवा करनी पड़ती है।

**सार संक्षेप**

### सभी मतदाताओं का मतदान के लिए दिल से धन्यवाद : सैलजा

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया समूह) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने लोकसभा चुनाव में सिरसा संसदीय सीट पर दिए गए सहयोग, समर्थन और प्रेम-प्यार के लिए मतदाताओं का धन्यवाद किया है। सुश्री सैलजा ने शनिवार को यहां जारी बयान में कहा है कि सिरसा उनकी कर्मभूमि और पुरूखों की जमीन है, सिरसा के हर घर में मेरा परिवार बसता है, उनसे मिला स्नेह ही उनकी कमाई है और यही उनकी पूंजी हैं, लोकसभा चुनाव में आपके विश्वास और भरोसे से मजबूती मिली है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) की तानाशाह सरकार को सत्ता से बाहर करने का मौका जनता को मिला है, सरकार संस्थाओं को अपने इशारे पर चला रही है, देश में किसान, युवा, व्यापारी और महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है देश में असल लड़ाई न्याय और अन्याय के बीच है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की सरकार आने पर सभी के साथ न्याय किया जाएगा तो कांग्रेस ने वायदा किया है जो गारंटी दी है उसे पूरा किया जाएगा।

### 21वीं सदी में भी महिला विरोधी है कांग्रेसः कश्यप

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद और प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पांच चरणों के चुनावों में भाजपा बहुमत के आंकड़ों को पार कर चुकी है और आज छठे चरण का चुनाव भी संपन्न हो गया हैं। हिमाचल प्रदेश इस बार 4-0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। उनका मानना है कि चार जून को भाजपा 400 से अधिक सीटें हासिल करेगी।

### त्यूणी में क्रॉकरी की दुकान में लगी भीषण आग

**देहरादून।** देहरादून जिले के विकासनगर-त्यूणी के नए बाजार में स्थित एक क्रॉकरी की दुकान में शनिवार सुबह करीब 4 बजे अचानक आग लग गई। इसकी सूचना दुकान मालिक ने थाना त्यूणी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल के कर्मियों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। फिलहाल पुलिस आग लगने की पड़ताल कर रही है। नया बाजार त्यूणी में एक दुकान में आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सूचना पर थाना त्यूणी के थाना प्रभारी मय पुलिस कर्मियों और दमकल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि पुलिस और दमकल कर्मियों की तत्परता से आसपास की अन्य दुकानों में आग नहीं फैली नहीं तो काफी नुकसान हो सकता था।

### सुडोकू 6566 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

### मुख्यमंत्री ने कांगड़ा जिला के ज्वाली, इंदौरा, नूरपुर में किया ताबड़तोड़ प्रचार

# भाजपा 1500 रुपए पेंशन को रुकवाने के लिए रोज डाल रही है अड़ंगे : सुक्खू

**शिमला,** 26 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के ज्वाली, इंदौरा और नूरपुर विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के लिए धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी आनंद शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और भाजपा पर ताबड़तोड़ हमले किए। भाजपा पर बरसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा महिलाओं की 1500 रुपए पेंशन को रुकवाने के लिए रोज़ नए अड़ंगे डाल रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा नेता बार-बार-बार चुनाव आयोग के पास महिलाओं की पेंशन को रुकवाने में लगे हैं और दिल्ली से भी चुनाव आयोग पर दबाव डाला जा रहा है। यह तो कांग्रेस के विरोध के बाद चुनाव आयोग ने महिलाओं की पेंशन के फ़ॉर्म भरने को अनुमति दी और अब महिलाएं योजना के फ़ॉर्म भर रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले भाजपा नेता बार-बार महिलाओं की पेंशन पर सवाल पूछते थे, लेकिन अब वह महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा अपना विरोध वापस



■ अगर अनुमति नहीं भी मिली, तो जून माह में महिलाओं को दो किश्तों के 3000 रुपए एक साथ डाले जाएंगे

ले ले और चुनाव आयोग अनुमति दे तो 24 घंटे में महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन उनके खाते में ट्रांसफ़र कर दी जाएगी। अगर अनुमति नहीं भी मिली, तो जून माह में महिलाओं को दो किश्तों के 3000 रुपए एक साथ डाले जाएँगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रयास किए हैं। पुलिस में महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनावी लाभ को देखकर काम नहीं करती। कांग्रेस सरकार ने सरकार की ख़राब माली हालत के बावजूद पहले ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, जबकि भाजपा नेता दिल्ली में एनपीएस के 9000 करोड़ रुपए को रुकवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में जयराम ठाकुर पांच साल तक सोते रहे और प्रदेश का ख़ज़ाना लुटाते रहे। जबकि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकर जनता का पैसा जनता के बीच बाँटा है। इसी पैसे से कांग्रेस सरकार ने मनेरगा की दिहाड़ी 60 रुपए बढ़ाकर 300 रुपए की, 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को फ्री इलाज की सुविधा का प्रावधान किया। विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा का खर्च राज्य सरकार उठाएगी और गरीब विधवाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। गाय के दूध का समर्थन मूल्य 32 रुपए से बढ़कर 45 रुपए किया, जबकि भैंस के दूध का मूल्य 47 रुपए से बढ़ाकर 55 रुपए किया।

## अग्निवीर 100 प्रतिशत रोजगार की गारंटी : शाह

**धर्मशाला,** 25 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब राहुल बाबा नेता बने इस देश की राजनीति में बहुत आमूलचूक परिवर्तन हो रहें है। पहले सच्चे मुद्दों को तोड़-मरोड़ कर लोगों के सामने रखा,

■ अग्निवीर योजना के प्रति देश भर में भ्रांति फैलाई जा रही है

इतना तो राजनीतिक पार्टियां करती थी। मगर कभी भी झूठी बात को मुद्दा नहीं बनाया। राहुल गाँधी ने एक नई परंपरा शुरू की है। फिर झूठी बात को ही मुद्दा बनाया गया जाए। इसका एक सबसे अच्छा उदाहरण अग्निवीर योजना है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के प्रति देश भर में भ्रांति फैलाई जा रही है कि 4 साल के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का कोई भविष्य ही नहीं है, इनका जीवन बर्बाद हो जाएगा। दरअसल इस योजना के अंतर्गत अगर 100 जवान अग्निवीर बनते हैं तो उसमें से 25 प्रतिशत तो सीधा सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगें और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है और केंद्र सरकार के पैरामिलिटरी फोर्स में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है। अमित शाह ने कहा इनको रिजर्व सीटों के उपरान्त सेलेक्शन में भी बहुत सी रियायतें दी हैं। जैसे उम्र की रियायत, इग्जैमिनेशन में कुछ ऐडवांटेजस और फिजिकल टेस्ट भी नहीं करने पडेंगे। इन सभी रियायतों के बाद शायद ही कोई अग्निवीर ऐसा बचेगा जो



स्टेट की पुलिस फोर्स या सेंटर पैरा मिलिट्री फोर्स में ना आया हो। इसके अलावा भी बहुत से प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसीस और कंपनियों ने भी अग्निवीर के लिए प्राथमिकता तय की है। अब एक युवा 4 साल सरकारी खर्चे से ट्रेनिंग करेगा और सक्षम हो जायेगा 4 साल उसको अच्छी तनख्वाह के साथ-साथ 4 साल के बाद पेंशन नुमा पूरे जीवन की नौकरी भी मिलेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इसमें जवानों को कोई नुकसान नहीं होने वाला है। राहुल गाँधी अपने पार्टी के फायदे के लिए सरासर झूठ लोगों के बीच में फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहें हैं।

## यात्रियों की सेवा में जुटा रुद्रप्रयाग प्रशासन

**रुद्रप्रयाग,** 25 मई (देशबन्धु)। विश्व विख्यात केदारनाथ धाम की यात्रा पर पहुंच रहे भक्तों के लिये प्रशासन की ओर से अब निशुल्क रहने एवं खाने की व्यवस्था भी की जा रही है, जिससे यहां पहुंचने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामान न करना पड़ा। साथ ही

■ केदार यात्रियों के लिए निशुल्क रहने एवं खाने की व्यवस्था

तीर्थयात्रियों को निशुल्क मेडिकल सुविधा भी दी जा रही है। अगस्त्यमुनि खेल मैदान में प्रशासन ने पांच सौ यात्रियों के रहने एवं खाने की व्यवस्था की है। यहां पर प्रशासन की ओर से एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिससे यात्रियों को यात्रा की प्रत्येक गतिविधि का पता चल सके। यात्री अगस्त्यमुनि खेल मैदान में अपने वाहन भी आराम से पार्क कर सकते हैं। वहीं धाम में दर्शन और प्रशासन की व्यवस्थाओं से यात्री भी खुश हैं। विश्व विख्यात केदारनाथ धाम की यात्रा में रिकार्ड



संख्या में तीर्थ यात्री पहुंच रहे हैं। औसतन हर रोज 32 से 35 हजार के बीच यात्री धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। उत्तराखंड के चारों चारो धामों गंगोत्री, यमुनोत्री और बद्रीनाथ से अधिक भक्त केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ रहे हैं। यात्रियों व यात्री वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण सोनप्रयाग, सीतापुर सहित अन्य छोटी-बड़ी पार्किंग फुल हो जा रही है। कुछ समय के लिये केदारनाथ हाईवे पर जाम की स्थिति भी बन रही है। यात्री जाम में न फंसे और यात्रियों को आराम भी मिले, इसके लिये रुद्रप्रयाग प्रशासन की ओर से यात्रियों के लिये निशुल्क रहने व खाने की व्यवस्था की जा रही है।

# केदारघाटी में उड़ रहे हैं खटारा हेलीकॉप्टर

**रुद्रप्रयाग,** 25 मई (देशबन्धु)। यूकेडी के केंद्रीय मीडिया प्रभारी मोहित डिमरी ने कहा कि केदारघाटी में हेलीकॉप्टर कंपनियों की मनमानी चल रही है। हवाई कंपनियां यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। सुरक्षा मानकों का कहीं भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। खटारा हेलीकॉप्टर उड़ाए जा रहे हैं। लेकिन आज तक इन हेलीकॉप्टरों की जांच तक नहीं की गई। कायदे-कानून को ताक पर रखकर हवाई सेवाएं उड़ान भर रही है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन का इन कंपनियों पर कोई भी नियंत्रण नहीं है। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद भी सबक नहीं लिया जा रहा है। कंपनियां यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। मोहित डिमरी ने कहा कि हेली कंपनियों के हेलीपेड पर टिकट लेकर पहुंचने वाले यात्रियों को घंटों इंतजार कराया जाता है। लेकिन इस दौरान कोई उन्हें बताने वाला नहीं होता कि यात्रा के दौरान उन्हें किन-



■ यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं हेली कंपनियां

■ हेलीकॉप्टर कंपनियों के खिलाफ खोला जाएगा मोर्चा

किन सावधानियों का ख्याल रखना है। जब उन्हें हेलीकॉप्टर में ठूंसा जाता है तो उससे चंद मिनट पहले ट्रैफिक कंट्रोल से जुड़ा स्टाफ उन्हें बताता है कि उन्हें कहां खड़ा होना है। इससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। केदारघाटी में लंबे समय से हेलीकॉप्टर कंपनियां उड़ानें भर रही हैं। भारी कीमत चुकाने के बावजूद केदारघाटी को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। इसकी भी जानकारी नहीं है कि उक्त कंपनियां सीएसआर का पैसा कहां खर्च करती हैं। जबकि सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) का पैंसा केदारघाटी के विकास पर होना चाहिए। इसके साथ ही हेली टिकट के नाम पर यात्रियों से मनमाने रेट लिए जाने के भी अत्याधिक मामले सामने आ रहे हैं। इसमें कंपनियों की भी मिलीभगत है। इसकी गहनता से जांच होनी जरूरी है। अक्सर स्थानीय लोगों को हेलीकॉप्टर की टिकटें नहीं मिलती हैं। स्थानीय लोगों के लिए भी टिकट के लिए कोटा निर्धारित किया जाए। नियम विरुद्ध और मनमाने तरीके से उड़ान भर रही हेलीकॉप्टर कंपनियों को नियंत्रित न होने पर जल्द धरना-प्रदर्शन शुरू करते हुए हेलीकॉप्टर सेवाएं बाधित कर दी जाएंगी।

# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के सैलाब से झूमा उत्तराखण्ड

■ **अमरनाथ तिवारी**

**देहरादून,** 25 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड में चार धाम यात्रा चरम पर चल रही है। चारों धामों में श्रद्धालुओं के सैलाब से व्यापारी और वहां पर

■ मुख्यमंत्री धामी ने यात्रा मैनेजमेंट में झोंकी पूरी ताकत

■ यात्रियों की सुविधाओं के लिए दो मजिस्ट्रेट किए गए तैनात


अपनी जीविका कर रहे हैं सभी लोगों के चेहरे पर चमक छाई हुई हैं। अब तक चारों धामों में कुल 09 लाख 67 हजार 302 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारों धाम में बढ़ते जन सैलाब से कठिनाइयां जरूर हुई लेकिन शासन प्रशासन ने मुस्तैदी से व्यवस्थाओं को बनाए रखा है। चार धाम यात्रा के मध्य नजर दो और अफसर को तैनाती दी है। अशोक कुमार पांडे सीडीओ नैनीताल को



बद्रीनाथ धाम भेजा गया है ,जबकि एडीएम रुद्रपुर पंकज उपाध्याय को केदारनाथ धाम भेजा गया है। इससे पहले मनीष जैन और अंशुल सिंह को इन दोनों धामों की जिम्मेदारी दी गई थी। मौजूदा समय में यात्रा व्यवस्था को कुशलतापूर्वक संचालित करने को सभी विभाग, एजेंसियां तत्परता से जुटी हुई हैं। सीएम धामी ने सचिवालय के सभी सीनियर अधिकारियों को चार धाम यात्रा के प्रबंधन में लगाया हुआ है। जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चार धाम यात्रा बेहतर रूप से संचालित हो रही है। देश-विदेश से लोग चार धाम यात्रा में रुचि दिखा रहे हैं जो उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चार धाम यात्रा को लेकर लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ कहा है की लापरवाही बरतने वाले अफसर के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होंने यात्रा की मॉनिटरिंग के लिए अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही पुष्कर सिंह धामी ने मानसून सीजन में यात्रा के मध्य नजर अभी से तैयारी करने के लिए कह दिया है। चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि, इस बार यात्रा में भीड़ बढ़ने से कुछ कठिनाई जरूर हुई, लेकिन सरकार के कुशल प्रबंधन से यात्रा व्यवस्थाएं सुचारु हो गईं।

### राज्यपाल ने गुरूद्वारे में टेका मत्था


**नैनीताल।** प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि)



ने शनिवार को नगर के मल्लीताल स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका। इसके बाद समीप में स्थित मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और मंदिर समिति के पदाधिकारियों की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

### धामी को पैदल यात्रा करने की दी सलाह

**श्रीनगर।** पूरे प्रदेश में चारधाम यात्रा चल रही है। यात्रा में हो रही अवस्थाओं को लेकर कांग्रेस भड़की हुई है। इसी क्रम में कांग्रेस नेता मंत्री प्रसाद नैथानी ने सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि सरकार चारधाम यात्रा को सुचारू नहीं कर पाई है। हर जगह अवस्थाओं का बोल बाला है। आलम ये है कि जगह-जगह जाम लग रहा और खाने-पीने की व्यवस्था भी चौपट है। ऐसे में मुख्यमंत्री धामी को चारधाम की पैदल यात्रा करना चाहिए, तभी सरकार को जमीनी हकीकत का पता चलेगा कि यात्री कितने परेशान हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि का जो कंसेप्ट है, उसे सिद्ध करने के लिए पिछले 24 वर्षों से लगातार विश्वनाथ जगदीशिला की डोली यात्रा चल रही है। 327 धाम चिह्नित कर लिए दिए गए हैं और इसी तरह से 1000 धाम चिह्नित करके पूरे



विश्व में उत्तराखंड की संस्कृति को बचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज विश्वनाथ जगदीशिला की डोली कमलेश्वर मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने देव डोली का आशीर्वाद लिया मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यात्रा चमोली, रुद्रप्रयाग और टिहरी जनपद से होते हुए गंगा दशहरा के दिन विसोन पर्वत (टिहरी) गढ़वाल पहुंचेगी और वहां 16 जून को इस यात्रा का समापन होगा।

# प्रादेशिकी

## आयुष्मान मित्र का लैपटॉप, मोबाइल नकदी, अंगूठी गायब

**फर्रुखाबाद,** 25 मई (देशबन्धु)। स्कूटी सवार आयुष्मान मित्र को पीछे से ई-रिक्शा नें टक्कर मार दी जिस पर विवाद हो गया। उसी दौरान आयुष्मान मित्र का बैग जिसमे लैपटॉप, मोबाइल नकदी, अंगूठी आदि था गायब हो गया। थाना कमालगंज के ग्राम किरतपुर निवासी रुचिर कटियार जिला अस्पताल लोहिया में आयुष्मन मित्र के पद पर कार्यरत हैं। रुचिर नें बताया कि वह अस्पताल ने बापास जा रहे थे उसी दौरान आवास विकास अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य के आवास के निकट ई-रिक्शा नें उनको टक्कर मार दी। जिससे उनका ई-रिक्शा वाले से विवाद होनें लगा। विवाद के दौरान उनका बैग किसी ने साफ कर दिया। जानकारी होनें पर रुचिर नें आवास-विकास चौकी की उपनिरीक्षक सुधा पाल को सूचना दी लेकिन उन्होंने टरका दिया। बाद में रुचिर नें थानें जाकर शिकायत की।

# इंडिया गठबंधन रामद्रोही व राष्ट्रविरोधी : योगी

- मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा में की भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील
- सलेमपुर, बलिया, चंदौली व गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में मांगे वोट


देश की सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं विपक्षी दल : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** 25 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा और महिलाओं को बुर्के में घर में ही दुबकना पड़ेगा। वहीं आपके भाजपा के वोट से देश में तेजी से विकास, सुरक्षा, सम्मान व गरीब कल्याण योजनाएं लागू हो रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परम रामभक्त हैं, उन्होंने 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला को दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान किया है। मोदी सरकार ने ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाए हैं। वहीं कांग्रेस और सपा के लोग रामद्रोही के साथ राष्ट्र विरोधी भी हैं। ऐसे में इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में धुआंधार प्रचार के दौरान कही। इस दौरान सीएम ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। योगी ने सलेमपुर लोकसभा की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि बीजेपी संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। हम आधी आबादी को सम्मान दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तीन तलाक की कुप्रथा को कांग्रेस फिर से लागू करना चाहती है। यही नहीं ये कहते हैं कि सत्ता में आए तो अल्पसंख्यकों को उनकी रुचि के हिसाब से खाने की आजादी देंगे। इसका मतलब ये लोग गोकशी की छूट देना चाहते हैं। रामजन्म भूमि का जो पुण्य आपके साथ जुड़ा है उस पुण्य को गोकशी कराने वाले कांग्रेस और सपा को वोट देकर पाप के भागीदार न बने। योगी ने कहा कि हम एक तरफ राममंदिर बनाते हैं तो आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाते हैं।

मगर, सपा के लोग सिर्फ वोट बैंक को खुश करने के लिए महाराज सुहेलदेव का नाम तक नहीं लेते, क्योंकि महाराज सुहेलदेव ने बहराइच में सालार मसूद को मार गिराया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया लोकसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने यहां राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। नौरंगा में प्रत्येक घर में सोलर लाइट देने की कार्रवाई के लिए 14 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए गए हैं। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ और बलिया ने खुद को 1942 में ही आजाद घोषित कर लिया था। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का लिंक एक्सप्रेसवे बलिया तक जाएगा, इसका काम युद्धस्तर पर चल रहा है। आज यहां फोरलेन कनेक्टिविटी, बाढ़ की समस्या का समाधान, बलिया में उत्पादित सब्जी दुनिया के बाजार में जा रही है। चंद्रशेखर जी ने गांव में जो हॉस्पिटल बनवाया था, हमारी सरकार ने उसे प्रारंभिक रूप से चालू कर दिया है।

### विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा चंदौली : मुख्यमंत्री

योगी ने चंदौली लोकसभा की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज चंदौली विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। वहीं विरासत का सम्मान भी हो रहा है। यहां पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर बना स्मारक इसका जीता जागता उदाहरण है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम के साथ ही भगवान मार्कण्डेय धाम का सौंदर्यीकरण सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चंदौली में बाबा कीना राम के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है। यहां की सड़कें फोर लोन की बन रही हैं। यहां पर फ्लाईओवर और पुल का जाल बिछाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि चंदौली कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। ऐसे में यहां सिंचाई के लिए किसानों को नई-नई सुविधाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ भी सबसे अधिक चंदौली को ही दिया गया है। श्रमिकों, गरीबों के अनाथ और निराश्रित बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में हाईटेक टेक्नलॉजी से शिक्षा दी जा रही है।

# एलआईसी का हुआ डिजीटलीकरण अब पेपर लेस होगा कार्य



- लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिहाफी सगठन की बैठक आयोजित
- डिजिटल इनोवेशन से ही कार्य करेंगे अभिकर्ता
- आनंदा एप्लीकेशन के माध्यम से ही संभव होंगे सभी बीमे

**मेरठ,** 25 मई (देशबन्धु)। लाईफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफइंडिया लिहाफी सगठन मवाना के तत्वावधान में एक मीटिंग का आयोजन मेरठ रोड लाला जी मण्डप में किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अभिकर्ता जव्वार अहमद ने की तथा संचालन प्रदीप कुमार ने किया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार शर्मा, विविस्ट अतिथि बादल कुमार, मधुकर रस्तौगी,व संगठन अध्यक्ष सोम चौधरी रहे। मीटिंग में मुख्य वक्ता अमित कुमार ने अभिकर्ताओं को विस्तार से आनंदा से पॉलिसी कैसे करे बारीकी से बताया तथा एक पॉलिसी उन्होंने अपने मोबाइल फोन से करके भी बताई। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में सभी बीमे आनंदा एप्लीकेशन के माध्यम से ही संभव हो सकेंगी। अभिकर्ताओं को डिजिटल इनोवेशन से ही कार्य करना होगा तभी आप को सफलता मिलेगी। मीटिंग में अभिकर्ता धर्मेंद्र कुमार ने क्लब सदस्यता के बारे में जानकारी दी। महावीर सिंह बादल ने भी अपना सगठन मजबूत बनाने पर जोर दिया। राजेंद्र कुमार नेताजी ने भी अपने वक्तव्य में बीमा कैसे करें बताया। अंत मे सगठन के अध्यक्ष सोम चौधरी ने अपनी टीम गठित करते हुए सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। मीटिंग में सैकड़ों अभिकर्ताओं की उपस्थिति रही सभी अभिकर्ताओं नव नियुक्त टीम का जोर सोर से स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ट अभिकर्ता जव्वार अहमद ने सभी उपस्थित अभिकर्ताओं को इतनी गर्मी होने पर आने के लिये धन्यवाद दिया।

## सार संक्षेप

### दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मवाना।** नगर स्थित कृषक इण्टर कालिज में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने एवं संचालन सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हवलदार अमित सहरावत ने किया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने कहा कि आप सभी को बीते दस दिन में जो बेसिक प्रशिक्षण देते हुए सैन्य अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया है इसको यदि आप अपने जीवन में सार्थक कर लेते हो तो आप भविष्य में जिस क्षेत्र में भी प्रतिनिधित्व करोगे वहाँ आपकी एक अलग ही पहचान होगी। भीष्ण गर्मी के बीच जिस तरह अनुशासित रह कर आपने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है वह आप सभी में दृढता का एक नया अध्याय लिखेगा। सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार के सानिध्य में बटालियन के उच्च शिक्षित स्थाई प्रशिक्षक हवलदार अमित सहरावत का विशेष योगदान रहा।

### साधनामय जीवन बार-बार नहीं मिलता : मुनी श्री

**मवाना/हस्तिनापुर।** जैन धर्मनगरी स्थित प्राचीन बड़ा मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान के 10वें दिन मुख्य मंदिर में भगवान का अभिषेक कर विधान की शुरुआत की गई। तदोपंरात भंगवतों की शांतिधारा पंकज जैन, सीमा जैन, सक्षम जैन, प्रांजली जैन, ने कर पुण्य का संचय किया। विधान की समस्त क्रियाएं पं. आशीष जैन शास्त्री व आयुष जैन शास्त्री ने संपन्न कराईं। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में मुनि ने कहा है कि व्यावहारिक कार्य और घरेलू चर्चा मंदिर में नहीं करनी चाहिए। यह पाप का कारण है। धार्मिक मर्यादाओं के पालन से पुण्य बंध होने के साथ-साथ जीवन भी सफल होता है। तथा यह बताया कि साधनामय जीवन बार-बार नहीं मिलता उन्नति के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है, जो इसके मूल्य को समझता वह कितनी ही बाधाए, उपसर्ग, परिषह क्यों न आए उन्हें सहर्ष स्वीकार कर अपने साधना पथ पर आगे बढ़ता चला जाता है। विधान के दसवें दिन विभिन्न प्रांतों से आए 110 परिवारों ने हिस्सा ले पुण्य का संचय किया। सांयकालीन बेला में आरती के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक अन्ताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### अलीगंज के खिरिया पमारान में 73.99 प्रतिशत पुनर्मतदान

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा-40 के विधानसभा अलीगंज के ग्राम 'खिरिया पमारान' में पुनर्मतदान कराया गया। जिसमे शाम 6 बजे तक कुल 73.99 प्रतिशत मतदान हुआ। जो 13 मई को हुए मतदान से लगभग 5 प्रतिशत अधिक है। दरअसल 13 मई को 'खिरिया पमारान' नाबालिक द्वारा लगभग आठ वोट डालनें का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले में आरोपी किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। वीडियो को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी नें सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। चुनाव आयोग नें पुनर्मतदान की संस्तुति की थी। शनिवार को सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ। ग्रामीणों से अधिकारियों नें भय-मुक्त होकर मतदान करनें की अपील की। सुबह 11 बजे तक यहां 34.73 प्रतिशत मतदान हुआ था।

# युवक ने किशोरी से किया बलात्कार का प्रयास

- किशोरी के शोर मचाने पर मौके से भाग निकला आरोपी
- आसपास के लोगों ने दी कंट्रोल रूम को सूचना

**मवाना,** 25 मई (देशबन्धु)। हस्तिनापुर मार्ग स्थित मध्य गंग नहर किनारे किशोरी कि समुदाय विशेष के युवक ने बहला-फुसला कर दुष्कर्म करने की कोशिश की। किशोरी ने शोर मचाया तो युवक भाग निकला। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी 112 नंबर की पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की तलाश की लेकिन वह फरार हो गया। पीड़ित किशोरी की मां ने थाने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी। जानकारी के अनुसार मवाना निवासी 8 वर्षीय किशोरी दोपहर लगभग तीन बजे रास्ता भटक कर हस्तिनापुर मार्ग जिला मध्य गंग नहर पहुंच गई। किशोरी ने राहगीर समझ समुदाय विशेष के युवक से रास्ता पूछा तो समुदाय विशेष का युवक किशोरी को बहला फुसला कर नहर किनारे गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवा बच्ची को खेत में छोड़ मौके से फरार हो गया। मामले की जानकारी लोगों ने सूचना थाना पुलिस और हिंदू संगठन के लोगों को दी। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठन के लोगों और थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश की लेकिन खबर लिखे जाने का आरोपी का पता नहीं चला। पीड़ित बच्चे की मां ने थाने पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

# एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पुरस्कारों का किया गया वितरण



**मेरठ,** 25 मई (देशबन्धु)। बागपत रोड स्थित विद्या नॉलेज पार्क में 70 यूपी वाहिनी एनसीसी मेरठ द्वारा आयोजित दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन एनसीसी कैडेट्स ने अपने दिन की शुरुआत पीटी एवं योग से की। इसके पश्चात सूबेदार एसपी शर्मा एवं सूबेदार सुभाष चन्द के साथ सीएचएम जितेन्द्र कुमार, हवलदार कुलदीप सिंह, हवलदार सुभाष चन्द्र, हवलदार दिवेन्द्र कुमार, हवलदार चौन सिंह ने कैडेट्स को चार कम्पनी एल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा में बॉटकर ड्रिल का दैनिक अभ्यास कराते हुए सावधान, विश्राम, दॉहिने मुड, बॉये मुड एवं मार्च पास्ट करने का तरीका सीखाते हुए ड्रिल की बारीकियों से अवगत कराया। इसके उपरान्त शिविर में कैम्प कमानडेन्ट कर्नल पंकज मग्गो, चेयरमैन प्रदीप जैन, प्रबन्ध निदेशक विशाल जैन, विद्या नॉलेज पार्क, विनीत सूद, प्रधानाचार्य विद्या ग्लोबल स्कूल, मेजर मनोज गौड़, विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा एवं सभी सह एनसीसी अधिकारियों, पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ एवं कैडेटस् का सामूहिक चित्र लिया गया। नायब सूबेदार प्रवीण ठाकुर, सीएचएम संजीव कुमार एवं कैडेट कन्या अनुदेशक लक्ष्मी ने कैडेटस् को सर्विस प्रोटेक्टर' के बारे में जानकारी प्रदान की। कैम्प एडजूटेन्ट ले आशीष गौड़, ले मौ जकी, ले मनीष कुमार, ले शिफाली मल्होत्रा एवं सह एनसीसी अधिकारी दीपक कुमार, सुबोध कुमार, कमलेश राघव एवं जूली सिंह ने अलग-अलग कक्षाओं के माध्यम से कैडेट्स को आपदा प्रबन्धन' एवं प्रदूषण नियंत्रण एवं कचरा प्रबन्धन विषय पर व्याख्यान दिया। सांयकालीन सत्र में शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कैडेट रिया एवं कैडेट अनन्या ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन किया। शिविर में कैम्प कमानडेन्ट कर्नल पंकज मग्गो, डिप्टी कैम्प कमानडेन्ट कर्नल नीरज कुमार, कैम्प एडजूटेन्ट ले आशीष गौड़, ले मौ जकी, ले मनीष कुमार सहयोगी एनसीसी अधिकारी सुबोध कुमार, दीपक कुमार, जूली सिंह आदि मौजूद रहे।

### कैडेट्स ने दी मनमोहक प्रस्तुति

एनसीसी कैडेट्स ने सोलो सॉन्ग, सोलो डॉस एवं ग्रुप डॉस की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसमें मुख्य रूप से हम्टी डम्टी डॉस 'बिल्लो ठुमका लगा' हवन करेंगे, एवं देश रंगीला रंगीला आदि मुख्य रूप से सराहे गए। इसके पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताओं के चयनित कैडेट्स को एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को कैम्प कमानडेन्ट कनर्ल पंकज मग्गो ने मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में कैडेट्स को माह फरवरी/मार्च 2025 में होने वाली 'ए', 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा की तैयारी हेतू प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी



- परिजनों ने दहेज का आरोप लगा दी हत्या की तहरीर

**मवाना,** 25 मई (देशबन्धु)। थाना क्षेत्र के गांव भैंसा का विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर की छत में लगे पंखे में लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भैंसा गांव निवासी 28 वर्षीय रूबी उर्फ झुमकी पत्नी आदेश उर्फ मोंटी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शुक्रवार की देर रात घर में लगे पंखे में लटका मिला। जानकारी के बाद परिवार में कोहराम मच गया मामले की सूचना मृतका के परिजन और थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला के परिजनों ने हंगामा करते हुए दहेज हत्या का आरोप लगा थाने पर तहरीर दी। थाना सरधना छुर गांव निवासी मृतका के भाई कपिल कुमार पुत्र हरबीर सिंह थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन रुबी उर्फ झुमकी की शादी वर्ष 2015 को आदेश उर्फ मोन्टी पुत्र सुकम पाल सिंह निवासी ग्राम भैंसा उर्फ भीष्म नगर के साथ हिन्दू रिति रिवाज से हुई थी। शादी में दस लाख रुपये खर्च के बाद भी रुबी के ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और दजेह की मांग कर रुबी को पति आदेश, देवर व सास आये दिन परेशान करते थे।

मृतका महिला के भाई ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि को उसकी बहन के ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर दहेज न मिलने पर रुबी की हत्या कर दी। रूबी की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। रूबी अपने पीछे चार वर्ष के बच्चे रुद्रा को छोड़ गई है।

## विदाई के अनमोल पलों को कैडेट्स ने किया कैमरे में कैद

**मवाना,** 25 मई (देशबन्धु)। कृषक इण्टर कॉलेज, मवाना के प्रांगण में 73 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने एवं संचालन सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हवलदार अमित सहरावत ने किया। कैम्प कमांडेंट कर्नल मृदुल मित्तल ने कहा कि दस दिनों में जो बेसिक प्रशिक्षण देते हुए सैन्य अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया है, इसको यदि 60 प्रतिशत भी अपने जीवन में सार्थक कर लेते हो तो आप भविष्य में जिस क्षेत्र में भी प्रतिनिधित्व करोगे, वहां आपकी एक अलग ही पहचान होगी। भीषण गर्मी के बीच जिस तरह अनुशासित रह कर आप सभी ने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह सभी में दृढ़ता का एक नया अध्याय लिखेगा। कैम्प के सफल संचालन में डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल शरद पाठक, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, नगर पालिका परिषद स्टाफ, उपस्थित एएनओ, सिविल स्टाफ, बटालियन के सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार, जेसीओ साहब, पीआई स्टाफने सहयोग दिया है। इसके उपरान्त एनसीसी गान व भारत माता की जय के उदघोष के साथ कैम्प का विधिवत समापन हुआ। दस दिनों तक साथ रहने के बाद एक दूसरे से बिछड़ने का अहसास सभी कैडेट्स के चेहरे पर साफ नजर आया।

## जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में बैठक आयोजित

**मेरठ,** 25 मई (देशबन्धु)। सैनिक बन्धु बैठक जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी मेरठ, कैप्टन (आई.एन) राकेश शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट अनील कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जमीन से सम्बंधित और पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें रहीं। शनिवार की बैठक में सबसे अहम मुद्दा सविता देवी पत्नी शहीद अनिल कुमार दिनांक 12 जून 2003 को शहीद हो गए थे। प्रार्थिनी को कृषि हेतु आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया था, परन्तु इस मुद्दे को जिलाधिकारी महोदय को सौंपा गया है। उन्होंने प्रस्ताव रखा है कि उनकी एक बैठक माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ करा दी जाये। दूसरा मुद्दा बृजेश कुमार ने शनिवार की बैठक में कहा कि उच्च स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उच्च स्तर के अधिकारियों के आदेशों के बाबजूद यह देखा गया है कि निचले स्तर पर कार्यवाही नहीं हो पाती है और भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके शहीद आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। पुलिस विभाग से अभिषेक तिवारी सीओ सिविल लाइन भी अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर रहे है कि समस्याओं का समाधान एक निर्धारित समय में हो सके। कर्नल डी.एस.वर्मा, कर्नल वेटरन्स भी उपस्थित रहे। जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक बहुत आशा लेकर इसमें भाग लेते है और इस उम्मीद से की उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।



**समीक्षा** *ऊर्जा भवन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की बैठक आयोजित*

# विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सुनिश्चित : ईशा दुहन

**मेरठ,** 25 मई (देशबन्धु)। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन द्वारा उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। सांई हैरीटेज छपरौल दादंरी अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-चतुर्थ नोएडा में विद्युत आपूर्ति में लापरवाही बरतने में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर राजकुमार, अवर अभियन्ता, जयहिन्द, उपखंड अधिकारी एवं अवनीश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-चतुर्थ, नोएडा को आरोप-पत्र निर्गत किए गए हैं।



- अधिकारियों को दिए विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

शनिवार को प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में डिस्काम मुख्यालय ऊर्जा भवन मेरठ में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई बैठक में यह निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता एवं उपखण्ड अधिकारी स्तर के, अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। प्रबन्ध निदेशक ने भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति करने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पीक आवर्स में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती की निगरानी की जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए प्लान्ड शट-डाउन पर रोक लगा दी गई है, अपरिहार्य स्थिति में ही शट डाउन दिया जाऐगा। अनुरक्षण के अभाव में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होन पर सम्बंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए प्रतिदिन जांच व अनुरक्षण का कार्य सुनिश्चित कराया जाए। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिये कि स्टोर व वर्कशाप के बीच समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्यशाला मंडल पंकज अग्रवाल ने बताया कि 7092 ट्रान्सफार्मर उपलब्ध हैं जिनका उपयोग ट्रान्सफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर तुरन्त किया जा सकेगा। वीडियों कान्फ्रेंसिंग मे प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए कि बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाना आवश्यक हैं। उन्होनें कहा कि ओवर लोड ट्रान्सफार्मर की क्षमता बढ़ाना और जहां बार-बार ट्रान्सफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं वहां उच्च क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाये जाना आवश्यक है। उन्होनें निर्देश दिये कि ओवर लोडिग की समस्या के समाधान के लिए जहां कही भी क्षमता वृद्धि का कार्य होना है उन्हें बिजनेस प्लान में शीघ्र शमिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि आगामी दिवसों में मौसम विभाग द्वारा हीट-वेव की चेतावनी को दृष्टीगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति में कोताही न बरती जाए। प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोलरूम की नियमित मॉनेटिरिंग सुनिश्चित की जाए। अधिकारी पीक आवर्स में अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें।

## डीमए ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

**मेरठ,** 25 मई (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मतगणना केंद्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा



व्यवस्था के दृष्टिगत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया तथा मतगणना तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रमुख राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# बक्सर में होगा बहुकोणीय मुकाबला

## भाजपा के मिथिलेश तिवारी, राजद से सुधाकर सिंह चुनावी समर में उतरे

**पटना,** 25 मई (एजेंसियां)। बिहार के बक्सर संसदीय सीट पर इस बार के चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। गंगा के तट पर बसे बक्सर संसदीय सीट पर करीब तीन दशक से भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी तत्कालीन जनता दल एवं मौजूदा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच ही मुकाबला होता रहा है। इस बार के चुनाव में बक्सर संसदीय सीट पर बहुकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। भाजपा के टिकट पर बैकुंठपुर से पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी, राजद के टिकट पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और रामगढ़ के विधायक सुधाकर सिंह चुनावी समर में उतरे हैं, वहीं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा, पूर्व विधायक ददन यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के अनिल कुमार के चुनावी जंग में उतरने से बक्सर की चुनावी जंग बहुकोणीय हो गई है।

### ब्राह्मण बहुल क्षेत्र है बक्सर

ब्राह्मण बहुल क्षेत्र बक्सर में लगातार दो बार वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में जीत का परचम लहरा चुके केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का टिकट काटकर भाजपा ने उनकी जगह पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवारी मिलने के साथ ही चौबे ने विरोध शुरू कर दिया। आनंद मिश्रा 2011 बैच के असम कैडर के आईपीएस रहे हैं। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा से इस्तीफा देकर राजनीति में कदम रखा है। आनंद मिश्रा के भाजपा के टिकट पर बक्सर से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें थीं लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिससे नाराज होकर वह निर्दलीय चुनावी रणभूमि में उतर आये हैं।

कभी कांग्रेस का अभेद्य दुर्ग कहे जाने वाले बक्सर लोकसभा क्षेत्र पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। बदलते परिवेश में कांग्रेस के आधार वोटर भाजपा में शिफ्ट हो गए। वर्ष 1984 के बाद चालीस वर्ष से कांग्रेस बक्सर लोकसभा से संसदीय चुनाव नहीं जीत पायी है। बक्सर लोकसभा क्षेत्र 1957 में अस्तित्व में आया। इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी डुमरांव महाराज कमल सिंह निर्वाचित हुए। इससे पूर्व कमल सिंह वर्ष 1952 में शाहाबाद उत्तर पश्चिम सीट से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी ही सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस प्रत्याशी अनंत कुमार शर्मा ने निर्दलीय कमल सिंह को पराजित कर उनके हैट्रिक लगाने के सपने को चूर कर दिया।

वर्ष 1967 में कांग्रेस के रामसुभग सिंह निर्वाचित हुए। रामसुभग सिंह इससे पूर्व वर्ष 1952 में शाहाबाद साउथ, वर्ष 1957 में सासाराम और वर्ष 1962 में विक्रमगंज से भी सांसद रहे थे। वह केंद्रीय खाद्य और कृषि राज्य मंत्री, केंद्रीय सामाजिक सुरक्षा और कुटीर उद्योग मंत्री, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, केंद्रीय रेल मंत्री भी रहे।वर्ष 1971 में कांग्रेस के अनंत कुमार शर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (संगठन-एनसीओ) प्रत्याशी रामसुभग सिंह को मात दे दी। अनंत कुमार शर्मा रेलवे यूनियन लीडर थे। ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उनके करियर के कारण, उन्हें भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने बिहार के बक्सर निर्वाचन क्षेत्र से संसदीय चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया था। वर्ष 1966 में, वह बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। वर्ष 1974 में, उन्हें इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत सरकार में उद्योग राज्य मंत्री बनाया गया। इसके बाद, वह भारत सरकार में संचार, भूतल परिवहन, जहाजरानी और नागरिक उड्डयन सहित मंत्रालयों के केंद्रीय मंत्री बने। वह पंजाब और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी बने। वह तीन बार राज्यसभा सांसद भी रहे। उन्होंने मिसौरी स्कूल ऑफ जर्नलिज्म से पत्रकारिता में डिग्री भी हासिल की थी। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल के रामानंद तिवारी ने कांग्रेस के अनंत कुमार शर्मा को शिकस्त दी। वर्ष 1980 में इंदिरा कांग्रेस के कमलाकांत तिवारी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सूरज प्रसाद को पराजित किया। जनता पार्टी उम्मीदवार रामानंद तिवारी तीसरे नंबर पर रहे।

1984 के चुनाव में भी कमला कांत तिवारी ने जीत का सिलसिला बरकरार रखा। वर्ष 1984 में कांग्रेस के कमलकांत तिवारी ने भाकपा के तेज नारायण सिंह को मात दी। भाजपा के लालमुनि चौबे तीसरे नंबर पर रहे। कमल कांत तिवारी केन्द्र सरकार में मंत्री भी रहे थे। इसके बाद के चुनाव में वाम दल सशक्त हुआ।वर्ष 1989 में भाकपा के तेज नारायण सिंह ने भाजपा के कमल सिंह को शिकस्त दी। कांग्रेस के कमलकांत तिवारी तीसरे नंबर पर रहे। वर्ष 1991 में भी भाकपा के तेज नारायण सिंह ने भाजपा के कमल सिंह को शिकस्त दी। कांग्रेस के कमलकांत तिवारी तीसरे नंबर पर रहे।

### भाजपा नेता लाल मुनि चौबे बक्सर सीट से लगातार चार बार सांसद बने

पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के करीबी रहे दिग्गज भाजपा नेता लाल मुनि चौबे बक्सर सीट से लगातार चार बार सांसद चुने गए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को बक्सर की सोनपापड़ी बेहद पसंद थी। वर्ष 1996 में पहली बार बक्सर सीट पर भाजपा का खाता खुला। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लाल मुनि चौबे का जलवा बक्सर में कायम रहा। वर्ष 1996 में भाजपा के लाल मुनि चौबे ने पहली बार बक्सर में पार्टी का 'केसरिया' लहराया। भाजपा के चौबे ने भाकपा के तेजनारायण सिंह को पराजित किया। वर्ष 1998 में भी भाजपा के चौबे ने राजद के उदय प्रताप सिंह को मात दी। भाकपा के तेज नारायण सिंह तीसरे नंबर पर रहे। वर्ष 1999 में भाजपा के चौबे ने राजद प्रत्याशी पूर्व सांसद रामानंद तिवारी के पुत्र शिवानंद तिवारी को पराजित कर जीत की हैट्रिक लगायी। भाकपा के तेज नारायण सिंह तीसरे नंबर पर रहे। वर्ष 2004 में भाजपा के चौबे ने निर्दलीय प्रत्याशी ददन सिंह उर्फ ददन पहलवान को पराजित कर जीत का चौका लगाया। राजद प्रत्याशी शिवानंद तिवारी तीसरे नंबर पर रहे। परिसीमन के बाद वर्ष 2009 के चुनाव में राजद के जगदानंद सिंह ने भाजपा के लालमुनि चौबे से यह सीट छीन ली। लेकिन अगली बार 2014 के चुनाव में भाजपा के अश्विनी चौबे ने राजद के जगदानंद सिंह को हराकर एक बार फिर 'कमल' को यहां खिला दिया।



### बक्सर जिले में कई ऐतिहासिक और पौराणिक कहानियां

बक्सर को वर्ष 1991 में जिला बनाया गया था। प्राचीन काल में बक्सर का नाम 'व्याघ्रसर' था, क्योंकि उस समय यहां पर बाघों का निवास हुआ करता था। बक्सर जिला कई ऐतिहासिक और पौराणिक कहानियां अपने अंदर समेटे हुए है। मान्यता है कि यहां ऋषि विश्वामित्र का आश्रम था। गुरु विश्वामित्र के आश्रम में भगवान राम और उनके भाइयों ने शिक्षा-दिक्षा हासिल की। यहीं के ब्रह्मपुर गांव में प्राचीन ब्रह्मेश्वर मंदिर मौजूद है, जिसे मोहम्मद गजनवी ने अपने आक्रमण के दौरान ढहा दिया था। बाद में अकबर के नवरत्नों में से एक राजा मानसिंह ने इसका पुनर्निमाण कराया।भगवान राम ने राक्षसी ताड़का का वध किया था। बक्सर जिले की सीमाएं उत्तर प्रदेश से सटती हैं। गंगा नदी के उस पार उत्तर प्रदेश का बलिया जिला है तो इस पार बक्सर। 1764 में बक्सर की लड़ाई ब्रिटिशों को एक शासक के रूप में परिभाषित करने वाली निर्णायक लड़ाई थी, जो अंग्रेजी सेनाओं और बंगाल के नवाब मीर कासिम, अवध के नवाब और मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेना के बीच लड़ी गई थी। यहां चौसा का युद्ध हुमायूं और शेरशाह सूरी के बीच हुआ था। चौसा की लड़ाई मुगल सम्राट हुमायूं और अफगान, शेरशाह सूरी के बीच एक उल्लेखनीय सैन्य लड़ाई थी। यह 26 जून 1539 को चौसा में, बिहार में बक्सर 10 मील दक्षिण-पश्चिम में लड़ा गया था। शेर शाह विजयी हुआ था। बक्सर शहर से 30 किमी दूर बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ का मंदिर है, जहां पर महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। सावन में यहां पशु मेला भी लगता है।यहां की सोनपापड़ी मिठाई बहुत प्रसिद्ध है।

### बक्सर की सियासी जंग बेहद रोचक

वर्ष 2024 के चुनाव में बक्सर की सियासी जंग बेहद रोचक हो गई है। इस बार यहां चुनावी माहौल बदला-बदला दिख रहा है, क्योंकि भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद अश्विनी चौबे को तो राजद ने पिछले चुनाव में उपविजेता रहे जगदानंद सिंह को विराम दे दिया है। बक्सर में पिछले तीन दशक से जीत हार का खेल रचने वाले प्रमुख दल भाजपा और राजद को अपने ही वोट बैंक में सेंधमारी का खतरा दिख रहा है। बक्सर की चुनावी जंग अब पांच उम्मीदवारों के आपसी संघर्ष के साथ परवान चढ़ गई है। पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी को टिकट मिलने के बाद अश्विनी चौबे ने विरोध शुरू कर दिया। अश्विनी चौबे विरोध में काफी सक्रिय नहीं हैं पर उनके मौन के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। पूर्व आईपीएस अफसर आनंद मिश्रा ने भी भाजपा के विरोध में मोर्चा खोल निर्दलीय उम्मीदवार चुनावी रण में उतरे है। अश्विनी चौबे की चुप्पी और आनंद मिश्रा के व्यापक प्रचार अभियान से भाजपा उम्मीदवार की फिलहाल परेशानी बढ़ गई है।

# विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मुद्दे पर फर्स्ट टाइम वोटर्स ने किया मतदान

## मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें, मतदाताओं में दिखा उत्साह

**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान शनिवार हो रहा है। मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें हैं। लोग अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। राजनीति से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों ने लोगों से वोट करने की अपील की है। इस बीच, छठे चरण के मतदान के दौरान पहली दफा वोट करने जा रहे मतदाताओं का उत्साह भी दिखा। किसी ने कहा कि उसने विकास के नाम पर वोट किया है तो किसी ने कहा कि उसने देश की सुरक्षा के नाम पर वोट किया। फिर किसी ने कहा कि उसने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है।




पहली बार मतदान कर आई उत्तर पश्चिम दिल्ली की मतदाता वनीशा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की नीतियों को ध्यान में रखते हुए मैंने मतदान किया है। इसके अलावा बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा है। मैंने पहली बार मतदान किया है। ऐसे में, मैं बहुत उत्साहित थी। मुझे पहली बार वोट करके अच्छा लगा। इसके अलावा मैं अपनी उम्र के मतदाताओं से भी वोट करने की अपील करती हूं। पहली बार मतदान करने पहुंचे मोक्ष ने कहा कि एक युवा होने के नाते मेरे लिए रोजगार एक बड़ा मुद्दा है। मैंने इसी को ध्यान में रख कर मतदान किया है। साउथ दिल्ली के उत्सव कुमार ने भी पहली बार मतदान करने के अपने अनुभव को साझा किया। उत्सव ने कहा कि मैंने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है। हर्ष यादव ने भी पहली बार मतदान करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि जो हमारे देश के हित के लिए काम करेगा और हमारी अर्थव्यवस्था सुधारेगा, मैंने उसी को वोट किया है।

## लोकतंत्र के महापर्व को परिलक्षित करता गूगल का डूडल




**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों को खास और आकर्षक अंदाज में अभिव्यक्त करने की कड़ी में शनिवार को देश में लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव की महत्ता को परिलक्षित करते हुए अपने होमपेज में इलेक्शन डूडल को पेश किया है। गूगल के आज के डूडल में स्याही लगी तर्जनी को दिखाया गया है, जोकि लोकतांत्रिक मताधिकार की परंपरा को कायम रखने का प्रतीक है। इसके साथ ही गूगल ने डूडल के जरिए आम चुनाव से जुड़ी जानकारी साझा करने की अहम भूमिका का निर्वहन किया है। इस डूडल पर क्लिक कर चुनाव संबंधी अपडेट लिए जा सकते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के तीसरे चरण के लिए 42 सीटों पर मतदान कराये जा रहे हैं।

## मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन पर प्रतिबंध से मतदाताओं में नाराजगी

**भुवनेश्वर,** 25 मई (एजेंसियां)। ओडिशा में शनिवार को मतदान के दौरान मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले पर मतदाताओं ने तीखी नाराजगी जतायी। कुछ मतदाताओं ने कहा कि मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध के बारे में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से कोई पूर्व सूचना नहीं थी। मतदाताओं ने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों के पास मोबाइल फोन को सुरक्षित जमा करने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। बूथ पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें मोबाइल फोन के साथ प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जिसके कारण कई मतदाता वोट डाले बिना ही घर लौट गए। प्रदेश चुनाव आयोग के कार्यालय ने बाद में एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि केवल मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी को ही मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति है, जबकि मतदाताओं और मतदान एजेंटों को मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन लाने पर रोक है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाली मतगणना तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 मई (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विगत 26 अप्रैल 2024 निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न हो चुका है एवं आगामी 4 जून को फूल मंडी फेस-2 नोएडा में मतगणना की जाएगी। आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के साथ बैठक करते हुए कहा कि मतगणना कार्य को पारदर्शिता, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा अपनी तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ईवीएम, डाक मतपत्र एवं ईटीपीबी पत्रों की गणना की जाएगी। फूल मंडी फेस-2 नोएडा में नोएडा, दादरी एवं जेवर विधानसभा की ईवीएम मशीनों में पड़े मतों एवं लोकसभा क्षेत्र की पांचो विधानसभाओं के डाक मत पत्र एवं ईटीपीबी के मतों की गणना की जाएगी, जबकि विधानसभा सिकंदराबाद एवं खुर्जा के ईवीएम में पड़े मतों की गणना नवीन मंडी अनूपशहर रोड बुलंदशहर में बनाए गए मतगणना स्थल पर होगी।




- जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के साथ बैठक हुई संपन्न
- आगामी 4 जून को फूल मंडी फेस-2 नोएडा में प्रात: 8 बजे से मतगणना होगी प्रारंभ
- मतगणना हॉल में मोबाइल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पूर्णत: रहेगा वर्जित

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी और कार्य समाप्ति तक की जाएगी। नोएडा, दादरी एवं जेवर विधानसभा की मतों की गणना फूल मंडी फेस-2 नोएडा गौतम बुद्ध नगर में क्रमश: हॉल संख्या 1, 2, 3 तथा विधानसभा सिकंदराबाद एवं खुर्जा की मतगणना नवीन मंडी स्थल अनूपशहर रोड बुलंदशहर में क्रमश: हॉल संख्या 5 व 6 में संपन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के हॉल में 01 टेबल सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं 14 टेबल मतगणना हेतु लगाई जाएगी। ई.टी.पी.बी. की गणना आर.ओ. टेबल पर की जाएगी। उन्होंने बताया ई.टी.पी.बी. की प्रारंभिक गणना/फ्री काउंटिंग हेतु क्यूआर कोड स्कैनर के माध्यम से स्कैनिंग किए जाने हेतु 13 टेबल तथा समस्त डाक मतपत्रों की गणना हेतु 10 टेबल लगाई जाएगी।

निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता द्वारा मतगणना हॉल में मोबाइल फोन अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी नें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को गणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार या राज्य सरकार के आसीन मंत्री, संसद के सदस्य राज्य विधानसभा के सदस्य, नगर निगम के महापौर या नगर पालिका/जिला परिषद/पंचायत संघ के अध्यक्ष आदि, केंद्रीय उपक्रमों/राज्यीय उपक्रमों, सरकारी निकायों/निगम के अध्यक्ष और सदस्य, सरकार से किसी प्रकार का मानदेय या किसी भी सरकारी/सरकार से अनुदान प्राप्त संस्थान में अंशकालिक काम करने वाले व्यक्ति, शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त संस्थानों में काम करने वाले पैरामेडिकल/ स्वास्थ्य कर्मी, उचित मूल्य की दुकान डीलर्स, आंगनबाड़ी कर्मचारी, शासकीय सेवारत व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जिन्हें केंद्रीय राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा घेरा प्रदान किया गया हो उनको गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सरपंच/पंचायत सदस्य जो विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं, आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार समस्त ए.आर.ओ. तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिसिया तांडव से मतदान हुआ प्रभावित : नदीम

**जौनपुर,** 25 मई (एजेंसियां)। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रचारक नदीम जावेद ने आज आरोप लगाया कि उनके गांव में पुलिसिया तांडव के कारण मतदान प्रभावित हुआ। जावेद ने कहा कि उनके गांव की जनता शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कर रही थी। कांग्रेस के कार्यकर्ता निर्धारित दूरी पर बैठ कर मतदाताओं की पर्ची बना रहे थे। इसी बीच खेतासराय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिना किसी कारण से उन्हें पीटने लगी। पुलिस से बचने के लिए लोग घरों में भागे तो घर मे घुसकर पुलिस ने तांडव किया, जिसके चलते मतदान प्रभावित हो गया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रचारक एवं पूर्व विधायक ने पत्रकारों से बताया कि जिले में शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के पारा कमाल गांव में सुबह से लोग मतदान करने के लिए निकल रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि खेतासराय की पुलिस अचानक पहुंची और घर में घुस के लोगों को मारने पीटने लगी। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही मैं अपने गांव पहुंचा और लोगों से बातचीत के बाद इस मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। पूर्व विधायक जावेद ने कहा कि जिस तरीके से भाजपा नेताओं की इशारों पर लोगों को डराने धमकाने काम किया जा रहा है व लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

# दिल्ली के वोटर बोले : जो भी सरकार आए बेरोजगारी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर दे ध्यान

नई दिल्ली 25 मई (एजेंसियां)। देश में लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण की वोटिंग आज शांतिपूर्वक संपन्न हुआ । दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ । दिल्लीमें 2,627 जगहों पर 13,641 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। इस दौरान दिल्ली के वोटरों से हुई बातचीत में वोटरों ने कहा जो भी सरकार आए, वह बेरोजगारी, इंफ्रास्ट्रक्चर और महंगाई को कम करने पर ध्यान दे। ताकि आम लोग अपना जीवन खुशहाली में जी सकें।



एक मेजर ऑपरेशन के बाद अस्पताल से स्वास्थ्य लाभ लेकर लौटे एक वोटर मनोज शर्मा ने बताया कि वोट डालना हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। और पढ़े-लिखे नौजवानों और लोगों से उनकी यह गुजारिश है कि वह अपने मत का प्रयोग हर हाल में जरूर करें। देश में बदलाव के लिए यह सबसे जरूरी है। और देश के विकास के लिए अपना योगदान देकर उन्हें अच्छा लगा। वहीं एक वोटर हैदर अली अशरफी ने बताया कि पोलिंग बूथ को कूल रखने के निर्वाचन आयोग के सभी वादे झूठे साबित हुए हैं। अंदर कूलर की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी की वजह से यहां रखा पीने का पानी गर्म हो गया है। उसको पीना नामुमकिन है। मतदाता परेशान हो रहे हैं। एक अन्य वोटर अंकित पाल ने बताया कि उनको आज वोट डालकर काफी अच्छा लगा। बीते एक महीने से वे इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

उनके अलावा अपनी मां के साथ पहली बार वोट डालने पहुंची वंशिका महाजन ने बताया कि एक लड़की होने के नाते मैं चाहती हूं कि आने वाली सरकार महिलाओं और बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दे।



# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 1.64 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.12 प्रतिशत |
| एलटी | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.68 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.61 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.21 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.18 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.15 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 74,220 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# भारत में संगठित क्षेत्र में बढ़ रहा रोजगार : वित्त मंत्रालय

- भारतीय अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ी
- ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या में लगातार हो रही उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी
- विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में बड़े स्तर पर हुआ रोजगार सृजन




**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। कोविड-19 के दौरान उच्चतम स्तर पर पहुंची बेरोजगारी के बाद इसकी दर में निरंतर गिरावट आ रही है। वित्त मंत्रालय की नवीनतम मासिक आर्थिक समीक्षा के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ी है।

बेरोजगारी दर में गिरावट के साथ-साथ रोजगार को एक औपचारिक स्वरूप देने में भी वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हो रही है। आधार जैसे डिजिटल पहचान का निर्माण, ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण और उद्यम पोर्टल पर एमएसएमई के पंजीकरण ने अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस साल 22 मई तक, 4.4 करोड़ एमएसएमई को उद्यम पोर्टल (उद्यम सहायता प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत अनौपचारिक उद्यमों सहित) पर पंजीकृत किया गया है। इनमें से 97 प्रतिशत से अधिक सूक्ष्म उद्योग हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान ईपीएफओ में 1.47 करोड़ नए सदस्यों को शामिल किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष ईपीएफओ से 1.39 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे।

वित्त वर्ष 24 में ईपीएफओ में लगभग 1.08 करोड़ नए ग्राहक नामांकित हुए। इनमें से 56.7 प्रतिशत नए शामिल ग्राहक 18-25 वर्ष के आयु वर्ग के थे। ईपीएफओ में फिर से शामिल होने वाले सदस्यों की अपेक्षाकृत उच्च संख्या यह दर्शाती है कि श्रम बाजार अपनी सामाजिक सुरक्षा सुरक्षा का विस्तार करने का विकल्प चुन रहा है। पिछले कुछ महीनों में, ईपीएफओ में दोबारा शामिल होने वाले ग्राहकों की संख्या नए ग्राहकों या मौजूदा ग्राहकों के हटने की तुलना में अधिक रही है। वित्त वर्ष 24 के दौरान, 1.64 करोड़ सदस्य पहले बाहर निकलने के बाद फिर से ईपीएफओ से जुड़ गए। ईपीएफओ के अनुसार, इन सदस्यों ने अपनी नौकरियां बदल लीं और ईपीएफओ के तहत आने वाले प्रतिष्ठानों में शामिल हो गए। उन्होंने अपनी बचत को वापस लेने के बजाय इसे नए प्रतिष्ठान में स्थानांतरित करने का विकल्प चुना। पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में मौजूदा ईपीएफओ ग्राहकों के नाम हटाए जाने की संख्या भी कम रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 के दौरान 1.25 करोड़ ईपीएफओ ग्राहक बाहर हो गए, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1.34 करोड़ था। इसमें यह भी कहा गया है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन हुआ है। पीएमआई विनिर्माण रोजगार उप-सूचकांक विनिर्माण क्षेत्र में अधिक रोजगार के अवसरों का संकेत देता है। इसी तरह, पीएमआई सेवा उप-सूचकांक घरेलू मांग में बढ़ोतरी, नए व्यापार लाभ और अंतरराष्ट्रीय बिक्री में बढ़ोतरी के संयोजन से सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में वृद्धि दर्शाता है।

## बैलेंस ग्रोथ के लिए जिला स्तर पर 'इकोनॉमिक इंजन' की आवश्यकता : जोहो



- अगर ग्रामीण जिले के इकोनॉमिक इंजन के जरिए एक हजार डॉलर की प्रति व्यक्ति वैल्यू भी ऐड कर पाते हैं तो वे समृद्ध हो जाएंगे

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। घरेलू क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी जोहो के सीईओ श्रीधर वेम्बू ने शनिवार को कहा कि बैलेंस्ड ग्रोथ के लिए भारत को जिला स्तर पर इकोनॉमिक इंजन की आवश्यकता है।

अपने आप को 'एक्सपेरिमेंटल इकोनॉमिस्ट' मानते हुए उन्होंने कहा कि हर शहर या जिले का अपना एक इकोनॉमिक इंजन होना चाहिए। इससे देश में आर्थिक समृद्धि तेजी से बढ़ेगी। वेम्बू ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं हमेशा पूछता हूं कि किसी रीजन की ओर से पूरी दुनिया से कुछ सामान खरीदने के बदले में क्या बेचा जा रहा है और जो सामान हम किसी रीजन से पूरी दुनिया को बेचेंगे वो उस रीजन का इकोनॉमिक इंजन बन जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इकोनॉमिक इंजन के जरिए आप आसानी से जान सकते हैं कि कौन-सा रीजन कितना समृद्ध है। हम इकोनॉमिक इंजन से हुई आय को रीजन के लिए वैल्यू एडिशन मान सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जोहो, तमिलनाडु के तेनकासी इलाके के लिए हर साल 100 मिलियन डॉलर की वैल्यू ऐड करता है।इस जिले की आबादी करीब 14 लाख है। ऐसे में जोहो का इस इलाके के लिए योगदान जिले स्तर पर 70 डॉलर प्रति व्यक्ति का है। वेम्बू ने जोर देते हुए कहा कि हमें पूरे भारत में ऐसे ही इकोनॉमिक इंजन की आवश्यकता है। हमारे पास 800 से ज्यादा जिले हैं और इससे पूरे देश में समान विकास हो सकता है।अगर ग्रामीण जिले के इकोनॉमिक इंजन के जरिए 1,000 डॉलर की प्रति व्यक्ति वैल्यू भी ऐड कर पाते हैं तो वे समृद्ध हो जाएंगे। क्षेत्र अपने इकोनॉमिक इंजन से पूरी दुनिया को जो निर्यात करता है उससे प्रति व्यक्ति वैल्यू ऐड होता है, इससे इकोनॉमिक इंजन के प्रभाव को भी मापा जा सकता है।

## पीके सिन्हा के आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति को मंजूरी




**मुंबई,** 25 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। श्री सिन्हा जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे। पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्री सिन्हा ने प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) में जाने से पहले चार साल से अधिक समय तक कैबिनेट सचिव के रूप में कार्य किया। 44 साल की लगातार सेवा के बाद वह मार्च 2021 में वहां से सेवानिवृत्त हुए थे। 1976 में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद श्री सिन्हा 1977 में सिविल सेवा में शामिल हुए। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक हैं।

## अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाई पाबंदी

- दोनों देशों के बीच गहराया व्यापार युद्ध का संकट
- यूएसटीआर ने 429 उत्पादों में से लगभग आधे पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया



वाशिंगटन, 25 मई (एजेंसियां)। चीनी उत्पादों पर निर्भरता कम करने व स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका ने चीन से आयात किए जाने वाले सैकड़ों वस्तुओं पर पाबंदी लगा दी या टैक्स बढ़ा दिया।

अब, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 429 उत्पादों में से लगभग आधे पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया है।

गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के साथ व्यापार युद्ध शुरू किया था। उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 का हवाला देते हुए 300 अरब डॉलर से अधिक के चीनी सामानों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था। कुछ उद्योगों में कंपनियों को राहत देने के लिए, ट्रम्प ने कुछ उत्पादों के लिए टैक्स में छूट भी दी थी। पिछले हफ्ते, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर टैक्स को चार गुना करने और सौर कोशिकाओं, अर्धचालक और अन्य कई सामानों पर टैक्स बढ़ाने की घोषणा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने व्यापार प्रतिनिधि को चीन से 18 अरब डॉलर के आयात पर व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत टैक्स बढ़ाने का निर्देश दिया।

अमेरिकी सरकार द्वारा चीन के सामानों पर पाबंदी लगाए जाने व टैक्स में बढ़ोत्तरी किए जाने के बाद अब दोनों देशों के बीच व्यापार संघर्ष बढ़ने की आशंका है।

अमेरकी कदम के बाद अब चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है और अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामानों पर जहां पाबंदी लगा सकता है, वहीं टैक्स में भी वृद्धि कर सकता है। इससे दोनों देशों के बीच संबंधों के और कटु होने की आशंका है।

## सार संक्षेप

### आम चुनाव मतदान के कारण थोक बाजार बंद

**नई दिल्ली।** आम चुनाव 2024 के तहत राजधानी दिल्ली में मतदान की वजह से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में कारोबार बंद रहा। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ने व्यापारियों से सपरिवार मतदान करने की अपील करते हुए बाजार को बंद रखने की अपील की थी। कारोबारियों के अनुसार सोमवार को सामान्य कारोबार होगा।

### नजारा टेक को चौथी तिमाही में 17 करोड़ का मुनाफा


**नई दिल्ली।** गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया प्लेटफॉर्म कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज की ओर से शनिवार को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए गए। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 17.1 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में हुए मुनाफे 11.9 करोड़ रुपए से 43.6 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में जनवरी-मार्च की अवधि में कंपनी की आय 266.2 करोड़ रुपए रही है। सालाना आधार में इसमें 8 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। यह वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 289.3 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का मुनाफा 21.8 प्रतिशत बढ़कर 74.9 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष में 61.4 करोड़ रुपए था। इस दौरान आय 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1,138 करोड़ हो गई, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में 1,091 करोड़ रुपए थी। नजारा टेक्नोलॉजीज के संस्थापक, सीईओ और संयुक्त प्रबंधक, नितीश मित्तरसैन ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 तेज वृद्धि के लिए मजबूत फाउंडेशन ईयर के तौर पर कार्य करेगा। इस वर्ष हमने आय में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और ईबीआईटीडीए में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### मायप्रोटीन ने सिनामन डानिश इपैक्ट व्हे लॉन्च कर इपैक्ट वीक का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** प्रमुख ऑनलाइन स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन ब्रैंड मायप्रोटीन ने बड़े ही गर्व के साथ इपैक्ट वीक का जश्न मनाया। यह एक एक्सक्लूसिव ऑनलाइन इवेंट हैं, जो अब से 31 मई तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जाएगी, नए प्रॉडक्ट का प्रमोशन किया जाएगा, यूजर्स को खास ऑफर दिए जाएंगे। इसके साथ ही अभिनव प्रॉडक्ट्स भी पेश किये जाएंगे। इस इपैक्ट वीक का सबसे बड़ा आकर्षण इपैक्ट व्हे प्रोटीन सिनामन डानिश की पेशकश है। यह लाजवाब फ्लेवर मायप्रोटीन के महत्वपूर्ण इपैक्ट व्हे की रेंज में नया संकलन है। यह नया प्रोडक्ट पोषण के अलग-अलग तरह के उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प उपलब्ध कराने की ब्रांड द्वारा किये जा रहे निरंतर नवाचार एवं प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं।

# थम सकते हैं खाने-पीने की चीजों के दाम : रिपोर्ट

- कृषि क्षेत्र से सामने आ रहे हैं सकारात्मक संकेतक से बढ़ी उम्मीद
- 2024 में मॉनसून की बारिश सामान्य रहने का अनुमान



**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024 में बाजार की उम्मीदों से ऊपर रही मजबूत वृद्धि के बाद वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भी आर्थिक गति बरकरार रखने के संकेत मिल रहे हैं। अप्रैल 2024 के लिए वित्त मंत्रालय की ओर से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई है।

समीक्षा में कहा गया है, 'जीएसटी संग्रह, ईवे बिल, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, वाहनों की बिक्री, पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स और डिजिटल लेनदेन की संख्या और उसके मूल्य जैसे प्रमुख संकेतकों में तेजी से अर्थव्यवस्था की मजबूती बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।'

वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि खुले बाजार में बिक्री, अनाज के भंडार की निगरानी, दाल आयात और निर्यात पर प्रतिबंध जैसे सरकार के कदमों के कारण आगे चलकर खाने-पीने की चीजों के दाम स्थिर करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

2024 में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून की बारिश सामान्य रहने का अनुमान है, जिससे उत्पादन बेहतर रहेगा और इससे खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव कम होगा, वहीं वित्त मंत्रालय ने अपनी समीक्षा में यह भी कहा है कि भू-राजनीतिक तनाव की वजह से जिंसों के अंतरराष्ट्रीय दाम में तेजी आ सकती है और आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है।

मॉनसून अनुकूल रहने की स्थिति में रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई दर 4.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। अप्रैल की समीक्षा में कहा गया है, 'महंगाई की भविष्य की राह कुछ कारकों पर निर्भर है। कृषि क्षेत्र से सकारात्मक संकेतक सामने आ रहे हैं, जिससे भू-राजनीतिक तनाव और जिंसों के वैश्विक दाम में तेजी जैसी विपरीत परिस्थितियों से उबरने में भारत सक्षम होगा।'


वित्त मंत्रालय ने यह भी कहा है कि विनिर्माण क्षेत्र के क्षमता का उपयोग इस समय दीर्घावधि औसत से ऊपर है, वहीं निजी क्षेत्र की ओर से नए निवेश की घोषणाएं वृद्धि के लिए सकारात्मक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को आने वाले महीनों में मजबूत बाहरी समर्थन मिल सकता है। भारत के औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्रों का प्रदर्शन बेहतर है। इसे घरेलू मांग व आंशिक रूप से संभावित विदेशी मांग से समर्थन मिल रहा है।' इसमें यह भी कहा गया है कि अमेरिका और यूरोप इस समय चाइना प्लस वन रणनीति के तहत आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए नए सिरे से औद्योगीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे भारत के विनिर्माण क्षेत्र को लाभ मिल सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में कहा था कि सरकार की नीतियों का लाभ उठाते हुए निश्चित रूप से भारत के विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने की जरूरत है, जिससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ सके और आत्मनिर्भरता आ सके।

सीतारमण ने कहा, 'कई अर्थशास्त्री राय दे रहे हैं कि भारत को अब विनिर्माण क्षेत्र या विनिर्माण में तेजी लाने पर ध्यान नहीं देना चाहिए। इसके विपरीत मैं कहना चाहूंगी कि विनिर्माण को निश्चित रूप से बढ़ावा देना चाहिए। हमें अपने उत्पादों के विनिर्माण में बेहतरी लाने की जरूरत है।' अप्रैल की समीक्षा में यह भी कहा गया है कि होटल और पर्यटन उद्योग में सुधार, ट्रांसपोर्ट और रियल एस्टेट क्षेत्र में ऋृण का प्रवाह बढ़ने, फिजिकल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक्स में भारी निवेश की वजह से सेवा क्षेत्र में तेजी आएगी।

## चोको वल्लियप्पा को मिला ग्लोबल आउटसोर्सिंग सम्मान

**बेंगलुरु,** 25 मई (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क और बेंगलुरु के सह-मुख्यालय वाली टेक और आईटी सर्विसेज कंपनी वी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और एमडी, चोको वल्लियप्पा को 'आईएओपी लीडरशीप हॉल ऑफ फेम' सम्मान दिया गया है। यह सम्मान इससे पहले एन.आर. नारायण मूर्ति, नंदन नीलेकणि, देवांग मेहता, रमन रॉय और टाइगर त्यागराजन जैसे भारतीय आईटी दिग्गजों को दिया जा चुका है। डेबी हैमिल, आईएओपी के सीईओ की ओर से एक बयान में कहा गया कि आईएओपी, जो कि बिजनेस को दिशा देने वाली एक वैश्विक संस्था है, मानती है कि वल्लियप्पा का आउटसोर्सिंग इंडस्ट्री की दिशा एवं भविष्य तय करने एवं उच्च मापदंड तय करने में काफी योगदान है।वल्लियप्पा की ओर से इस दौरान शनिवार को कहा गया कि 'आईएओपी लीडरशीप हॉल ऑफ फेम' ने मुझे विनम्र बना दिया है। इसने मुझे आउटसोर्सिंग उद्योग के कुछ दिग्गजों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। साथ ही यह सोना ग्रुप के वी टेक्नोलॉजीज और वी हेल्थटीक में काम कर रहे 15,000 पेशेवरों के मजबूत इरादों को दर्शाता है। वल्लियप्पा को यह अवॉर्ड आईएओपी के चीफ एडवाइजर मार्क वोयटेक की ओर से दिया जाएगा। वल्लियप्पा, तमिलनाडु के सोना कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के वाइस चेयरमैन भी हैं। इसी कॉलेज की ओर से इसरो के स्पेस मिशन के लिए स्टेपर मोटर्स उपलब्ध कराए गए हैं। वल्लियप्पा ने आगे कहा कि यह सम्मान मुझे वर्क, क्लासरूम, रिसर्च लैब और समुदाय में समान अवसर प्रदान कर बड़ी चुनौतियों का समाधान करने और इनोवेशन करने के लिए सोना ग्रुप से जुड़े लीडर्स, शिक्षाविदों और युवा शिक्षार्थियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने की प्रेरणा देता है।



# रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची बिजली की मांग

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत की बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

> बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार को करीब 240 गीगावाट पर पहुंची

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है। इसी महीने बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि मई में बिजली की मांग पहले से ही 240 गीगावाट के स्तर के आसपास है, जिसका अनुमान बिजली मंत्रालय ने जून महीने के लिए लगाया था। उन्होंने राय दी कि बिजली की मांग और बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर सकती है।

# चौथी तिमाही में एनटीपीसी का मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़ा

- 2022-23 की समान तिमाही में यह 44,744.96 करोड़ रुपए थी

नई दिल्ली, 25 मई (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी का सकल शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 6490.05 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 4,871.55 करोड़ रुपए के मुनाफे की तुलना में 33.22 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में कुल आय 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 48,816.55 करोड़ रुपए हो गई जबकि 2022-23 की समान तिमाही में यह 44,744.96 करोड़ रुपए थी।

वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का सकल शुद्ध लाभ 2022-23 में 17,121.35 करोड़ रुपए से बढ़कर 21,332.45 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की कुल आय वित्त वर्ष 2023 में 1,77,976.39 करोड़ रुऐ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,81,165.86 करोड़ रुपए हो गई।

एनटीपीसी बोर्ड ने शुक्रवार को अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3.25 रुपए प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की। यह अंतिम लाभांश वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नवंबर में भुगतान किए गए 2.25 रुपए प्रति शेयर की दर से पहले अंतरिम लाभांश और 10 रुपए अंकित मूल्य के 2.25 रुपए प्रति शेयर की दर से दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।

## अशोक लीलैंड का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान शुद्ध लाभ 2022-23 की इसी तिमाही में 799.87 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 17 प्रतिशत बढ़कर 933.69 करोड़ रुपए हो गया।कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि 2022-23 में 1,358.82 करोड़ रुपए की तुलना में 2023-24 में पूरे साल का लाभ लगभग दोगुना होकर 2,696.3 करोड़ रुपए हो गया। परिचालन से राजस्व चौथी तिमाही में मामूली वृद्धि के साथ 13,613.29 करोड़ रुपए हो गया, जबकि 2022-23 की चौथी तिमाही में यह 13,229.50 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल राजस्व 45,931.22 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 41,779.71 करोड़ रुपए था।लक्षित बाज़ारों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वर्ष के लिए निर्यात में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें कहा गया है कि पावर सॉल्यूशंस और रक्षा व्यवसायों ने भी प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है1 कंपनी के बेहतर उत्पाद की पेशकश और इसकी बढ़ती बिक्री और सेवा पहुंच के कारण रिकॉर्ड प्रदर्शन सक्षम हुआ है।

# खेल जगत

## धोनी ने पत्नी और परिवार के लोगों के साथ किया मतदान

**रांची।** क्रिकेट लीजेंड महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार को रांची में मताधिकार का प्रयोग किया। धोनी अपनी पत्नी साक्षी सिंह धोनी, पिता पान सिंह, मां, दोस्त सीमांत लोहानी एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ श्यामली कॉलोनी में जेवीएम स्कूल स्थित बूथ पर वोट डालने पहुंचे। यह बूथ उसी स्कूल में स्थित है, जहां से धोनी ने पढ़ाई की है और जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी। धोनी ने मताधिकार के इस्तेमाल के पहले या बाद में मीडिया से कोई बात नहीं की। उनकी पत्नी ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया। रांची में रहने पर धोनी हर चुनाव में वोट डालने जरूर पहुंचते हैं। धोनी के अलावा भी झारखंड के कई बड़े चेहरे मतदान करने पहुंचे।



### सनराइजर्स और केकेआर के बीच फाइनल मुकाबला आज

# हैदराबाद के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका


### केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद से अपने पिछले पांच में लगातार तीन सहित कुल चार मैच जीते

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 25 मई (देशबन्धु)। हेनरिक क्लासेन के अर्द्धशतक, बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर-शाहबाज अहमद (3/23) और अभिषेक शर्मा (2/24) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) शुक्रवार रात राजस्थान रॉयल्स पर क्वॉलिफायर 2 में 36 रन से जीतने के बाद अब शीर्ष पर रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से चेन्नै में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का फाइनल जीत उससे लीग में बेहद करीबी बड़े स्कोर वाले अपने पहले लीग मैच में चार रन से और क्वॉलिफायर 1 में मिली आठ विकेट से करारी शिकस्त कर हिसाब चुकता दूसरी बार खिताब जीतने के मकसद से उतरेगी।

ट्रेविज हेड (34 ), राहुल त्रिपाठी(37) व हेनरिक क्लासेन के अर्द्धशतक की बदौलत पहले बल्लेबाजी चेन्नई की स्पिन की मददगार पिच पर पहले आमंत्रित किए जाने पर एसआरएच ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में यशस्वी जायसवाल की 21 गेंदों 42 और ध्रुव जुरैल के 56 की तेज पारी के बावजूद शाहबाज अहमद और अभिषेक के स्पिन का जाल बुन आपस मे बांटे पांच विकेट की बदौलत राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवर में सात विकेट पर 137 रन पर रोक अहम क्वॉलिफायर 2 जीतने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद अब बुलंद इरादे से केकेआर के खिलाफ फाइनल में उतरेगी। सनराइजर्स हैदराबाद को यदि फाइनल जीत दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतना है तो हेड, चार चार अर्द्धशतक जड़ने वाले अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन तथा दो अर्द्धशतक जड़ चुके नीतिश रेड्डी को समझबूझ से बड़ी पारियां खेलनी होगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद से अपने पिछले पांच में लगातार तीन सहित कुल चार मैच जीते हैं। ऐसे में अपने मौजूदा सीजन के सबसे कामयाब लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (कुल 20 विकेट) और बल्ले के साथ गेंद से भी धमाल करने वाले 16-16 विकेट चटकाने वाले अपने सदबहार लेग स्पिनर ऑलराउंडर सुनील नारायण और तेज गेंदबाज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के साथ देर से रंग में आने वाले मौजूदा संस्करण के सबसे खिलाड़ी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (15 विकेट) की मौजूदगी में केकेआर का फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भारी नजर आ रहा है। केकेआर के पास हर्षित राणा (12 मैच, 17 विकेट) और वैभव अरोड़ा (9 मैच, 10 विकेट) के रूप में मैच में किसी भी वक्त विकेट चटकाने में सक्षम तेज गेंदबाज फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों की परेशानी बढ़ा सकते हैं। अब खिताबी मुकाबले तक आते आते सनराइजर्स हैदराबाद के एक शतक और चार अर्द्धशतक जड़ने वाले सबसे कामयाब बल्लेबाज ट्रेविज हेड (14 मैच,567रन) और तीन अर्द्धशतक जड़ने अभिषेक शर्मा(482 रन) के अचानक राह भटकने से दूसरी बार खिताब जीतने की हसरत अधर में लटक सकती है।







## हम निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतेंगे : भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का कहना है कि उन्हें रविवार को कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ होने वाले खिताबी मुकाबले में आईपीएल ट्रॉफी जीतने का पूरा भरोसा है। हैदराबाद ने शुक्रवार को क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराकर फ़ाइनल में जगह बनायी। हालांकि वे इससे पहले क्वालीफायर एक में कोलकाता से आठ विकेट से हार गए थे और उन्हें फाइनल में जगह बनाने के लिए राजस्थान से भिड़ना पड़ा। पिछले छह सत्रों में यह पहली बार है कि वे फ़ाइनल में खेलेंगे। पिछले तीन सत्रों में वे प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाए थे। भुवनेश्वर ने खिताबी मुकाबले में खेलने और ट्रॉफी उठाने के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। भुवनेश्वर ने साथ ही कहा कि यह एक अलग अहसास है। हम पिछले तीन सत्रों में प्लेऑफ में नहीं खेले हैं जिस तरह हम इस सत्र में खेल रहे हैं। हमें यह अहसास था कि हम फाइनल में पहुंचेंगे। उसके बाद तो यह सिर्फ एक मैच का मामला रह जाएगा। आईपीएल खिताब जीतना बहुत ख़ास होगा। हर कोई अपने योगदान से खुश है, यह एक शानदार टीमवर्क था। अब हम फाइनल में पहुंच चुके हैं और हम निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतेंगे। राजस्थान के खिलाफ 37 रन बनाने वाले राहुल त्रिपाठी ने कहा कि वह अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मौके का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने इस सत्र में पांच मैच खेले हैं और एक अर्धशतक सहित 156 रन बनाये हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अपने मौके का इन्तजार करना पड़ा। यह मुश्किल था। जब मैं खेल भी नहीं रहा था तब मैं यही सोच रहा था कि कैसे मैं टीम की मदद कर सकता हूं। इस सोच ने मेरी मदद की मेरी तैयारी सकारात्मक थी और जब मुझे मौका मिला मैंने टीम के लिए योगदान दिया।

आईपीएल 2024

## पूरे टूर्नामेंट में आवेश ने दमदार प्रदर्शन किया : संगकारा

**चेन्नई,** 25 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट कुमार संगकारा ने आईपीएल 2024 में अपने पहले सीजन में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारत के तेज गेंदबाज आवेश खान की प्रशंसा की। सीजन की शुरुआत से पहले, राजस्थान रॉयल्स ने आवेश को लखनऊ सुपर जाइंट्स से ट्रेड किया था। आवेश ने प्रसिद्ध कृष्णा और नवदीप सैनी की कमी में 16 मैचों में 27.68 की औसत और 9.59 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट लिए और राजस्थान के लिए एक सफल तेज गेंदबाज रहे। आवेश ने 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए ट्रेवल रिजर्व में भी स्थान हासिल किया है। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सबसे पहले यह वास्तव में अच्छा ट्रेड था जो हमने किया। हमारे पास देवदत्त पडिक्कल को लखनऊ के साथ ट्रेड करने का अच्छा ऑप्शन था। पडिक्कल राजस्थान के एक अच्छे खिलाड़ी थे। उन्होंने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया लेकिन हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत थी, इसलिए हम आवेश की तरफ बढ़े। हम जानते थे कि यह एक अच्छा ट्रेड रहेगा और इस तेज गेंदबाज ने यह अपने प्रदर्शन से साबित भी किया। यही कारण है कि वह भारत के लिए विश्व कप में बतौर ट्रेवल रिजर्व शामिल है। उसके पास एक शानदार लेंथ लाइन है, वह डेथ ओवरों में अच्छा विकल्प है। मुझे लगता है कि वह राजस्थान के लिए अभूतपूर्व रहा है। वह प्रशिक्षण के दौरान खूब मेहनत करता है, वह हमेशा खेल के लिए तैयार रहता है।



सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का न होना एक बहुत बड़ी क्षति थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में अन्य लोग भी आगे आएं और अपना बेस्ट दिया : कुमार संगकारा

क्वालीफायर 2 में सीजन के अंत में अपनी हार के बाद, संगकारा ने स्वीकार किया कि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर का न होना एक बहुत बड़ी क्षति थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में अन्य लोग भी आगे आएं और अपना बेस्ट दिया। संगकारा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा कि यहां तक का सफर राजस्थान के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए अच्छा अनुभव देगा।

मुझे लगता है कि सीजन को देखते हुए रियान पराग और संजू ने जिस तरह से बल्लेबाजी की और जिस तरह से उन्होंने टीम को एकजुट रखा, उसे देखना अद्भुत था। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, मुझे लगता है कि वह जिस भी प्रारूप में खेलेंगे उसमें अभूतपूर्व होंगे। वहीं रविचंद्रन अश्विन ने जो भूमिका निभाई वो शानदार है। युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट संदीप शर्मा, ऐसे कई नाम है जिन्होंने टीम के लिए अपना बेस्ट प्रदर्शन किया है।

## मेरे पिता और युवराज मेरे गेंदबाजी प्रदर्शन से खुश होंगे : अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली,** 25 मई (एजेंसियां)। अभिषेक शर्मा की चौंकाने वाली लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए क्वालीफायर दो में चमत्कार किया और हैदराबाद को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 36 रन से जीत दिलाकर आईपीएल 2024 के फ़ाइनल में पहुंचा दिया जहां उसका मुकाबला कोलकाता नाईट राइडर्स से होगा। अभिषेक ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन (10) और शिमरॉन हेटमायर (4) के विकेट लेकर विपक्षी टीम को करारे झटके दिए जो 176 के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। अभिषेक ने मैच में चार ओवर में 2-24 विकेट लिए। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके पिता और महान आलराउंडर युवराज सिंह उनके गेंदबाजी प्रदर्शन को देखकर खुश होंगे। अभिषेक ने आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में कह कि मेरे पिता बहुत खुश होंगे क्योंकि वह भी एक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज थे। वह मेरी गेंदबाजी पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। मैं जानता हूं कि यदि मैं इसी तरह अपनी गेंदबाजी पर मेहनत करता रहा तो मैं अपनी टीम के प्रति कुछ योगदान दे पाऊंगा क्योंकि मैं खुद में विश्वास रखता हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें टीम के कोचों और कप्तान पैट कमिंस को मनाना पड़ा कि वह उन्हें गेंदबाजी करने की अनुमति दें।



राजस्थान के खिलाफ इस मुकाबले से पहले अभिषेक ने सत्र में केवल तीन ओवर डाले थे। अभिषेक ने कहा कि जूनियर क्रिकेट से मैं काफी गेंदबाजी करता रहा हूं। मैं इस मौके का इन्तजार कर रहा था। यह आसान नहीं था। मुझे अपने कप्तान और कोचों को मनाना पड़ा क्योंकि उन्होंने मुझे ज्यादा गेंदबाजी करते देखा नहीं था। उन्होंने कहा कि जब भी मेरी युवी पाजी से बात होती थी तो वह कहा करते थे कि मैं उनसे बेहतर गेंदबाज बनूंगा। यह बात मेरे दिमाग में थी और मुझे लगता है कि वह मेरे प्रदर्शन से खुश होंगे। फ़ाइनल से पहले अभिषेक चाहते हैं कि हैदराबाद के समर्थक बड़ी संख्या में टीम को सपोर्ट देने चेन्नई में चेपॉक स्टेडियम में पहुंचे।

## सार संक्षेप

### विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**कोबे (जापान)।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का दबदबा कायम है। शनिवार को सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता और भारत के लिए पदकों की बारिश जारी रखी। प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य के साथ चैंपियनशिप का अपना दूसरा पदक जीता। प्रीति ने इससे पहले इसी वर्ग में 200 मीटर में कांस्य पदक जीता था। भारत के नवदीप ने पुरुषों की भाला फेंक एफ41 श्रेणी में सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 42.82 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। शनिवार के पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या छह स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य सहित 17 तक पहुंच गई, जो 2023 की पदक संख्या को पार चुकी है। इस तरह भारत ने इस साल प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

### बॉक्सर नीतू और साक्षी ने पहली बार किया मतदान

**भिवानी।** दुनिया भर में भारत का मान और बेटियों का गौरव बढ़ाने वाली अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नीतू और साक्षी ने भिवानी स्थित धनाना गांव में पहली बार मतदान किया। वोटिंग के दौरान दोनों ने लोगों से मतदान करने और लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लेने की अपील की। पहली बार मतदान करने पर दोनों बेटियों के चेहरे पर खुशी देखी गई। वोट डालने के बाद साक्षी ने कहा कि मैंने आज अपना पहला वोट डाला है। मैं सभी देशवासियों से भी कहना चाहती हूं कि अपना कीमती वोट जरूर करें और अपना प्रतिनिधि चुनें। पसंद के उम्मीदवार को चुनें, पसंद की सरकार बनाएं। नीतू ने कहा कि मैंने अपना पहला वोट डाला है और सभी लोगों से यह अपील करती हूं कि लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लें। देश की मजबूती के लिए अपने मत का सही उपयोग करें।

### सोमदेव देववर्मन ने बोपन्ना के लंबे कॅरियर का खोला रहस्य

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस के दिग्गज सोमदेव देववर्मन ने रोहन बोपन्ना के लंबे करियर के पीछे के रहस्य का खुलासा किया और कहा कि हम उनका एक निर्भीक रूप देख रहे हैं। रोहन बोपन्ना पिछले दो दशकों से भारतीय टेनिस के स्तंभ रहे हैं। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में सोमदेव देववर्मन ने 44 वर्षीय खिलाड़ी की लंबी उम्र के पीछे के रहस्य के बारे में बात की। अर्जुन पुरस्कार विजेता बोपन्ना ने 2002 में डेविस कप में डेब्यू किया था और तब से वह देश में अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। जनवरी 2024 में मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल वर्ग जीतकर वह ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। देववर्मन ने आईएएनएस को बताया कि आप जानते हैं, रोहन के साथ हमेशा दृढ़ संकल्प रहा है।

## जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया



कनिका सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे

**एंटवर्प,** 25 मई (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में बेल्जियम को 4-2 से हरा दिया। भारत के लिए कनिका सिवाच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। भारतीय टीम शुरुआत से ही लय में नजर आई और उसने पहले क्वार्टर में ही दबदबा बना लिया। शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर पर कनिका ने भारत को बढ़त दिला दी। उसी क्वार्टर में कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। भारत ने अपनी लय दूसरे क्वार्टर में भी बरकरार रखी लेकिन इस क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने आधे समय तक 2-0 की अपनी बढ़त बरकरार रखी। तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर सहित कुछ मौके मिले लेकिन भारतीय डिफेंस ने बेल्जियम को रोके रखा। आखिरी क्वार्टर में बेल्जियम ने अपना गतिरोध तोड़ते हुए जल्दी-जल्दी दो गोल दागे और निर्धारित समय में स्कोर बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने 4-2 से बाजी मार ली। भारतीय जूनियर टीम अपना अगला मुकाबला जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा में खेलेगी।

## सिंधु मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में

**कुआलालम्पुर,** 25 मई (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को सेमीफाइनल में हराकर मलेशिया मास्टर्स के महिला एकल फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। एक घंटे 28 मिनट तक चले तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में सिंधु ने थाई शटलर को 13-21, 21-16, 21-12 से पराजित किया। वह पिछले वर्ष मार्च के बाद से किसी टूर्नामेंट में अपना पहला फ़ाइनल खेलेंगी। यह बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में सिंधु का चौथा फाइनल भी है। वर्ष के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कोर्ट पर अपना असली कौशल दिखाने से पहले शुरुआती गेम हार गई। दूसरे गेम में उन्होंने विश्व की दसवें नंबर की खिलाड़ी से बढ़त ले ली। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लड़ाई के बाद और दो अंकों की बढ़त के साथ आधे रास्ते में प्रवेश किया। उन्होंने संयम बनाए रखा और अपनी बढ़त को बढ़ाते हुए दूसरा गेम 21-16 से जीत लिया। निर्णायक गेम में, वह पूरी ताकत से उतरी और अपने प्रतिद्वंद्वी को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। पाला बदलने से पहले सिंधु के पास 11-5 की बढ़त थी जिसे अंत में उन्होंने आठ मैच प्वाइंट तक पहुंचाया। उन्होंने आसानी से गेम 21-12 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सिंधु का अगला मुकाबला रविवार को फाइनल में चीन की वांग झी यी से होगा। मौजूदा एशियाई चैंपियन ने हमवतन झांग यिमान को सीधे गेम में हराकर फाइनल में जगह पक्की की।



सिंधु ने थाई शटलर को 13-21, 21-16, 21-12 से पराजित किया

## युवराज के बाद आफरीदी भी बने टी-20 विश्व कप के ब्रांड एंबेसडर

**दुबई,** 24 मई (एजेंसियां)। आईसीसी ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद आफरीदी को टी-20 विश्व कप का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। शाहिद अफरीदी इस मेगा इवेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर्स की लिस्ट में टी-20 के दिग्गज युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता धावक उसेन बोल्ट के साथ शामिल हो गए हैं। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि छह टी-20 विश्व कप खेलने का अनुभव, जिनमें से दो में कप्तानी संभालने वाले शाहिद आफरीदी का प्रदर्शन शानदार रहा। आफरीदी ने लॉर्ड्स में फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के साथ पाकिस्तान की 2009 की जीत का नेतृत्व किया। उनका अनुभव और विश्व कप में प्रदर्शन सराहनीय है। आफरीदी ने कहा कि वह टी-20 विश्व कप का हिस्सा बनकर खुश हैं और 9 जून को चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए उत्साहित हैं। आफरीदी ने कहा कि मैं 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं। यह खेल में महान प्रतिद्वंद्विता में से एक है और न्यूयॉर्क दो महान टीमों के बीच इस अविस्मरणीय मुकाबले के लिए एक उपयुक्त मंच होगा।

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप एक ऐसा आयोजन है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। उद्घाटन संस्करण में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने से लेकर 2009 में ट्रॉफी जीतने तक, मेरे करियर के कुछ पसंदीदा आकर्षण इस मंच पर प्रतिस्पर्धा करने से आए हैं। हाल के वर्षों में टी20 विश्व कप काफी मजबूत हुआ है और मैं इस संस्करण का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं, जहां हम पहले से कहीं अधिक टीमें, अधिक मैच और यहां तक कि अधिक ड्रामा देखेंगे। अगर शाहिद आफरीदी के टी20 इंटरनेशनल करियर पर नजर डालें तो यह शानदार रहा है। अफरीदी ने 99 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1416 रन बनाए हैं। इसके साथ ही 98 विकेट भी लिए हैं। आईसीसी महाप्रबंधक क्लेयर फर्लांग ने कहा कि आफरीदी दुनिया भर में प्रशंसकों के पसंदीदा हैं। वो युवराज सिंह, क्रिस गेल और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के साथ प्रशंसकों को टूर्नामेंट के करीब लाएंगे। यह अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप होने वाला है। टी20 विश्व कप 1-29 जून तक खेला जाएगा, जिसमें टेक्सास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में उद्घाटन मैच में सह-मेजबान यूएसए का मुकाबला कनाडा से होगा।



मैं 9 जून को भारत बनाम पाकिस्तान मैच देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं : शाहिद आफरीदी